
संत रविदास जयंती आज

प्रयागराज, रविवार, 5 फरवरी, 2023

माघ मास, शुक्ल पक्ष 15, वर्ष 11, अंक 286, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news


# कोई किसी को वॉर्निंग नहीं दे सकता

## कानून मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी को नकारा, बोले-जनता देश की मालिक

प्रयागराज। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी को नकार दिया है। रिजिजू ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है। जबकि यहां कोई किसी को चेतावनी नहीं दे सकता। हम जनता के सेवक हैं, हम संविधान के हिसाब से काम करते हैं। रिजिजू यूपी के प्रयागराज में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जजों की नियुक्ति में हो रही देरी पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने केंद्र को चेतावनी देते हुए कहा कि हमें ऐसा स्टैंड लेने पर मजबूर न करें, जिससे परेशानी हो। इस पर केंद्र ने हलफनामा दाखिल कर बताया था कि सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की नियुक्ति के लिए भेजी सिफारिश अगले पांच दिन में मंजूर हो जाएगी। हालांकि केंद्र ने 24 घंटे की भीतर ही शनिवार को पांचों सिफारिशों को मंजूरी दे दी। रिजिजू ने कहा, 'मैंने देखा कि मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि 'सुप्रीम कोर्ट ने (कॉलेजियम पर) चेतावनी दी है। इस देश के मालिक यहां के लोग हैं, हम सिर्फ सेवक हैं। हमारी गाइड संविधान है। संविधान के अनुसार देश चलेगा। कोई किसी को चेतावनी नहीं दे सकता है। हम अपने आप को इस महान देश के सेवक के रूप में देखते हैं, वह अपने आप में बड़ी बात है। लोगों ने हमें मौका दिया है काम करने का। आप सब प्रिवेलेज लोग हैं, जज-वकील बने हैं...पढ़ लिखकर ही बने हैं। हम खुशकिस्मत हैं कि देश के लिए काम करने के लिए जिम्मेदारी मिली है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसंबर को सरकार से 5 नामों की सिफारिश की थी। इनमें जस्टिस पंकज मिथल चीफ जस्टिस राजस्थान ლउ, जस्टिस संजय करोल चीफ जस्टिस पटना ლउ, जस्टिस पी वी संजय कुमार चीफ जस्टिस मणिपुर ლउ, पटना हाईकोर्ट के जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद ლउ के जस्टिस मनोज मिश्रा का नाम शामिल था।

**जजों की नियुक्ति**

**कॉलेजियम ने जजों के नाम की सिफारिश की थी**

**फिलहाल 27 जजों के साथ काम कर रहा सुप्रीम कोर्ट**



सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने जस्टिस एसके कौल और एएस ओका की बेंच को बताया कि 5 जजों की नियुक्ति का वारंट जल्द ही जारी होगा। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सैंक्शन स्ट्रेंथ उखक समेत 34 है। फिलहाल 27 जजों के साथ काम हो रहा है। पांचों जजों के शपथ लेने के बाद यह संख्या बढ़कर 32 हो जाएगी। जिस कॉलेजियम पर यह पूरा विवाद हो रहा है, वह हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति और ट्रांसफर की प्रणाली है। कॉलेजियम के सदस्य जज ही होते हैं। वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को नए जजों की नियुक्ति के लिए नामों का सुझाव भेजते हैं। मंजूरी मिलने के बाद जजों को अपॉइंट किया जाता है। देश में कॉलेजियम सिस्टम साल 1993 में लागू हुआ था। कॉलेजियम में 5 सदस्य होते हैं। उखकइसमें प्रमुख होते हैं। इसके अलावा 4 मोस्ट सीनियर जज होते हैं। अभी इसमें 6 जज हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की नियुक्ति को हरी झंडी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 5 न्यायाधीशों की नियुक्ति को हरी झंडी दे दी है। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजीजू ने इस बारे में ट्वीट करके जानकारी दी। उन्होंने पांचों न्यायाधीशों को शुभकामनाएं दी हैं। इनमें राजस्थान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पंकज मिथल, पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय करोल, मणिपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पी.वी. संजय कुमार, पटना हाईकोर्ट के जज अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज मनोज मिश्रा शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट कलेजियम ने पिछले साल 13 दिसंबर को शीर्ष अदालत में प्रमोशन के लिए पांच जजों के नामों की सिफारिश की थी। इनकी नियुक्ति में देरी से सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से नाराजगी जताई थी। किरेन रिजीजू ने शनिवार को ट्वीट करके बताया कि भारतीय संविधान के प्रावधान के तहत राष्ट्रपति ने हाईकोर्ट के 5 चीफ जस्टिस और जजों की सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर नियुक्ति की है। इन सभी को शुभकामनाएं।

## 'बोले रे पपिहरा' फेम सिंगर वाणी जयराम की हुई मौत

**नई दिल्ली।** साउथ की फेमस सिंगर वाणी जयराम का शनिवार को चेन्नई में निधन हो गया। वो 78 साल की थीं। पुलिस के मुताबिक, घर पर उनकी लाश मिली है और ये भी बताया जा रहा है कि उनके माथे पर चोट के निशान थे। फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि वाणी ने हाल ही में इंडस्ट्री में बतौर सिंगर अपने 50 साल पूरे किए थे। उन्होंने 18 भारतीय भाषाओं में 10 हजार से ज्यादा गाने गाए थे।

उनका गाया हुआ 'हमको मन की शक्ति देना' आज भी लोगों की जुबां पर है। उन्हें तीन बार नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था और इस साल उन्हें पद्म भूषण से नवाजा जाना था। उनकी मौत की खबर सुनकर फिल्म जगत में शोक की लहर है। नेशनल अवॉर्ड विनर फेमस प्लेबैक सिंगर वाणी जयराम को हाल ही में भारत में तीसरा सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण मिलने की अनाउंसमेंट की गई थी। 4 फरवरी को चेन्नई के नुंगमबक्कम में स्थित घर पर उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट्स हैं कि उनके माथे पर चोट लगी थी। वाणी जयराम ने अलग-अलग इंडस्ट्री के कुछ सबसे बड़े संगीतकारों के साथ काम किया और सदाबहार चार्टबस्टर्स दिए। उन्होंने तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, हिंदी, उर्दू, मराठी, बंगाली, भोजपुरी, तुलु और उड़िया में कई गाने गाए। उन्होंने देश और दुनिया भर में परफॉर्म भी किया था। उन्हें तमिलनाडु, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, केरल, गुजरात और ओडिशा से राज्य पुरस्कार भी मिले।



**शोक की लहर**

**घर में मिली लाश, माथे पर चोट के निशान, पद्म भूषण से लेकर नेशनल अवॉर्ड तक जीते थे**






## सीएम योगी ने यूपी वालों को दिया बड़ा तोहफा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शनिवार को प्रदेश वासियों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी ने सूबे के राजधानी लखनऊ में वीएफएस ग्लोबल वीजा एप्लीकेशन सेंटर का उद्घाटन किया। ऐसे में अब विदेश जाने वाले को वीजा अप्लाई करने के लिए दिल्ली नहीं जाना होगा। बल्कि अब लखनऊ में ही वीजा अप्लाई कर सकते है।

बता दें कि वीजा एप्लीकेशन सेंटर 9 फरवरी से काम करेगा। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि इटली, सऊदी अरब, हंगरी, जर्मनी, नीदरलैंड, क्रोएशिया, ऑस्ट्रेलिया, चेक गणराज्य, पुर्तगाल, स्विट्जरलैंड, सहित कई देशों के वीजा एप्लीकेशन स्वीकार होने शुरू हो जाएंगे, जिससे उत्तर प्रदेश की जनता को भागदौड़ से राहत मिलने वाली है। गौरतलब है कि पहले वीजा अप्लाई करने के लिए दिल्ली जाना पड़ता था। राजधानी लखनऊ में इस सुविधा उपलब्ध होने से प्रदेश वासियों को अब दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा।

**गुड न्यूज**

**अब लखनऊ में ही अप्लाई कर सकेंगे वीजा**



## यूपी बोर्डः परीक्षा के दौरान छात्रों को नहीं उतारने होंगे जूते-मोजे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद 16 फरवरी से दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षा का आयोजन कराने जा रहा है। ऐसे में परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। जिसे लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हालांकि बोर्ड ने इस बार परीक्षाथियों को बड़ी राहत देते परीक्षा के दौरान जूते मोजे नहीं उतारने के निर्देश जारी किए हैं। बता दें कि इससे पहले यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों से परीक्षा के दौरान जूते-मोजे उतरवा दिए जाते थे। हालांकि परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले की तलाशी ली जाएगी। परीक्षार्थी के पास किसी प्रकार की नकल संबंधी कुछ भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं होनी चाहिए। इस बार भी बोर्ड प्रशासन पूरी निगरानी के साथ परीक्षाएं करवायेगा।

## अडानी मामले से देश की छवि पर नहीं पड़ेगा असर

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिया जवाब, रेग्युलेटर्स अपना काम करेंगे

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को एक बार फिर से गौतम अडानी मामले में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने दावा किया कि अडानी समूह के 20,000 करोड़ रुपये का एफपीओ वापस लेने से देश की आर्थिक बुनियाद और अर्थव्यवस्था की छवि प्रभावित नहीं हुई है।


वित्त मंत्री ने मुंबई में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले दो दिनों में ही आठ अरब अमेरिकी डॉलर की विदेशी मुद्रा आई है। वित्त मंत्री से जब पूछा गया कि क्या अडानी के एफपीओ को रद्द करने और वर्तमान स्थिति की वजह से वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति प्रभावित हुई है? इसके जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मुझे ऐसा नहीं लगता है। पिछले 2 दिनों में विदेशी मुद्रा भंडार 8 बिलियन (डॉलर) बढ़ गया है। हमारे मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल या अर्थव्यवस्था की छदि प्रभावित नहीं हुई है।

अडानी मामले पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि रेग्युलेटर्स अपना काम करेंगे। आरबीआई ने बयान दिया, उससे पहले बैंकों, एलआईसी ने बाहर आकर अपने एक्सपोजर (अडानी समूह को) के बारे में बताया। रेग्युलेटर्स सरकार से स्वतंत्र हैं। मार्केट के लिए जो उचित होता है, वह उस पर फैसला करने के लिए स्वतंत्र होते हैं।₹ उन्होंने आगे कहा कि इसलिए रेग्युलेटर्स अपना काम करेंगे। दरअसल, प्रमुख स्थिति में बाजार को अच्छी तरह से रेग्युलेटेड रखने के लिए. सेबी प्राधिकरण है और उसके पास उस प्रमुख स्थिति को बरकरार रखने का साधन है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने अडानी के एफपीओ को वापस लिए जाने पर सवाल किया कि कितनी बार इस देश से एफपीओ वापस नहीं लिया गया है और कितनी बार भारत की छवि इसके कारण खराब हुई है? उन्होंने पूछा कितनी बार एफपीओ वापस नहीं आए हैं?

इससे पहले बुधवार को अडानी एंटरप्राइजेज ने अपने पूरी तरह से सब्सक्राइब किए गए फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) के साथ आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया था। समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने गुरुवार को कहा था कि 20,000 करोड़ के इस एफपीओ के साथ आगे बढ़ना नैतिक रूप से सही नहीं होगा। अमेरिका की शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग ने एक रिपोर्ट में 24 जनवरी को अडानी ग्रुप पर शेयर में हेरफेर और अकाउंटिंग फ्रॉड का आरोप लगाया गया था।

**प्रतिक्रिया**

**पिछले 2 दिनों में विदेशी मुद्रा भंडार 8 बिलियन डॉलर बढ़ा**



## सपा का समाज को बांटने का जहर बेअसर हो गयाः केशव मौर्य

**लखनऊ।** यूपी एमएलसी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की एकतरफा जीत और समाजवादी पार्टी (सपा) की करारी हार पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर ट्वीट कर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, एमएलसी चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत लोगों के भरोसे की जीत है। इसके साथ ही उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए लिखा, सपा पांच एमएलसी सीटों में एक भी नहीं जीत सकी, यह डूबता जहाज है। इसका कोई भविष्य नहीं बचा है। सबका साथ सबका विकास की जीत की एमएलसी चुनाव में जीत हुई है। सपा का समाज को बांटने का जहर बेअसर हो गया है। उन्होंने कहा कि एमएलसी के चुनावों में सपा का सूपड़ा साफ हुआ है। इस चुनाव में भाजपा को पांच में चार सीटों पर शिक्षकों और स्नातक मतदाताओं ने जिताने का काम किया है। जो 2024 का संदेश है। 2024 में सपा समाप्त वादी पार्टी बनकर रह जायेगी। बता दें कि शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से विधान परिषद की पांच सीटों के लिए हुए चुनाव के नतीजे शुक्रवार को घोषित किए गए जिनमें से भाजपा को चार सीटें मिली हैं जबकि एक सीट निर्दलीय के खाते में गई है।

## मुरादाबाद में अखिलेश का बीजेपी पर प्रहार

### बोले-आजम खान पर झूठे मुकदमे लगे, इशारे पर काम कर रहा पुलिस प्रशासन

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि पुलिस प्रशासन भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम कर रहा है। आजम खान पर सब झूठे मुकदमे लगे हैं, अगर पुलिस के अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी बन जाएंगे उनसे आप क्या न्याय की उम्मीद करेंगे?

अखिलेश यादव ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी के लोगों से पूछना चाहता हूं कि एलआईसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और ना जाने कितनी संस्थाओं का पैसा अपने सबसे प्रिय उद्योगपति को लगा दिया। आज कई लाख करोड़ रुपए का घाटा हो गया है। क्या अधिकारियों को जेल भेजा जाएगा? अखिलेश यादव ने कहा, जब से बीजेपी की सरकार आई है। अन्याय लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रशासन बीजेपी के इशारे पर काम कर रहा है, कई जगहों पर उनका कार्यकर्ता बनकर काम कर रहा है। मेरे एक पूर्व प्रत्याशी को कल रात पुलिस पकड़ कर ले गई और अब कोई फोन नहीं उठा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा, मैं भाजपा से पूछना चाहता हूं कि एलआईसी, एसबीआई में जो जनता का पैसा है उसे आपने अपने पसंदीदा उद्योगपति को दे दिया, क्या आरोपियों पर कार्रवाई होगी? आम लोगों का पैसा चला गया और सरकार कहती है कि हम निवेश लाएंगे। समाजवादी पार्टी के लोगों पर झूठे मुकदमे लगे हैं। ये भारतीय जनता पार्टी ने जो नई परंपरा चलाई है यह लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर रही है। लोकतंत्र में यह स्वस्थ व्यवहार नहीं है कि आप अपने पॉलिटिकल लोगों पर झूठे मुकदमे लगाएं। रामपुर में पुलिस ने लोगों को वोट डालने के लिए निकलने नहीं दिया, क्या लोकतंत्र में ऐसे चुनाव होता है? भाजपा से जनता बहुत निराश है। यह बजट सरकार का विदाई बजट था। इसके बाद सरकार की विदाई तय है। भारतीय जनता पार्टी के लोग कागज लेकर घूमते हैं अगर कोई टाई पहने, सूट पहने दिख जाए उससे एमओयू कर लेते हैं। 5 लाख करोड़ रुपए का निवेश तो जमीन पर पहुंचा नहीं अब न जाने तैयारी है कितने लाख करोड़ रुपए की। क्या यह जमीन पर पहुंचेगा?

**आरोप**

**पार्टी के लोगों से पूछा एलआईसी, एसबीआई का पैसा अपने सबसे प्रिय उद्योगपति को दिया, कई लाख करोड़ का घाटा हुआ**



## राहुल के करीबी को ईडी ने उठाया

**पूछताछ**


**मनी लॉड्रिंग मामले में बयान रिकार्ड**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के करीबी सहयोगी अलंकार सवाई से पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। धन शोधन के इस मामले में ईडी ने हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता साकेत गोखले को गुजरात से गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि सवाई से इस सप्ताह की शुरूआत में तीन दिन तक पूछताछ की गई। उसे अहमदाबाद में गोखले के साथ बैठाकर भी पूछताछ की गई। पूर्व बैंकर सवाई को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का करीबी माना जाता है। ऐसा बताया जाता है कि वह राहुल गांधी के शोध दल की अगुवाई करते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने 25 जनवरी को 35 वर्षीय गोखले को गिरफ्तार करने के बाद सवाई को समन भेजा था। गोखले को उस समय गिरफ्तार किया गया था, जब वह इंटरनेट के माध्यम से लोगों से धन जुटाने (क्राउड फंडिंग) में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में गुजरात पुलिस की हिरासत में थे। ईडी ने उस दिन गोखले को रिमांड पर दिए जाने का अनुरोध करते हुए अहमदाबाद की एक अदालत को बताया था कि जब गोखले से एक साल से अधिक समय में उनके बैंक खाते में जमा कराए गए करीब 23.54 लाख रुपये के बारे में पूछा गया तो गोखले ने बताया था कि यह पैसा सोशल मीडिया संबंधी काम और अन्य काम के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अलंकार सवाई ने दिया था।



## मासूम से दुष्कर्म-हत्या के दोषी को कोर्ट ने दो माह में सुना दी फांसी की सजा

**लखनऊ।** सिटी फॉरेस्ट में चार साल की मासूम बच्ची की हत्या करने के बाद उसकी लाश के साथ भी दुष्कर्म करने के मामले में दोषी सोनू गुप्ता (20) को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। अदालत ने सोनू को कल ही दोषी करार दिया था। उसने कोर्ट में कुबूल किया कि यह दरिंदगी उसने ही की थी। सिटी फोरेस्ट के पास ही अपने घर के बाहर चबूतरे पर खेल रही बच्ची को वह उठाकर ले गया था। मामला साहिबाबाद थाना क्षेत्र का है। घटना दिनांक 1 दिसंबर 2022 की है। विशेष लोक अभियोजक संजीव बखारवा ने बताया मुकदमा पीड़िता के पिता ने लिखवाया था। एक दिसंबर को बच्ची को उसकी दादी लगभग दोपहर 1:00 बजे स्कूल से लेकर आई थी, परिवार के लोग घर के अंदर खाना खा रहे थे। बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। तभी सोनू गुप्ता ने घर के बाहर से बच्ची का अपहरण कर लिया, सिटी फॉरेस्ट ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या करते वक्त बच्ची की आवाज बंद करने के लिए पास में ही पोट्टी से सने डायपर को उठाकर बच्ची के मुंह में ठूंस दिया था। बच्ची की लाश हत्या के बाद वहीं छुपा दी। मामले में कुल 16 गवाह पेश किए गए। मामले में बहुत मशक्कत के बाद पुलिस द्वारा अभियुक्त सोनू गुप्ता को गिरफ्तार किया गया था। मामले की अंतिम सुनवाई पोक्सो कोर्ट अदालत में हुई। सोनू गुप्ता को सजा दिलाने में पुलिस द्वारा दिए गए साक्ष्य अहम रहे। अदालत में सोनू गुप्ता की सजा पर सुनवाई के लिए मृतक मासूम बच्ची का पूरा परिवार मौजूद था। पीड़िता के पिता, मां और दादी अदालत से सोनू गुप्ता के लिए फांसी की गुहार लगा रहे थे। अदालत में पीड़िता की मां फूट-फूटकर रो रही थी, वहीं पीड़िता की 3 साल की छोटी बहन अदालत में अपनी बहन को ढूंढ रही थी।



**त्वरित न्याय**

**साहिबाबाद के सिटी फॉरेस्ट में उठा ले गया था दरिंदा, फूट-फूटकर रोई बच्चे की मां**

### मैं हिंदू धर्म में पैदा हुआ, यह मेरे बस में नहीं था : मौर्य

**लखनऊ।** रामचरितमानस पर विवादित बयान देकर चर्चा में आए समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता और एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने शनिवार को फिर से ट्विटर सियासी हलचल मचा दी है। उन्होंने सिलसिले वार दो ट्वीट कर लिखा, "कदम-कदम पर जातीय अपमान की पीड़ा से व्यथित होकर ही डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि 'मैं हिंदू धर्म में पैदा हुआ यह मेरे बस में नहीं था, लेकिन मैं हिंदू होकर नहीं मरूंगा, ये मेरे बस में है।' फलस्वरूप सन 1956 में नागपुर दीक्षाभूमि पर 10 लाख लोगों के साथ बौद्ध धर्म स्वीकार किया"। इसके साथ ही उन्होंने एक ट्वीट किया और इसमें लिखा कि तत्कालीन उपप्रधानमंत्री, बाबू जगजीवन राम द्वारा उद्घाटित संपूणार्नंद मूर्ति का गंगा जल से धोना, तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के रिक्तोपरांत मुख्यमंत्री आवास को गोमूत्र से धोना व राष्ट्रपति कोविंद जी को सीकर ब्रह्मामंदिर में प्रवेश न देना शूद्र होने का अपमान नहीं तो क्या?

## शरजील इमाम को बनाया 'बलि का बकरा'

### कोर्ट ने कहा-असहमति जताने वालों और दंगाइयों के बीच की रेखा को धुंधला नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** जामिया मिलिया इस्लामिया में हिंसा से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस को मुंह की खानी पड़ी है। एक लोकल कोर्ट ने मामले में शरजील इमाम, सफूरा जरगर, आसिफ इकबाल तन्हा और आठ अन्य आरोपियों को डिस्चार्ज कर दिया। कोर्ट ने शनिवार को कहा कि दिल्ली पुलिस हिंसा के 'असली गुनहगारों' को पकड़ने में नाकाम रही। अदालत ने कहा कि पुलिस ने 'उन्हें (आरोपियों) को बलि का बकरा जरूर बना दिया।' अभियोजन पक्ष को फटकार लगाते हुए ऐडिशनल सेशंस जज अरुल वर्मा ने कहा कि पुलिस ने मनमाने तरीके से, प्रदर्शनकारी भीड़ में से जिसे चाहा उसे उठा लिया। कुछ को आरोपी बनाया और बाकी पुलिस के गवाह बने। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ धरना-स्थल पर मौजूदगी होने से आरोपी नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने कहा कि ऐसा लगता है कि अभियोजन उनके (आरोपियों) पीछे पड़ गया है। कोर्ट ने कहा कि इन लोगों को लंबे वक्त तक ट्रायल से गुजारना देश की न्याय व्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। हालांकि, अदालत ने मोहम्मद इलयास के खिलाफ आरोप तय किए हैं। यह मामला जामिया मिलिया इस्लामिया में दिसंबर 2019 में हुई हिंसा से जुड़ा है। एफआईआर में दंगा और गैरकानूनी प्रदर्शन की धाराएं लगाई गई थीं। इस मामले में बरी होने के बावजूद शरजीम इमाम अभी जेल में ही रहेंगे। उनके खिलाफ 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़े मामलों में भी कई एफआईआर दर्ज हैं। इन्हीं दंगों की साजिश से जुड़े मामलों में स्पेशल केस ने तन्हा और जरगर को भी आरोपी बनाया है। दिल्ली पुलिस ने मोहम्मद इलयास के खिलाफ 21 अप्रैल, 2020 को चार्जशीट दायर की थी। 11 अन्य आरोपियों के खिलाफ एक सप्लीमेंट्री चार्जशीट भी दाखिल हुई। मामले में तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट 1 फरवरी, 2023 को फाइल की गई। अभियोजन पक्ष ने यह साबित करना चाहा कि गवाहों ने कुछ तस्वीरों के आधार पर आरोपियों की पहचान की है। जज ने कहा कि दिल्ली पुलिस नए सबूत पेश करने में विफल रही।

**सख्त टिप्पणी**

**शरजील इमाम को बरी करते हुए कोर्ट की टिप्पणी, पुलिस की कार्रवाई पर उठाया सवाल, सफूरा जरगर समेत 11 आरोपी बरी**



## संक्षेप

### मोटर साइकिल फिसलने से सड़क पर गिरकर युवक की मौत

**फाफामऊ।** थाना क्षेत्र के रंगपुरा टाटा कंपनी के पास बाइक से दवा लेने जा रहे युवक की सड़क पर मोटरसाइकिल फिसलने से सड़क पर गिरे जख्मी युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। युवक की मौत की जानकारी जैसे ही उसके परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस के मुताबिक रंगपुरा गांव का राजकुमार 18 वर्ष पुत्र कमला शंकर शनिवार को करीब चार बजे मोटरसाइकिल से फाफामऊ दवा लेने जा रहा था। जैसे ही वह रंगपुरा टाटा कंपनी के पास पहुंचा तभी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसल गई। मोटर साइकिल फिसलने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास के लोगों ने फाफामऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाए जहां पर देर शाम उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की जानकारी जैसे ही घर वालों की हुई तो घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# दस्तक अभियान के तहत निकली स्वच्छता रैली, गृहणियों को किया जागरूक

**स्वच्छता रैली**

**अधिशासी अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ**

**सफाई कर्मियों ने घर-घर दस्तक देकर गृहणियों को किया जागरूक**


लालगोपालगंज में स्वच्छ भारत मिशन के तहत जन जागरूकता रैली निकालते सफाई कर्मचारी

**लालगोपालगंज।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्थानीय कस्बा में दस्तक अभियान चलाया गया। नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारियों इरशाद दर्जनों सफाई कर्मियों ने जन जागरूकता रैली निकाली। मुख्य मार्गों पर दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया, आवासी क्षेत्रों में घर-घर दस्तक देकर गिलहरियों को नालियों और सड़कों पर कूड़ा फेंकने पर रोक लगाते हुए उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

लालगोपालगंज क्षेत्र में नगर पंचायत के कर्मचारियों साफ-सफाई के प्रति जन- जागरूकता रैली निकाली। जेठवारा मार्ग, बड़ौदा मार्ग, काली जी मंदिर रोड, पुलिस बूथ तिराहा का भ्रमण कर दुकानदारों को दस्तक अभियान की जानकारी दी गई। सफाई कर्मियों ने आवासीय क्षेत्र में भी स्वच्छ भारत मिशन के तहत गृहणियों व अन्य लोगों को जागरूक किया। कहा कि घरों और दुकानों से निकलने वाले कूड़े कचरे को इधर-उधर और नालियों में न फेंके। नगर पंचायत द्वारा लगाए गए डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले कर्मचारियों को एवं विभाग द्वारा लगाए गए ई-रिक्शा व अन्य कर्मियों को कूड़ा उपलब्ध कराएं। चेतावनी दी गई कि सड़कों पर कचरा फेंकने पर विभाग द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सफाई कर्मियों ने घरों में भी दस्तक देकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इससे पूर्व अधिशासी अधिकारी संतोष वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रैली का शुभारंभ किया। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक कृष्ण कुमार नागर, रामजी यादव, राम कैलाश यादव, संजय कुमार मौर्य, देवराज मौर्य, अमृतलाल, संतलाल, गणेश कुमार, बीना देवी, सुनीता देवी, अनरसा देवी, जुग्गीलाल, अब्दुल खालिद, रियासत हुसैन, आशु आदि लोग उपस्थित रहे।

## बचत खाता से चालू खाता करने के लिए कहा, कर दिया लोन

**माण्डा।** मांडा थाना क्षेत्र के दलईपुर गांव के बैजनाथ पुत्र लाल बहादुर यादव का खाता पंजाब नेशनल बैंक में मांडा खास ब्रांच में है जोकि वह डेरी का व्यवसाय करते हैं बचत खाता होने के कारण उनको निरंतर समस्या का सामना करना पड़ता है इसको लेकर के ब्रांच मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक मांडा खास को कहा लेकिन उन्होंने ओटीपी पूछ कर के चार लाख का पर्सनल लोन कर दिया जब उन्होंने 2 फरवरी को स्टेटमेंट निकलवाया तो उन्हें जानकारी हुई कि उनका लोन कर दिया गया है जब यह बात उन्होंने मैनेजर से कहीं तो मैनेजर आनाकानी करते रहे लेकिन कई बार प्रार्थना करने के बाद मैनेजर ने लोन की प्रोसेसिंग बंद कर दी जिसमें प्रोसेसिंग चार्ज ?2505 रुपए काट लिया गया जिससे क्षुब्ध होकर के बैजनाथ ने अपनी शिकायत थाना मांडा व मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर दी पंजाब नेशनल बैंक मैनेजर का यह रवैया ग्राहकों प्रति निराशा जनक है।

## मैजिक पर लदा तीन लाख का साबुन चोरी, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**चोरी**

**मऊआइमा के जोगापुर फोरलेन पर हुई वारदात, मुकदमा दर्ज**

**मऊआइमा।** टाटा मैजिक पर कानपुर से लाद कर 635 पेटी डिटाल साबुन लेकर आया मऊआइमा के जोगापुर एजेंसी के सामने खड़ी कर के तिरपाल एवं रस्सा से बांध कर चालक सो गया। सुबह उठा तो तिरपाल और रस्सा कटा था। तथा 635 पेटी तीन लाख कीमत का साबुन चोरी हो गया। चालक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर निवासी मदन कुमार पुत्र रामनरेश के पास टाटा मैजिक का चालक है। मदन कुमार के अनुसार वह गांव सचेण्डी कानपुर से अपने वाहन पर 635 पेटी डिटाल साबुन जिसका मूल्य लगभग तीन लाख था। मदन कुमार के अनुसार वह मऊआइमा के अभिषेक एजेंसी के प्रोपराइटर गुलाब चन्द्र केसरवानी सुलतान खास जोगापुर फोर लेन पर रात लगभग ग्यारह बजे वाहन खड़ी कर के तिरपाल लगा कर रस्सा से कस कर बांध दिया। सुबह देखा तो रस्सा कटा था तिरपाल हटा था। वाहन पर लदा 635 पेटी डिटाल साबुन जिसका मूल्य तीन लाख था। अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। सघन तलाशने पर जब कहीं कुछ नहीं पता चला तो मदन कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। लोगों को आश्चर्य इस बात पर है कि जहां से साबुन चोरी हुई है वह स्थान जोगापुर मंडी के पास है जहां बुधवार और शनिवार को छोड़ कर प्रत्येक रात दिन वाहनों से सब्जियां उतरती है। सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहते हैं। हर समय वाहनों का अवागमन रहता है।

## जमीन खरीदकर धोखाधड़ी करने वाले चार लोगों के खिलाफ एफआईआर

**लालगोपालगंज।** बैंक का चेक देकर धोखाधड़ी से जमीन का बैनामा करने के बाद, कूट रचित और छल करके चेक वापस ले लिया। अब पीड़ित भूस्वामी को नगद धनराशि देने में इला वाली कर रहा है। रुपए मांगने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने वालों के विरुद्ध नवाबगंज पुलिस ने कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई कर रही है। एफआईआर के आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है।

लालगोपालगंज कस्बा स्थित दनियालपुर निवासी एखलाक अहमद पुत्र अब्दुल मुहीद उर्फ लल्लन वह सोरांव तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि वह आराजी संख्या 4410 रकबा 0.16 20 हे. मि. का सा खातेदार है। बताया कि वह अपने भूखंड के अंश से 111.60 वर्ग मीटर का बैनामा गुलशन बानो पत्ती सरवर निवासी दनियालपुर को तयशुदा धनराशि रुपए दो लाख प्राप्त कर बैनामा करने की बात की गई। आरोपितों ने कूट रचित ढंग से दो लाख का बैंक चेक देकर बैनामा करा लिया। बाद में पीड़ित के साथ छल करते हुए नगद रुपए देने की बात कह कर चेक वापस ले लिया। पीड़ित विश्वास करते हुए दो लाख धनराशि का चेक क्रेता को दे दिया। परंतु क्रेता नगद रुपया नहीं दे रहा। मांगने पर हिला हवाली करता है। आरोप लगाया कि रुपए मांगोगे तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे की धमकी दी जाती है। पीड़ित की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहसील संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी अधिकारी ने नवाबगंज पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। अधिकारियों के निर्देश पर नवाबगंज पुलिस ने भूमि क्रेता गुलशन बानो, मोहम्मद सरवर, सरफराज, अरशद के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## भाई की जमीन हड़प कर दी जान से मारने की धमकी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** भाई की जमीन को एक भाई और उनके पुत्रों ने हड़प कर जान से मारने की धमकी दी। भुक्भोगी ने अपने सगे भाई और भतीजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना के लोकापुर विश्वानी गांव निवासी सन्त लाल यादव पुत्र स्वर्गीय जिया राम का आरोप है कि उसका कोई संतान नहीं है। वह निःसंतान है एक मात्र पुत्री पूजा है। सन्त लाल का आरोप है कि उसके भाई और भतीजों ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर उसकी सारी जमीन कब्जा कर लिए। संतलाल ने मऊआइमा थाने में अपने सगेभाई रामचन्द्र तथा भतीजे सुनील कुमार, सुधीर कुमार, सत्येन्द्र कुमार, शैलेंद्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर मचाया धमाल

**वार्षिकोत्सव**

**शिक्षा से ही समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है : मान सिंह**




वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे व कार्यक्रम का आनंद उठाते लोग

**उरुवा।** शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम कार्य करती है। यह बातें मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे सदस्य विधान परिषद मान सिंह ने शनिवार को उरुवा विकास खंड क्षेत्र के रामनगर गांव स्थित एस डी पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। बताया कि राजनीति और समाज एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद मान सिंह, विधायक प्रतापपुर विजमा यादव और मेजा विधायक के साथ दर्जनों मंचासीन लोगों को सरस्वती प्रतिमा तथा अंगवस्त्रम और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं विधायक प्रतापपुर विजमा यादव ने कहा कि अनुशासन के बगैर कुछ नहीं होता, बच्चे घर के बाद विद्यालय से ही अनुशासित होते हैं। इसके पूर्व एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर समारोह की शुरूआत की। इसके बाद विद्यालय की छात्र छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर धमाल मचा दिया। विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना 'वर दे वर दे मां,स्वागत गीत 'हाथ मे लेकर सुमन की मनिका, हम स्वागत करें श्री मन का' तथा मोहक नृत्य,गीत एवं अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर अपना जलवा बिखेरते हुए हजारों की संख्या में उपस्थित अभिभावकों,अतिथियों तथा ग्रामीणों का मन मोह लिया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति लोक गीत 'अइसन गौरवशाली देशवा हमार बा,देशवा महान ब हो', पिरामिड स्टंट तथा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ड्रामा 'जल ही जीवन है' और नृत्य नाटिका 'बेटी हमारे देश की कितनी महान है' सहित अनेक कार्यक्रमों को देखकर लोगों ने खूब तालियां बजाई। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश सरकार के शासकीय अधिवक्ता रामेश्वर शुक्ल ने कहाकि बच्चों में प्रतिभा का निखार विद्यालय द्वारा कराए गए समारोह के जरिए ही आता है। इन्हीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भारतीय संस्कृति की छवि झलकती है। अध्यक्षता कर रहे श्री शुक्ल कई बार विद्यालय की छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन करते रहे। समारोह का संचालन विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट नीरज सिंह यादव ने किया। विद्यालय के संस्थापक यशवंत सिंह यादव, प्रबंधक नीरज सिंह यादव व निदेशक पंकज सिंह यादव तथा ग्राम प्रधान संगीत यादव ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रमुख रूप से रामनगर निवासी नायब तहसीलदार रायबरेली कुमारी सत्याराज यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि उरुवा भोला गौतम, पूर्व प्रधान डीहा लल्लन यादव, चेयरमैन सिरसा श्याम कृष्ण यादव उर्फ पप्पू, युवा सपा नेता नितेश तिवारी, भूतपूर्व सैनिक सुरेश नारायण शर्मा, डॉ. विजय बाबू यादव, जी एन शर्मा, इंद्रेश यादव, विश्वम्भर नाथ पटेल, विजयराज यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विश्व कैंसर दिवस पर गोष्ठी का आयोजन



विश्व कैंसर दिवस पर लोगों को जागरूक करते हुए

**नैनी।** शनिवार को आर0 के0 स्कूल आफ नर्सिंग मवैया, नैनी, प्रयागराज द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग कार्यवाहक प्राचार्या मरियम शेफाली दास ने छात्र-छात्राओं को विश्व कैंसर दिवस के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि विश्व में आज ही के दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिये विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है उन्होने कहा कि विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित संस्थाध्यक्ष डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी जी ने छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुये कहा कि सन 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विटजरलैंड मे जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया। वर्तमान में दुनिया भर में हर साल 76 लाख लोग कैंसर से दम तोड़ते हैं जिनमे से 40 लाख लोगों की समय से पहले 30 से 69 वर्ष की आयु में मृत्यु हो जाती है। इसलिये समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करना है।

उक्त कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त प्रबंध निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी विधि प्राचार्य डॉ0 मुहम्मद जफर रजिस्ट्रार अनुज शुक्ला एवं नर्सिंग की समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### रेलवे फाटक के पास ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**माण्डा।** मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया रेलवे फाटक पर ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। शुक्रवार रात लगभग ग्यारह बजे कृष्णावतार सिंह पुत्र स्व०राम दुलार सिंह उम्र लगभग 65 वर्ष जिसका रात में ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई जिसमें गेट मैन के फौती सूचना पर दिघिया चौकी प्रभारी ने शव? को कब्जे में ले लिया सुबह उनके परिजनों को जब मालूम हुआ तो वह आये और उनके पुत्र राहुल ने पहचान पुष्टि की इनके एक पुत्र संदीप भी है और पत्नी मृतक हो चुकी है। जब यह सूचना परिजनों को हुई तो परिजन रोते बिलखते आयें इनका कुछ महीने पूर्व ही कैंसर का आपरेशन हुआ था। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### छेड़खानी जातिसूचक गाली व मारने पीटने पर मुकदमा दर्ज

**माण्डा।** माण्डा क्षेत्र के कोषडा कलां गांव में बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे वादिनि निशा देवी जंगल में लकड़ी बीनने गई थी तभी अचानक रोहित यादव पुत्र दुखराज यादव निवासी कोषडा कलां थाना माण्डा प्रयागराज ने गलत नियत से पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा जब वादिनी ने विरोध किया तो मार पीट पर आमादा हो गये और कपड़े फाड़ कर लात घुसा से मारते हुए चोटिल कर दिया जिसका वादिनी ने माण्डा थाना में तहरीर दिया जिसमें बृहस्पतिवार को मुकदमा दर्ज कर के थाना माण्डा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माण्डा में प्रारम्भिक चिकित्सकीय जांच कराया गया। इस प्रकरण में क्षेत्राधिकारी मेजा द्वारा विवेचना प्रचलित है।


जीत का जश्न मनाते शिक्षकगण

## एमएलसी प्रत्याशी की जीत पर विद्यालय में मनाया जश्न

**कोरांव।** शिक्षक एमएलसी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी के विजय पर प्रकाश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अयोध्या में जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी व अयोध्या मंडल अध्यक्ष रवि शंकर दुबे द्वारा शिक्षकों का माल्यार्पण कर बधाई दी गई, इस दौरान राजेश्वरी तिवारी ने कहा की शिक्षक समाज ने जिस प्रकार से भाजपा सरकार पर भरोसा जताते हुए भाजपा प्रत्याशी को जिताया है सरकार शिक्षकों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।

इस दौरान चुनाव पोलिंग संयोजक रोहिणी पांडेय सह संयोजक करुणेंद्र श्रीवास्तव अमर बहादुर पटेल समेत विद्यालय के प्रधानाचार्य सूर्यप्रकाश शुक्ल शशी द्विवेदी समेत विद्यालय के अध्यापक मौजूद रहे।

## दो दिवसीय गंगा दूतों का प्रशिक्षण शुरू

**लालगोपालगंज।** नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत दो दिवसीय ग्राम स्तरीय पचास गंगा दूतों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आरके इंटरमीडिएट कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।


गंगा संरक्षण जागरुकता हेतु रैली निकालते गंगादूत

जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने युवाओं नमामि गंगे परियोजना में युवाओं की सहभागिता के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। गंगा संरक्षण के लिए की जा रही जागरूकता गतिविधियों से अवगत कराया। इस मौके पर प्रधानाचार्य वीर सिंह, शास्वत सिंह यादव, अंकित कुमार चौधरी, अमित द्विवेदी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य वीर सिंह ने कहा आज के समय में नदियों का सरंक्षण बेहद जरुरी है। इसलिए हमें नदियों के जल को प्रदूषित होने से बचाना होगा। अमित ने कहा घरेलू कचरे, मृत पशुओं के अवशेष तथा रासायनिक पदार्थो को नदियों में विसर्जित करने से आम जनमानस को रोकना होगा। नदियों को प्रदुषण से बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अंकित चौधरी ने गंगा नदी से जुड़ी विभिन्न विषयों पर बात कही। गंगा में प्रशिक्षक नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान से नीतीश ने नुक्कड़ नाटक, कहानी मंचन के माध्यम से गंगा स्वच्छता के विषय पर बहुत ही रचनात्मक तरीके से गंगा दूतों को बताया। इसके पश्चात वृहद जगरूकता हेतु सोशल मीडिया का सही उपयोग और उसके माध्यम पर गंगा दूतों से चर्चा की। डीपीओ ने गंगा की जैव विविधता एवं उसके संरक्षण पर चर्चा की, बताया पानी में रहने वाले जीव-जन्तुओं की एक विशेषता यह है कि यह जल प्रदूषण को भी रोकते हैं। अंत में सभी गंगा दूतों द्वारा गंगा संरक्षण जागरुकता हेतु रैली का आयोजन भी किया गया।

## व्याख्यान में बताई उद्यमियों को मिलने वाली सुविधाएं


उद्यमियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताते हुए

**नैनी।** उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर समिट 2023 के अंतर्गत शुआट्स में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश सरकार की ओर से इंवेस्टरों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम विजय राजे सिंधिया विश्वविद्यालय ग्वालियर के पूर्व कुलपति प्रो. एके सिंह एक प्रजेंटेशन के माध्यम से इंवेस्टर्स को आमंत्रित करते हुए उन्हें जागरूक और प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्हें सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) के प्रधानाचार्य एसके श्रीवास्तव ने भी इंवेस्टरों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। इससे पहले शुआट्स के डीन डा. विश्वरूप मेहरा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. अमित छत्री, वैज्ञानिक डा. मुकेश आदि उपस्थित रहे।

# रोस्टर के अनुसार दो बार से समाधान दिवस पर अनुपस्थित रहे डीएम साहब

**संपूर्ण समाधान दिवस**

**करछना तहसील सभागार में जिलाधिकारी के आने की सूचना पर फरियादियों की भीड़ रही लेकिन उनके न आने पर उन्हे मायूस होकर लौटना पड़ा**


संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्या सुनते तहसीलदार व अन्य

**करछना।** माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस अब मजाक बनकर रह गया है। बार-बार समाधान दिवस का चक्कर काटने वाले फरियादियों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिससे क्षेत्र से आने वाले फरियादीयों में मायूसी है। शनिवार को करछना तहसील सभागार में जिलाधिकारी के आने की सूचना पर फरियादियो की भीड रही लेकिन उनके न आने पर उन्हे मायूस होकर लौटना पडा। तहसीलदार गणेश सिह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 165 शिकायतें पत्र आए, लेकिन मौके पर एक भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। जिससे फरियादियों को निराश ही लौटना पड़ा। संपूर्ण समाधान दिवस पर सीमा मिश्र घटवा ने पात्रता सूची मे नाम होने के बाद भी आवास से उनका नाम काट दिया गया।इसी तरह हथिगन के तुलसीराम पटेल ने अपनी भूमिधरी जमीन पर निर्माण कार्य कर रहा था कि गाव के ही दबग दरबारीलाल राम अभिलाश व विजय आदि लाठी डडा लेकर काम बन्द कराने की विवाद पर अमादा हो गये।।फत्तेपुर मे सरकारी चकमार्ग को नाप कर अलग किया जाए। समाधान दिवस पर डीपीआरो, बीडीओ देव नायब तहसीलदार, वन क्षेत्राधिकारी रजनीश परमार्थी सहित कई विभागीय अधिकारी व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## योग क्रिया से परीक्षार्थियों में आएगी एकाग्रता : धर्मचन्द्र

**सहसो।** बाजार स्थित सनरोज बीएचएस पब्लिक स्कूल मैं योगाचार्य धर्मचंद ने बच्चों को योगाभ्यास कराते हुए कहा कि परीक्षा के समय में बच्चों का मन अधिकांशतः विचलित रहता है। योग की क्रियाएं जहां एक तरफ शरीर को स्वस्थ रखती हैं वही मन को प्रसन्न एवं एकाग्र भी बनाने में सहायक होता हैं। परीक्षा के दिनों में देखा गया है तनाव प्रमुख बाधा है हड़बड़ाहट में विद्यार्थी जो पढ़ता भी है तो उसे सही रूप में व्यक्त नहीं कर पाता है। जैसे-जैसे परीक्षा के दिन नजदीक आते हैं तनाव बढ़ने लगता है जिसे परीक्षा का बुखार कहते हैं। इससे मुक्ति प्राप्त के लिए योग ध्यान के माध्यम को अपनाकर हम तनाव से बच सकते हैं। इस अवसर पर योगाचार्य ने बच्चों को उत्कटासन ,पद्मासन, कुर्सी आसन ,ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटिचक्रासन के साथ ही प्राणायाम में कपालभाति, भस्त्रिका, अनुलोम विलोम आदि का अभ्यास कराया। अंत में बच्चों को प्रसन्नता के साथ परीक्षा में भाग लेने की सलाह दी



तथा ध्यान का अभ्यास कराया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एलबी यादव ने बच्चों को सलाह दिया कि यदि वे नियमित रूप से योगाचार्य धर्मचंद द्वारा बताए गए योग के अभ्यास करेंगे तो परीक्षा पीरियड में उनका मन शांत रहेगा तथा परीक्षा सफल रुप से दे सकेंगे। मौके पर आर पी यादव, एस सी पाल ,जोरावर सिंह, पंकज यादव, वर्षा सिंह, पूजा केसरवानी, अनुष्का सिंह ,कंचन गुप्ता, वंदना यादव, अंबालिका मिश्रा, क्षमा दुबे आदि रहे।



नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरी तथा मुख्य अतिथि प्रोफेसर आरएस वर्मा द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 24.00 |
| न्यूनतम : | 12.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### ईशा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव आज

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के बाबूगंज स्थित ईशा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं स्थापना दिवस पांच फरवरी को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल होंगे। उक्त आशय की जानकारी आरडी पाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक विजय पाल व प्रधानाचार्या नीलम पाल ने दी।

### गुरुकुल मांटेसरी का सदन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**फाफामऊ।** शांतिपुरम स्थित गुरुकुल मांटेसरी स्कूल में शनिवार को स्कूल परिसर में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं का सदन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयमैन पूर्व आईजी कृपाशंकर के स्वागत में स्कूल के छात्र - छात्राओं ने मार्चपास्ट कर सलामी दी। हेड ब्वॉय रघुराज प्रताप सिंह हेड गर्ल अदिति सिंह ने सदन की हार्दिक गतिविधियों पर अपने विचार व्यक्त किए और उन गतिविधियों से होने वाले लाभ को छात्र - छात्राओं से परिचित कराया। सदन समन्वयक प्रिया मिश्रा और भावना डावरा ने अपने विभागों के सदन कार्यों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके पश्चात वर्ष भर आयोजित विभिन्न अंतर सदन प्रतियोगिताओं में विजई प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। प्राथमिक कक्षाओं में गांधी सदन, उच्च प्राथमिक कक्षाओं में टेरेसा सदन विजई घोषित किए गया। प्राथमिक कक्षाओं में कलाम सदन और उच्च प्राथमिक कक्षाओं में गांधी सदन उप विजेता रहे। स्कूल के निदेशक वीरेंद्र सिंह ने सदन की उपयोगिता और महत्वा पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया कि यह सदन परंपरा विद्यालयीय परिवेश के लिए महत्वपूर्ण है। इससे नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

# खुलासा : दोस्त ने ही की थी अंकित की हत्या, चार गिरफ्तार

**खुलासा**

हत्या के अभियोग में वांछित 04 अभियुक्त थाना झूंसी पुलिस द्वारा गिरफ्तार

घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 लोहे की पाइप व हीटर के टुकड़े बरामद



हत्याकाण्ड का खुलासा करते पुलिस अधिकारी

**प्रयागराज।** 31 जनवरी को अकिंत अग्रवाल निवासी 6-ए पानदरीवा जानसेन गंज थाना कोतवाली जनपद प्रयागराज की हत्या कर दी गयी थी। जिसमें वांछित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना झूंसी में पंजीकृत मु0अ0सं0- 53/2023 धारा 302/34/120 बी भा0दं0वि0 से सम्बन्धित वांछित 04 अभियुक्तों में 1.मनीष उर्फ भीम यादव पुत्र दिनेश यादव मूल निवासी दक्षिणी कोटवा विपार थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज हाल पता नैका महीन थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को टीकरमाफी मोड़ थाना क्षेत्र झूंसी व 2. सुमित केसरवानी पुत्र ईश्वरचन्द्र केसरवानी निवासी नीबीकला थाना झूंसी जनपद प्रयागराज, 3.आकाश जायसवाल पुत्र संतोष जायसवाल निवासी नीबीकला थाना झूंसी जनपद प्रयागराज व 4. रोहित जायसवाल पुत्र अशोक कुमार जायसवाल समस्त निवासी नीबीकला थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को अंदावा क्रासिंग थाना क्षेत्र झूंसी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मनीष उर्फ भीम यादव के जेब से मृतक अंकित अग्रवाल का मोबाइल फोन व निशान देही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 लोहे का पाइप व हीटर के टुकड़े बरामद किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की गयी।

पूंछताछ में अभियुक्त मनीष उर्फ भीम यादव उपरोक्त द्वारा बताया गया कि 29 जनवरी की रात्रि में तिवारी मार्केट में न्यू अग्रवाल के नाम से अंकित अग्रवाल की जूता चप्पल की दुकान है उसी मार्केट में पीछे से एक कमरे में अक्सर मैं और सुमित अंकित के यहा आते जाते थे और खाना पीना भी होता था रविवार का दिन होने के कारण दुकान बन्द थी तो शाम को अंकित मुझे मेरे घर लेने आये उसके बाद उसने सुमित केशरवानी निवासी नीबीकला को फोन करके बुलाया कि दुकान पर आओ सभी लोग पार्टी करते है और मुझे लेकर अंकित दुकान के पीछे वाले कमरे में आ गया थोड़ी देर बाद सुमित अपने साथियों आकाश जायसवाल व रोहित जायसवाल के साथ आया जिनके साथ हम लोग बैठकर शराब दारू की पार्टी किये और बाहर ठेले से बिरयानी व खाने पीने का सामान व पानी की बोतल मंगाया था जिसमें पैसे रुपए देने की बात को लेकर अंकित अग्रवाल की सुमित केशरवानी एवं उनके साथ में आये आकाश जायसवाल व रोहित जायसवाल जो सभी नीबीकला के निवासी है से मारपीट व विवाद हो गया तब अंकित हम सभी लोगों को गाली देने लगा और मुझसे बदत्तमीजी भी करने लगा तब हम सब लोग मिलकर एक राय होकर अंकित अग्रवाल को मारने लगे और कमरे में पड़े हुए स्टील का पाईप राड उठाकर मैं उसके सिर पर मार दिया तो वह वही पर गिर गया तब हम सभी लोग यह देखे कि अंकित मर गया है तो सुमित केशरवानी अपने दोनों साथियो के साथ वहा से अपने घर चला गया और मै भी उसके बाद निकल कर बाहर आया थोड़ी देर बाद मुझे लगा कि मुझ पर कोई शक न करें तो मै उसका मोबाइल लेने उसके कमरे में गया तो कमरे में पड़ा हुआ खाना बनाने वाला हीटर को उठाकर उसके सिर पर पटक दिया था जिससे अंकित अग्रवाल की मृत्यु हो गयी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज, उ0नि0 नवीन कुमार सिंह, चौकी प्रभारी छतनाग थाना झूँसी कमिश्नरेट प्रयागराज, उ0नि0 जितेन्द्र कुमार राजपूत , चौकी प्रभारी रहिमापुर थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज, उ0नि0 अमित कुमार यादव, थाना झूंसी, उ0नि0प्र0 अभय यादव, थाना झूंसी, उ0नि0प्र0 अजीत यादव , थाना झूंसी, हे0का0 राजेश कुमार यादव, थाना झूंसी, का0 राघवेन्द्र सिंह यादव, थाना झूंसी, का0 पुष्पेन्द्र चौधरी, थाना झूंसी, का0 अंकित गुप्ता, थाना झूंसी व का0 बृजमोहन सिंह, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज शामिल रहे।

### गोवंश लदा डीसीएम लावारिस छोड़कर भागे तस्कर

**थरवई।** थाना क्षेत्र थरवई के डेरागदाई गांव के जंगल में शनिवार की सुबह एक डीसीएम में लदे 22 गोवंश मौजूद थे। चालक व गौ तस्कर लावारिस छोड़कर मौके से फरार हो गए। डीसीएम में मिले 8 बैल 7 गाय की मौत हो चुकी थी व 7 गायों को जिंदा बरामद किया गया है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से सभी को डीसीएम से नीचे उतारा। पशु चिकित्सकों की टीम से मृत गोवंश का पोस्टमार्टम कराने के पश्चात जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर दफना दिया गया। घायलों का इलाज पशु चिकित्सक की टीम ने करने के बाद पशु आश्रय स्थल हाजीगंज सोरांव भेज दिया गया। गंगानगर के थरवई थाना क्षेत्र के हाइवे से लगे गांव डेरा गदाई के जंगल में ग्रामीणों ने एक लावारिस डीसीएम ट्रक खड़ा देखकर घटना की जानकारी पुलिस को दी गई सूचना पाकर डीसीपी गंगानगर, एसीपी जंग बहादुर यादव व थरवई पुलिस मौके पर पहुंची जिसमें उसमें 22 गोवंश लदे थे। एसीपी जंगबहादुर यादव ने बताया कि ऐसा लगता है कि गोवंश तस्करो को भनक लग गई थी कि पुलिस उन्हें पकड़ने वाली है इसी डर से वह सब जंगल के रास्ते भागे। ट्रक की बॉडी का पीछे से बगल का हिस्सा टूट गया जिससे उसमे लदे गोवंश ट्रक से बाहर गिरने लगे। यह देख गोवंश तस्कर ट्रक वही छोड़कर भाग निकले। गाड़ी नंबर के अनुसार तस्करों और चालक की खोजबीन की जा रही है।

## भक्ति प्रेम से जागृत हो जाती है कुंडलिनी : परमहंस स्वामी प्रभाकर जी महाराज

एक ही पिता के चार पुत्र ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र



**प्रयागराज।** अन्नपूर्णा मार्ग स्थित गायत्री गंगा चैरिटेबल संस्थान की ओर से लगाए गए शिविर में शनिवार को परमहंस स्वामी प्रभाकर जी महाराज ने बताया कि कुंडलिनी जागृत का सबसे आसान तरीका यही है कि भगवान की भक्ति करिए प्रेम करिए अपने आप कुंडलिनी जागृत हो जाती है। प्रभु इसका एहसास भी कराते हैं आप उस आनंद की अनुभूति करेंगे जिसका आप वर्णन नहीं कर सकते पर गुरु का होना अति आवश्यक होता है वही वर्तमान समय में रामचरितमानस ग्रंथ जलाए जाने तथा सोशल मीडिया पर चल रहे भ्रामक खबरों को लेकर स्वामी परमहंस प्रभाकर जी महाराज ने कहा कि हमारा सनातन जैसा कोई धर्म है ही नहीं एक ही पिता के चार संतान हैं ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र इनका अलग-अलग नाम दे दिया गया है तथा उनके कार्य क्षेत्रों का बंटवारा कर दिया गया। बड़ा भाई भाई ज्ञान बांट रहा है कोई भाई समाज का सेवा कर रहा है कोई इनका भरण-पोषण कर रहा है तो कोई अपने माता-पिता की सेवा भाव में लगा है। यह हमारा सनातन बहुत ही खूबसूरत है इसको अनुभव करने की जरूरत है संगम के रेती से स्वामी प्रभाकर जी महाराज ने विश्व को संदेश देते हुए कहा कि हमारे सब भाई हैं हम मिल जुल कर रहें तभी देश का कल्याण होगा समाज का कल्याण होगा धर्म की रक्षा होगी।

### रामरचित मानस पर उठे सावल की किया निन्दा-

**करछना।** पचदेवरा में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के सदस्यो ने बैठक कर राम चरित मानस पर दिए गये बयान की निन्दा की। इस मौके पर वूमेन वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष कुसुम पांडेय ने कहा कि रामचरितमानस सभी जातियों के लिए पूज्यनीय है। चंद दिनों पहले दो नेताओं ने इसपर गलत बयान देकर पूरे देश का सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ दिया है। विभिन्न इलाकों में इनके खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। हालांकि अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जल्द इन्हें जेल भेजा जाए। वहीं अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के विभाग अध्यक्ष डा. केके शुक्ला ने कहा कि रामायण और रामचरितमानस एक ही रूप है। इसमें सभी पात्र जाति और धर्म से परे एक दूसरे के मददगार रहे हैं। आज स्वामी प्रसाद मौर्य और बिहार शिक्षामंत्री चंद्रशेखर रामचरितमानस की चौपाइयों में दोष खोज रहे हैं। उनके इस कृत्य को जनता कभी माफ नहीं करेगी। सभीपदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर माहौल बिगाड़ने वालों को जेल भेजने की मांग की। इस दौरान प्रमोद तोमर, गजाधर त्रिपाठी, विनोद आदि रहे।

## उमरे के 122 वें प्रबंधन विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन





कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी

**प्रयागराज।** नवीन कुमार, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, प्रयागराज के निर्देशन तथा संतोष बाजपेयी, सहायक उप महाप्रबंधक, प्रयागराज के नेतृत्व में दिनांक 30.01.2023 से 03.02.2023 तक उत्तर मध्य रेलवे के 122वें प्रबंधन विकास कार्यक्रम का सुपरवाईजर प्रशिक्षण केंद्र, लखनऊ में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि यह प्रबंधन विकास कार्यक्रम उत्तर मध्य रेलवे के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों के मध्य प्रबंधन की जानकारियों को बेहतर तथा उनका नवीयन करने, अंतर्विभागीय समन्वय तथा अंतर्विभागीय जानकारियों को अद्यतन करने के उद्देश्य से किया जाता है। सुपरवाईजर प्रशिक्षण केंद्र, लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यालय से 07, प्रयागराज मंडल से 06, झाँसी मंडल एवम कारखाना से 09, आगरा मंडल से 05 तथा कारखाना सिथौली से 02 सहित कुल 29 सुपरवाईजारों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में नीरज श्रीवास्तव, निदेशक, पर्यवेक्षक प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ, अरविंद कुमार अस्थाना, सहायक मंडल इंजीनियर/ इएमएस/आर डी एस ओ/लखनऊ, जितेंद्र कुमार, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (याता), उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, श्रीमती कृष्णा तिवारी, प्राध्यापक (संरक्षा एवं प्रशासन), भारतीय रेल यातायात प्रबंधन संस्थान, लखनऊ, डॉ जे पी रावत, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज, आशीष कुमार अग्रवाल, मुख्य सामग्री प्रबंधक/ निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज, अमित मालवीय, वरिष्ठ जन सम्पर्क अधिकारी/उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज, बी के मिश्रा, सचिव/ महानिदेशक/भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी/ बड़ोदरा, सुश्री प्रीति लता, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/ कारखाना/चारबाग, उत्तर रेलवे, लखनऊ, श्रीमती अंजू सिंह, मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद एवं अन्य व्याख्याताओं द्वारा प्रभावी संचार, उर्जा प्रबंधन, टीम निर्माण एवं नेतृत्व, टेंडर एवं कॉन्ट्रैक्ट्स, रेलवे के प्रति कर्त्तव्य और जनसंपर्क, एचआरएमएस, आर टी आई, समूह व्यवहार एवं स्वास्थ्य प्रबंधन, तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, प्रेरक एवं भावनात्मक बुद्धि विषयों पर व्याखान दिए गए। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षण का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक के साथ पुरस्कार राशि तथा चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना राशि का पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन बी के मिश्रा, सचिव/महानिदेशक/भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी/बड़ोदरा द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण तथा निबंध प्रतियोगिताएं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में उत्तर मध्य रेलवे कार्य अध्ययन सेल के पर्यवेक्षकों मनदीप कुमार, चंद्रप्रकाश राय, अनिल कुमार पटेल का विशेष योगदान रहा।

## गृहकर वसूली में बकायेदारों पर कुर्की कार्यवाही आरम्भ



कांम्प्लेक्स को सील करते अधिकारी

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम, प्रयागराज द्वारा गृहकर वसूली के क्रम में 50,000 से अधिक के बडे. बकायेदारों पर जारी की गयी डिमाण्ड नोटिस पर 15 दिन की अवधि बीत जाने के उपरान्त भी बकायेदारों द्वारा गृहकर न जमा करने के कारण सभी जोन कार्यालय जोन-1 खुल्दाबाद, जोन-2 मुट्ठीगंज, जोन-3 कटरा, जोन-4 अल्लापुर, जोन-5 नैनी , जोन-6 ट्रांसपोर्ट नगर, जोन-7 फाफामऊ, के अन्तर्गत आने वाले वार्डों में कर अधीक्षकों द्वारा प्रस्तावित किये गये भवनों पर कुर्की किये जाने का निर्णय लेते हुए नगर आयुक्त द्वारा दिनांक-29.01.2023 को बड़े सामाचार पत्रों में कुर्की नोटिस की सूचना प्रकाशित करायी गयी। कुर्की नोटिस की सूचना प्रकाशित होने के पश्चात दिनांक 29.01.2023 से 03.02.2023 तारीख के मध्य 16 भवन स्वामियों द्वारा अपने-अपने भवन पर बकाया गृहकर की धनराशि का भुगतान करते हुए कुर्की की कार्यवाही स्थगित करने का अनुरोध किया गया।

सामाचार पत्रों में कुर्की नोटिस की सूचना प्रकाशित होने के उपरान्त भी जिन भवन स्वामियों द्वारा कुर्की नोटिस पर गम्भीरतापूर्वक संज्ञान नही लिया गया, उनपर विधिक कार्यवाही करने हेतु नगर आयुक्त नगर निगम, प्रयागराज द्वारा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी को जोनवार टीम गठित कराते हुये मौके पर पुलिस बल के साथ बकायेदारों के विरूद्ध भवनों के अटैचमेन्ट/सीलिंग की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में दिनांक-04 फरवरी 2023 कुर्की कार्यवाई की निर्धारित तिथि में जोन-3 कटरा, में स्थित भवन संख्या 118ए/5एफ-26 महात्मा गाँधी मार्ग सिविल लाईन्स प्रयागराज के भवन स्वामी- पी0ए0सी0एल0 प्रोपराइटर, राजेश सैनी पर बकाया धनराशि रूपया-39,46,401ॐ00 (उन्तालीस लाख छियालीस हजार चार सौ एक मात्र) के सापेक्ष कुर्की कार्यवाही पर अमल करते हुए कॉम्पलेक्स में स्थित बकायेदार भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर सीलिंग की कार्यवाई करते हुए उसे सील बन्द किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी के नेतृत्व में जोन-3 कटरा के कर अधीक्षक व वसूली टीम के साथ सिविल लाईन्स थाने के पुलिस सब इन्सपेक्टर अजीत सिंह व अमित सिंह पुलिस बल के साथ उपस्थित रहें।

### करछना तहसील मुख्यालय पर लेखपाल की प्रधान ने किया पिटाई

**करछना।** तहसील परिसर करछना के गेट पर लेखपाल नायाब अहमद को लिगदहिया प्रधान एवं भटेरवा प्रधान का भाई द्वारा लेखपाल को तहसील गेट के सामने रोककर मारपीट की और लेखपाल का सरकारी दस्तावेज भी छीन रहे थे और धमकी दी कि तुमको जान से मार दूंगा।लेखपाल ने बताया कि नाली की और रास्ते की नाप को लेकर नाराज जबकि टीम ने नायब तहसीलदार के नेतृत्व मे नाली की नाप की थी और नाली के अवैध निर्माण को रोक दिया था जिससे रोकडी प्रधान के भाई और लिगदहिया गाव के प्रधान नाराज होकर मेरे साथ मारपीट और अबद्रता करते हुए सरकारी कार्य मे अवरोध उत्पन्न करते हुए घटना को अजाम दिया। वही लेखपाल ने इसकी जानकारी एसडीएम करछना नायब तहसीलदार करछना एवं तहसीलदार करछना को दी जिसपर एसडीएम ने थाना प्रभारी को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया है एवं सरकारी काम में बाधा डालने के लिए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जागरूक ही नहीं क्रियाशील भी हो जाना चाहिए : कुलपति संजय श्रीवास्तव



**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए शोध केंद्र परिसर में आयोजित बैठक में कुलपति प्रो० संजय श्रीवास्तव ने रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जागरूक ही नहीं क्रियाशील भी हो जाना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को शनैः शनैः लागू करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति समावेशी है। एक संकाय में रहते हुए छात्र अलग-अलग विषयों का अध्ययन कर सकते हैं, यह अत्यंत लचीली है। एनईपी-2020 हमें वैश्विक परिवेश से जोड़ने के लिए लाई गई है। हमें अपने विश्वविद्यालय में प्रवेश स्तर पर इसे लागू करना होगा। इसके लिए एक ढॉचा तैयार करना होगा। शोध स्तर पर भी इसे लागू करने पर हम विचार कर रहे हैं। व्यावहारिक ज्ञान के लिए भी एनईपी में प्रावधान किया गया है, इन सबके कोर्सेज भी हम तैयार करके इसे फ्रेमवाइज लागू करेंगे। अभी हम दो से तीन क्षेत्रों पर लागू कर सकते हैं। नैक पीयर टीम भी एनईपी के लिए रोड मैप की मांग करती है, इसलिए हमें सम्पूर्ण तैयारी कर लेनी चाहिए। जिससे अनुमति मिलते ही हम क्रेडिट सिस्टम में तुरंत रजिस्टर्ड हो जाएगें। शोध और चार वर्षीय स्नातक के लिए हम कैसे च्वाइस बेस्ड में बदलते हैं इस पर तीव्र गति से कार्य करना है। रोड मैप हमारे पास है 2023-24 से इसे लागू कर सकते हैं। प्रतिकुलपति डॉ० एस.सी. तिवारी ने बताया कि एनईपी-2020 के क्रियान्वयन के क्रम में चार वर्षीय पाठ्यक्रम और एमओयू भी करना पड़ेगा जिससे एबीसी सिस्टम में जाया जा सके। हमें विश्वविद्यालय स्तर पर च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागू करना पड़ेगा। सर्वप्रथम हमे एक समिति बनाकर च्वाइस बेस्ड लागू करना चाहिए तत्पश्चात चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू करना चाहिए। श्री तिवारी ने चार वर्षीय स्नातक और शोध में सर्वप्रथम एनईपी-2020 लागू करने पर बल दिया। डॉ० आर. सी त्रिपाठी ने कहा कि 2024 से हम पीएचडी आर्डिनेन्स के साथ एनईपी लागू कर सकते हैं। पीएचडी कोर्स वर्क के लिए थ्रस्ट एरिया को भी अनिवार्य रूप से शामिल करना पड़ेगा। एनईपी में लाईफ लांग लर्नर का भी प्रावधान किया गया है। डॉ० आर सी त्रिपाठी ने एक माह में रिसर्च आर्डिनेंस उपलब्ध कराने की बात कही।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का जिला सम्मेलन संपन्न



कार्यक्रम में पत्रकारों को सम्मानित करते हुए

**प्रयागराज।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद प्रयागराज का 31 वाँ जिला सम्मेलन शनिवार को शनिवार को माघ मेला क्षेत्र के परेड मैदान में स्थित मंडल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग के पंडाल में संपन्न हुआ। सम्मेलन में जनपद के कई जिलों के पत्रकारों के साथ साथ प्रदेश इकाई के पत्रकारों ने भाग लिया। जिसमें समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले और और लेखक कवि साहित्यकार पत्रकार सहित 51 लोगों को अंगवस्त्र, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद प्रयागराज का 31वाँ जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष व पूर्व वाइस चांसलर प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों का समाज में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है यह लोग समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज बनकर शासन को और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का पुण्य कार्य करते हैं। प्रयागराज जनपद प्रत्येक वर्ष जिला सम्मेलन करवाता है जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम संयोजक और जिलाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद केसरवानी का और कार्यक्रम में आए पत्रकारों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री दिगंबर प्रसाद त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव नागेश्वर सिंह प्रदेश परीक्षक त्रिलोकी नाथ पांडे प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटे लाल चौधरी राजेश अग्रहरी मंडल अध्यक्ष विंध्याचल देवेंद्र नाथ मिश्र, जिलाध्यक्ष मिजार्पुर अमृतलाल अग्रहरी, जिला अध्यक्ष भदोही राम नरेश चौहान, मंडल अध्यक्ष एटा सुधाकर मिश्र, जिलाध्यक्ष सोनभद्र ब्रज भूषण उपाध्याय, जिला अध्यक्ष आजमगढ़ ,राजेश गिरी जिला अध्यक्ष बाराबंकी, रमेश अकेला जिलाध्यक्ष कौशांबी , सीबी तिवारी जिला अध्यक्ष वाराणसी, रंजन त्रिपाठी जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़, सुनील गुप्ता जिलाध्यक्ष फतेहपुर सहित दर्जनों पत्रकारों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया और उक्त लोगों ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री दिगंबर प्रसाद त्रिपाठी, बिपिन बिहारी गुप्ता, शिव मूरत, केसरवानी, राजीव ओझा, लालचंद पटेल, प्रमोद बाबू झा, आलोक गुप्ता, आदि रहे।



जीत पर जश्न मनाते लोग

## बाबूलाल की जीत पर कोहड़ार मंडल में मनाया जश्न

**कोहड़ार।** इलाहाबाद झांसी एमएलसी शिक्षक चुनाव में डॉक्टर बाबूलाल तिवारी की प्रचंड विजय पर कोहडार के कार्यकताओं ने शनिवार को

जश्न मनाया जिसमें कार्यकताओं ने आपस में मिठाईयां बांटी एवं पटाखे बजाये कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्रा, मंडल महामंत्री राजीव द्विवेदी, शक्ति केंद्र संयोजक पवन तिवारी, प्रभारी शिव शंकर मिश्र, रामानुज इंटर कॉलेज के प्रबंधक श्री विनोद मिश्रा राम दुलारी के प्रबंधक रवि शंकर पांडे,बूथ अध्यक्ष गड़ेवरा अश्वनी शुक्ला कोषाध्यक्ष कैलाश केसरी आदि प्रमुख कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। सभी ने बाबूलाल तिवारी को विजय की शुभकामनाएं दी।

## कुआँर पट्टी में अयोजित माँ शीतला कृपा महोत्सव का विशाल भण्डारे के साथ समापन

**भण्डारा**

डीजीएस परिवार के शुक्ल बंधुओं ने सभी सहयोगियों को दिया धन्यवाद



कुआँर पट्टी के सोनाभवन में मां शीतला के दरबार प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु

**मेजा।** कुआँर पट्टी में डीजीएस परिवार द्वारा 29 जनवरी से आयोजित किया गया पाँच दिवसीय माँ कृपा शीतला महोतस्व का शुक्रवार को छठवें दिन विशाल भण्डारे के साथ समापन किया गया। क्षेत्र के कुआँर पट्टी में 29 जनवरी से पाँच दिवसीय माँ शीतला कृपा महोत्सव आयोजित किया गया था 2 फरवरी को पांचवें दिन बाबा बागेश्वर धाम सरकार (धीरेंद्र शास्त्री) के भव्य दरबार के साथ महोत्सव का समापन किया। छठें दिन विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण के बाद डीजीएस परिवार के शुक्ल बंधु सूरजदेव शुक्ल, ब्रह्मदेव शुक्ल, ईश्वरदेव शुक्ल व जनसेवक इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने महोत्सव में सहयोगियों सहित सब का धन्यवाद दिया । उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में गाँव व क्षेत्र के लोग,हमारे मित्रों ने जम कर सहयोग किया जिसके कारण हम इतना बड़ा आयोजन सफल बना सके जिसके लिए मैं सबको दिल से धन्यवाद देता हूँ ।

## संक्षेप

### पड़ोसी को चोरी के शक पर पीटा

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के बसुहार गांव निवासी अमरनाथ ने बताया कि शुक्रवार को पड़ोसी का मोबाइल फोन चोरी हो गया था। पड़ोसी ने चोरी के शक पर गाली-गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर पिटाई कर दी। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ शनिवार को एसपी को तहरीर दी है।

### खाना बनाते वक्त आग से झुलसी महिला

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के हिनौता गांव की मनोरमा देवी पत्नी कैलाश शुक्रवार शाम चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी अचानक उसके कपड़ों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने मनोरमा को घेर लिया। चीख सुनकर पास-पड़ोस के लोग पहुंचे परिजनों ने आग बुझाई। मनोरमा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह करीब 40 फीसदी झुलस गई है।

### पड़ोसी दबंगों ने अधेड़ को पीटा

**कौशाम्बी।** करारी इलाके के फताहीपुर गांव निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि पड़ोसी दबंगों से उसकी रंजिश है। इसे लेकर शनिवार सुबह वह गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा निवासी मो. अजमेरी शनिवार सुबह करारी जा रहा था। दानपुर के समीप पीछे से आए ऑटो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अजमेरी घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि स्थिति खतरे से बाहर है।

### भाजपा उम्मीदवार की जीत पर मनाया जश्न

**कौशाम्बी।** विधान परिषद चुनाव में भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल तिवारी की जीत हुई। समर्थन में रहे शिक्षकों में भी खुशी की लहर है। शनिवार को भरवारी में भाजपाइयों ने जश्न मनाया। शिक्षक करुणेश त्रिपाठी के आवास पर इकट्ठा होकर सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। वीरेंद्र केसरी, रामप्रकाश केसरवानी, अखिलेश कौशल, मनोज केशरवानी, अवनि कृष्ण त्रिपाठी, शिवबाबू केसरवानी, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 94 शिकायतें, सात का निस्तारण

**समाधान दिवस**

### सिराथू तहसील में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्या


आमजन की शिकायत सुनते डीएम, एसपी

**सिराथू, कौशाम्बी।** तहसील सिराथू में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी सुजीत कुमार व एसपी बृजेश आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों को डिफाल्टर होने से पूर्व ही निस्तारित किया जाय तथा शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित किया जाय एवं शिकायतकर्ता से अवश्य सम्पर्क किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 94 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता केशलाल सोनकर, निवासी ग्राम चकबखियारा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा उनकी भूमि पर जबरन निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, सिराथू को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार प्रार्थी सलाहउद्दीन (ग्राम प्रधान) सयारा मीठेपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि ग्रामसभा की भूमि पर गांव के ही दबंग व्यक्तियों द्वारा कृषि कार्य किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, सिराथू को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी राहुल देव भट्ट एवं क्षेत्राधिकारी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## छप्पर में आग लगने से 3 साल की बच्ची जिन्दा जली, मौत

**चरवा।** जनपद कौशांबी के चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बहादुर पुर गांव में करीब 5 बजे अचानक एक छप्पर में आग लगाने से 3 साल की बच्ची जिन्दा जल गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और साथ ही एक गाय आग से बुरी तरह झुलस गई। घटना के समय बच्ची छप्पर में लेटी थी और छप्पर में आचनक आग लग गई आग इतनी भयानक थी की कोई कुछ समझ पाता तब तक सब कुछ जल कर खाक हो चुका था गांव वालों की माने तो जब आग लगी तो केवल चार पांच बच्चे छप्पर के पास खेल रहे थे और कोई भी बड़े परिजन वहा पर मौजूद नही थे इस वजह से आग किन कारणों से लगी इसकी कोई पुष्टि नहीं हो सकी। घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है। गौरतलब है कि बहादुर पुर गांव निवासी राम बाबू पासी मेहनत मजदूरी कर के अपने परिवार का भरण पोषण करता है उसके परिवार में राम बाबू के चार बच्चे जिसमें से 3 बेटे जिनका नाम संदीप, गुड्डू और कुल्लू है और एक बच्ची जिसका नाम नंदनी था जो की इस घटना में जलने से मौत हो चुकी है। इस घटना से राम बाबू और उसके परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सुचना पर पहुंची चरवा थाना पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# स्वच्छ भारत मिशन : ईओ ने कूड़ा गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी


कूड़ागाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते ईओ

**दारानगर, कौशाम्बी।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शनिवार को नगर पंचायत दारानगर में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का शुभारंभ किया गया। अधिशाषी अधिकारी सुभाष चंद्र व राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाध्यापिका अनामिका विद्यार्थी ने चार कूड़ा गाड़ी व 20 ट्राइसाकिल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं ने स्वच्छता स्लोगन व नारों के साथ स्वच्छता रैली निकालकर जनसमुदाय को जागरूक किया। रैली से पहले जीजीआईसी कड़ा में कालेज छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के साथ एक संगोष्ठी कर उन्हे स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र ने छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन का विकास होता है। हम सभी का नैतिक कर्तव्य कि हम सभी स्वच्छता की राह में एक कदम आगे बढ़ाए एवं नगर पंचायत का हर घर कूड़ा करकट सड़क पर ना फेंके। सभी नगर वासी नियमित समय पर आने वाली कूड़ा गाड़ी में ही कूड़े को फेंके ताकि हमारा नगर स्वच्छ रहें और लोग इसकी मिसाल दें। विद्यालय की प्रिंसिपल अनामिका विद्यार्थी ने भी छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्हें अपने घर के साथ साथ पास पड़ोस के लोगों को भी स्वच्छता रखने के प्रति जागरूक करें। इस दौरान जीजीआईसी कड़ा की प्रधानाचार्य अनामिका विद्यार्थी नगर पंचायत के बाबू संगम लाल गुप्ता समेत विद्यालय एवं नगर पंचायत का स्टाफ मौजूद रहा हैं।

# मजबूत संगठन, अटल विचारधारा भाजपा की नींव : सांसद


बैठक में मौजूद लोग

**बैठक**

### काशीराम गेस्ट हाउस में भाजपा जिला कार्यसमिति की हुई बैठक

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्य समिति की बैठक शनिवार को आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि सांसद विनोद सोनकर रहे। इस दौरान एमएलसी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निर्मला पासवान ने कहा कि पार्टी अपनी विचारधारा के प्रति समर्पित रहते हुए मजबूत संगठन के दम पर आज पूरे विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राजनितिक दल के रूप में अपनी पहचान रखी है। इसके पीछे प्रत्येक कार्यकर्ता की अथक मेहनत एकमात्र कारक रहा है।

वहीं राष्ट्रीय मंत्री व सांसद विनोद सोनकर ने मौजूदा सरकार के द्वारा हाल में ही प्रस्तुत किए गए बजट की चर्चा हुए करते हुए कहा कि यह बजट आम लोगों के हितों की रक्षा करता है। इसके साथ देश को विकास के रास्ते में ले जाने का काम यह बजट करेगा। इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्षा, पूर्व विधायक लाल बहादुर चौधरी सहित अन्य तमाम पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## प्रमुख पुत्र पर महिला ने लगाया छेड़खानी का आरोप

### चायल तहसील पहुंच पीड़िता ने अफसरों किया शिकायत

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी एक महिला पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि उसके साथ प्रमुख पुत्र ने छेड़खानी किया है। आरोप है कि छेड़खानी का विरोध करने पर महिला व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। बता दें कि चायल तहसील में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर पीड़ित महिला ने अफसरों को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि प्रमुख पुत्र ने उसके साथ छेडखानी किया, इसकी शिकायत उसने सम्बंधित थाना चौकी पुलिस से किया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। हालांकि समाधान दिवस के मौके पर मौजूद अधिकारियों को जांच कराकर कार्यवाही कराए जाने का आश्वासन दिया है।

# हिंदु धर्म के विरोधी तत्वों के खिलाफ हिंदू जागरण मंच ने सौंपा ज्ञापन

**प्रदर्शन**

### संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय का घेराव कर जताया विरोध



विरोध प्रदर्शन करते हिंदु जागरण के मंच के लोग

**कौशाम्बी।** जिले में हो रहे सनातन विरोधी कार्यो पर प्रशासन किसी प्रकार की नकेल नहीं कस पा रहा है। जिले भर में होमलैंड जेहाद के नाम पर हिंदुओं के जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। यही नहीं जिले भर में ईसाई मिशनरियों के द्वारा अवैध धर्मांतरण के लिए चंगाई सभा में चलाई जा रही हैं। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा भी हिंदू समाज के लोगों को धन के लालच में इस्लाम धर्म स्वीकार कराया जा रहा है। जिले में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं जिन पर अभी तक जिला प्रशासन ने कार्रवाई नहीं किया है। इसी बात को लेकर हिंदू समाज में भारी गुस्सा है। उक्त बातें हिंदू जागरण के मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने शनिवार को जिला मुख्यालय में आयोजित लैंड जेहाद के विरोध में प्रदर्शन के दौरान कही। इतना ही नहीं जिला मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन भी सौंपा गया।

बताया गया कि चायल तहसील क्षेत्र के पेरई में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता गुड्डू पासी कि भूमि पर निसार द्वारा किए जा रहे कब्जे की बात उठाई। इसके साथ उन्होंने करारी में बने मदरसे पर आवाज उठाते हुए कहा कि यह मदरसा पूरी तरह से तालाबी भूमि पर बना है। लेखपाल की रिपोर्ट के बाद भी जिला प्रशासन ने अभी तक इस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किया। इस मौके पर उन्होंने आवाज उठाते हुए कहा कि जिले भर की मस्जिदों से सुबह से देर रात तक अजान की आवाज आती है जबकि हिंदू रूम हिंदू मंदिरों से लाउडस्पीकर को उतार लिया गया है। फिर भी अजान हो रही है जो कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा निदेर्शों का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। इसके साथ उन्होंने जिले भर में 200 जगहों में चल रही इसाई मिशनरियों की चंगाई सभाओं पर आवाज उठाते हुए कहा कि शिकायत के बाद भी यह बंद नही हो रही हैं। इसके साथ उन्होंने जिले में इस्लाम फैलाओ जेहाद पर भी चर्चा की। जिसके तहत उन्होंने बताया कि अभी पश्चिम शरीरा में हाल में ही हिंदू युवक को धन का लालच देकर मुसलमान बना दिया गया जो इसका जीता जगता उदाहरण है। इस मौके पर उन्होंने जिला प्रशासन को चेतावनी देने देते हुए कहा कि यदि 7 दिनों के अंदर इस पूरे मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदू जागरण मंच लखनऊ में मुख्यमंत्री को इस बात की शिकायत करेगा और ज्ञापन देगा। इस दौरान प्रमुख रूप से अवधेश नारायण शुक्ला, प्रकाश दुबे, सर्वेश पटेल, रजत पाण्डेय, शिखर मिश्रा, गुड्डू पासी, बुदनी पासी, चंद्र किशोर मिश्रा, गिरिश मिश्रा, सुनील पाण्डेय, शिवा, पंकज, हिमांशु, नवीन साहू, मिठाई लाल, श्रवण कुमार, झल्लर प्रसाद, राजीव, सुसील गोस्वामी, लवलेश दुबे, रवि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### गुमटी तोड़ सामान उठा ले गए चोर

**चरवा, कौशाम्बी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत ग्राम पहाड़पुर सुधवर में बीती रात पान की गुमटी में चोरों ने हाथ साफ किया। बता दें कि चरवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर सुधवर गांव में कैलाश पुत्र दक्खिनी जो पान की दुकान रख कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। आरोप है कि शुक्रवार की शाम तकरीबन सात बजे रोजाना की तरह दुकान में ताला बंद कर घर चला गया था। सुबह दुकान पहुंचा तो देखा कि उसकी गुमटी का ताला वह गुमटी को तोड़ उसमें मौजूद रही तकरीबन दस हजार की सामाग्री चोर उठा ले गए। घटना देख पीड़ित हैरान हो गया। मामले की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दिया है।

### अन्ना साड़ के हमले से स्कूली छात्र जख्मी

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय गांव में अन्ना साड़ के हमले से स्कूली छात्र जख्मी हो गया। परिजनों ने छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जाता हैं कि सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय निवासी इन दिनों एक अन्ना सांड का आतंक से हैरान हैं। अन्ना साडं आए दिन किसी न किसी को मारकर जख्मी कर देता है। ग्रामीणों ने कई बार सांड को खदेड़ने प्रयास किया लोकिन प्रयास असफल रहा। वहीं इस अन्ना सांड का शिकार एक स्कूली छात्र शाहनवाज पुत्र अयूब हो गया है, परिवारीजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।

# वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के साथ आयोजित हुआ विदाई कार्यक्रम

**कार्यक्रम**

### बच्चे कल के भविष्य है, तो गुरु जन भविष्य निमार्ता : विनोद सोनकर


स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद सांसद

**अझुवा, कौशाम्बी।** कड़ा विकासखंड के परास गांव स्थित हाजी अब्दुल खालिक इंटर कॉलेज में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं इंटर के छात्र छात्राओं की विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक नाथ नाटकों का मंचन किया गया। इस दौरान सांसद श्री सोनकर ने कहा कि काला शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के प्रबंधक व जिला पंचायत सदस्य मुंसिफ अली उस्मानी द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय है। वहीं पर प्रतिभावान बच्चों को प्रतिभा को सम्मानित करते हुए सांसद विनोद सोनकर ने कहा बच्चे देश के भविष्य हैं, तो गुर्जन भविष्य निमार्ता। दोनों एक दूसरे के पूरक है। कार्यक्रम में हमेशा की तरह प्रबंधक मुंसिफ अली उस्मानी के द्वारा विधवा बेसहारे क्षेत्र के गरीब में वृद्ध महिलाओं को कंबल अंग वस्त्र वितरण किया गया। साथ ही सबसे गरीब घर के सदस्यों को मैसेज दो बच्चों को गोद ले करके उनकी शिक्षा-दीक्षा की पूरी जिम्मेदारी उनसे श्री उस्मानी ने लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर, डीपीआरओ, मुन्ना पटेल, सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना नामक नवीन योजना का शुभारम्भ

**कौशाम्बी।** मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश ने मत्स्य पालक कर रहें किसानों के हित में एक नवीन योजना मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना प्रारम्भ की है। योजनान्तर्गत दो परियोजनाएं संचालित की गई हैं। बताया गया कि मनरेगा कनवर्जेन्स अथवा पट्टाधारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गये ग्राम सभा व अन्य पट्टे के तालाबों में मत्स्य उत्पादन हेतु प्रथम वर्ष निवेश यथा मत्स्य बीज, मत्स्य पूरक आहार, जलापूर्ति संशाधन, दवाएं, जाल आदि के क्रय पर अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा दूसरी परियोजना में मनरेगा कनवर्जेन्स अथवा पट्टाधारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गये ग्राम सभा व अन्य पट्टे के तालाबों में मत्स्य बीज बैंक की स्थापना हेतु स्पान, फ्राई, मत्स्य पूरक आहार जलापूर्ति संशाधन, हापा एवं जाल आदि के क्रय पर अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। उक्त योजना में विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना होगा। ऑनलाइन आवेदन सात फरवरी से 16 फरवरी तक किए जा सकेगें। योजना में तालाबों के ऐसे सभी पट्टाधारक आवेदन कर सकते हैं, जिनके पट्टे की अवधि मे 4 वर्ष अवशेष हो। ह्योजना हेतु आवेदक को इकाई लागत ? 4.00 लाख प्रति हे. पर 40 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। एक आवेदक को योजनांतर्गत अधिकतम 2.0 हे. जलक्षेत्र तक लाभ अनुमन्य है योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। योजना के सम्बन्ध में मत्स्य विभाग के जनपदीय, मण्डलीय व जिला कार्यालय से भी किसी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मत्स्य विभाग अधिकार सुनील सिंह ने जिले के मत्स्य पालन करने वाले किसानों से अपील की है कि इस योजना का समय से आवेदन कर लाभ लें।

# आधार सीडिंग न होने पर सम्मान निधि गंवा बैठेंगे 11627 किसान

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से 11 हजार 627 किसान वंचित हो सकते हैं। इन किसानों ने ई-केवाईसी व भूलेख अंकन नहीं कराया है। आधार सीडिंग न होने से इनकी 13 वीं किस्त अटक सकती है। उप कृषि निदेशक ने किसानों को चेतावनी दी है कि वह जल्द से जल्द आधार सीडिंग करवा लें। आधार सीडिंग न होने पर उनकी निधि रोकी जा सकती है।

उप कृषि निदेशक उदयभान सिंह गौतम ने जिले में 2,53,695 कृषकों ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। इनमें से दो लाख 12 हजार किसानों को योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ निरंतर प्राप्त करने के लिए कृषकों को ई-केवाईसी एवं भूलेख अंकन कराना अनिवार्य है। जनपद के 11627 किसानों ने अपने बैंक खाते में आधार सीडिंग नहीं कराया है। यदि आधार सीडिंग न कराई गई तो 13 वीं किस्त रोक दी जाएगी। उन्होंने से कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी, भूलेख अंकन एवं बैंक में जाकर आधार सीडिंग (एनपीसीआई) अवश्य कराएं। जिन कृषकों ने आधार सीडिंग अथवा एनपीसीआई नहीं कराया है। ऐसे किसानों का खाता डाक विभाग में खोलने के लिए 64 ग्रामों में डाक विभाग एवं कृषि विभाग के कर्मियों के सहयोग से कैंपों का आयोजन चार फरवरी व आठ फरवरी को लगाया जाएगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें बदहाल, लोग परेशान


खस्ताहाल सड़कें

**कनैली।** विकासखंड कौशांबी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में कई सड़कें पूरी तरह बदहाल हो गई हैं। इससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। वहीं राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़कों की जर्जर हालत पर स्थानीय लोगों में रोष भी है।

बता दें कि कौशांबी ब्लाक क्षेत्र की दर्जनों सड़कें बदहाल हो गई है इन सड़कों पर जगह-जगह जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। इसके अलावा सड़कों की गिट्टी, डामर समेत उखड़ गई है। नजीर के तौर पर क्षेत्र के गुरौली नहर से बस्ती तालाब गांव तक लंबाई 4 किलोमीटर, बेरौंचा नहर से भैरव बाबा तक 1 किलोमीटर, भीखा गर्ग के पूरा बैरियर से कनैली तक नहर की पटरी 6 किलोमीटर, बड़गांव स्कूल से भट्ठा तक 1 किलोमीटर, नहर से भटवारिया गांव तक 2 किलोमीटर, बिजिया चैराहे से गोहरा मारूफ तक, मुस्तफाबाद गांव से बिदांव तक, बड़गांव भट्ठा से सोंधिया तक, जुगराजपुर मेंन रोड से लाला का पुरा तक, रक्सराई से रक्सवारा तक सहित सड़कें पूरी तरह से बदहाल है। ग्रामीण जर्जर सड़क से आवागमन करने पर मजबूर हैं। बस्ती तालाब के पंकज त्रिपाठी, धर्मवीर सरोज, महेश त्रिपाठी, शंभू तिवारी, श्यामलाल, राजबली, आदि ग्रामीणों के मुताबिक शिकायत के बावजूद विभागीय अफसर एवं जनप्रतिनिधि जर्जर संपर्क मार्गों को दुरुस्त कराने के लिए कदम नहीं उठा रहे हैं।

## विजिया चौराहा में फूंका गया सपा नेता का पुतला

**कनैली, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद कौशाम्बी के तत्वाधान में शुक्रवार को विजिया चैराहा में राम चरित मानस के खिलाफ जो अपमान जनित बयान दिया गया उसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं स्वामी प्रसाद मौर्या को मुदार्बाद के नारे लगाते हुए लोगों ने पुतला भी दहन किया, वहीं सनातन धर्म का जयकारा किया गया। इतना ही नहीं कौशाम्बी परिषद की तरफ से सरकार से मांग की गई कि स्वामी प्रसाद के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके कार्यवाही करें। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद के जिला प्रमुख अजय मिश्रा,सोनू त्रिपाठी, लक्ष्मी तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# विदाई समारोह कार्यक्रम में बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**विदाई समारोह**

### लक्ष्मी देवी इंटर कालेज में कक्षा 10 व इंटर के छात्र-छात्राओं की हुई विदाई


कार्यक्रम के दौरान मौजूद न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष विमलेश शुक्ला व अन्य लोग

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के भडेसर ग्राम सभा स्थित लक्ष्मी देवी इंटर कालेज में शनिवार को इंटर के छात्रों की विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष मौजूद रहे। वहीं विद्यालय के नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि कक्षा 10 व इंटर की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र व छात्राएं इस बात को हमेश ध्यान में रखे कि उन्हें आगे की शिक्षा भी पूरे लगन के साथ लेनी है। और अपने विद्यालय सहित गुरूजनों का नाम रौशन करना है।

मुख्यालय से सटे भडेसर गांव स्थित सूरजपाल लक्ष्मी देवी इंटर कालेज में कक्षा 10 व कक्षा 12 के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष विमलेश शुक्ल व विशिष्ट अतिथि मनोज दुबे व प्राथमिक विद्यालय मुराईन टोला के प्रधानाध्यापक सैयद सरकार मेहंदी रिजवी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद विशिष्ट अतिथि मनोज दुबे ने कहा कि इस विद्यालय से जाने वाले बच्चें आगे भी इसी प्रकार शिक्षण कार्य में लगन के साथ करें। इस मौके पर वाकिफ अखतर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रबंधक अजय कुमार और प्रधानाचार्य कृष्ण मोहन कुशवाहा जगदीश वर्मा चंद्रशेखर मौर्य राजीव कुमार मौर्य सानू अहमद, अमित शुक्ल योगेंद्र सिंह निरंजन चैधरी गुलशेर अहमद तिलक सिंह अनीशा मोर शालिनी पाल मंजीता सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

संक्षेप

### कोटेदार की एसडीएम से की गई शिकायत

**पट्टी।** कोटेदार के खिलाफ घटतौली समेत गंभीर आरोपों की एसडीएम से शिकायत की गई है। एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक को जांच का आदेश दिया है। मामला आसपुर देवसरा विकास क्षेत्र के महुली गांव से संबंधित है। आसपुर देवसरा विकास क्षेत्र के महुली गांव के रहने वाले राजा पांडे पुत्र तीर्थराज पांडे ने एसडीएम पट्टी को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उनके गांव का कोटेदार 2 किलो राशन कम दे रहा है। जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो वह जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करता है तथा भद्दी भद्दी गालियां देता है और अमादा फौजदारी हो जाता है। दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि वह दबंग किस्म का व्यक्ति है। उससे ग्राम सभा के लोग डरते भी हैं पीड़ित ने इस तरह के कई गंभीर आरोप लगाते हुए एसडीएम पट्टी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम पट्टी देश दीपक से हमारी बात हुई थी उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र मिला है। जांच के लिए पूर्ति निरीक्षक को दिया गया है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### घर मे घुसकर मारपीट व जानलेवा धमकी को लेकर आरोपियो पर मुकदमा

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने घर मे घुसकर मारपीट व पीडित को बंधक बनाए जाने तथा धमकी को लेकर दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के नेकनामपुर निवासी स्व. रामदुलारे पटेल की विधवा आशा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि तीस जनवरी को रात करीब साढे ग्यारह बजे बगल के साधौराम जागरा निवासी बृजेन्द्र उर्फ गुडडू तथा पुष्पेन्द्र पुत्रगण राम नारायण दुबे उसके दरवाजे पर पहुंचे। आरोपियो ने गाली देते हुए घर मे मौजूद उसकी बहू से कहा कि घर की तलाशी लेनी है। बहू द्वारा मना किये जाने पर आरोपियो ने उसे मारापीटा। पीडिता की बहू ने घटना की सूचना खेत मे फसल की रखवाली कर रहे अपने पति नीरज पटेल को फोन पर दी। घटना की अगली सुबह इक्तीस जनवरी को नीरज रामपुर बावली मे भी बने आरोपियो के मकान पर पहुंचकर शिकायत की। शिकायत से चिढ़कर आरोपियो ने उसे कमरे मे बंधक बनाकर जमकर मारापीटा। चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग दौडे तो आरोपियो ने गाली देते हुए उसे जानलेवा धमकी देकर छोड दिया। पीडिता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर गुरूवार को आरोपी बृजेन्द्र समेत दो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया गया है।

# शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ करें : जिलाधिकारी

सम्पूर्ण समाधान दिवस

**डीएम ने सदर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें, 08 मामलों का मौके पर किया निस्तारण**


सदर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायत सुनते डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 125 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 125 शिकायतों में से 50 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 41, विकास विभाग से 07, विद्युत विभाग से 15 एवं 12 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुये शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। उन्होने कहा कि समस्याओं का निराकरण गुणवत्तापूर्ण किया जाये ताकि फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जनपद मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवादध्अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम मौके पर जाकर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुये निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त जनसामान्य शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ करें। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कोतवाली नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कोतवाली परिसर के भवनों का देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।


नगर कोतवाली का निरीक्षण करते एसपी

### 72 शिकायतों में सात का निस्तारण, पुलिस लापरवाही पर भड़के सीओ

**लालगंज।** संपूर्ण समाधान दिवस में सतहत्तर शिकायतों मे सात शिकायतो का निस्तारण हुआ। लालगंज तहसील सभागार में हुए समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की पैतीस रही। हालांकि इसमे पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया जा सका। वहीं पुलिस विभाग की भी पचीस मे से दो शिकायतो का अफसरो ने निस्तारण किया। विकास विभाग की सात तथा अन्य विभागों की दस शिकायतें रही। समाधान दिवस में पूरे धर्मराज तुलई के नंदलाल की पत्नी सुनीता देवी ने शिकायती पत्र मे कहा है कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना मे चयनित किया गया था किन्तु राजनैतिक विद्वेष के कारण आरोप है कि उसका आवास एक अपात्र के नाम आवंटित कर दिया गया। एसडीएम सौम्य मिश्र ने लालगंज बीडीओ को प्रकरण की जांच के निर्देश दिये है। वहीं अचकवापुर पुरवारा निवासी ओमप्रकाश यादव ने दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि बीती इक्कीस जनवरी को आरोपियो ने दिनदहाडे उसकी पक्की दीवार को गिरा दिया। विरोध करने पर पीडित के साथ मारपीट की भी घटना हुई। पीडित ने पुलिस पर कार्रवाई न करने की व्यथा सीओ से सुनाई। सीओ रामसूरत सोनकर ने दीवार गिराने का वीडियो देखा तो लालगंज पुलिस पर भडक उठे। सीओ ने घटना को लेकर कोतवाली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। तहसील दिवस का संयोजन तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर लालगंज बीडीओ अश्विनी सोनकर, ईओ पदमजा मिश्रा, नायब तहसीलदार नवल किशोर शुक्ल, सीडीपीओ मनोरमा मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक राज यादव आदि रहे।

## तालाब की मिट्टी खोदकर बेचने का आरोप, जांच के निर्देश

आरोप

**ब्लाक शिवगढ़ के तुलसीपुर गांव का मामला**


मिट्टी ढुलाई में लगे ट्रैक्टर

**प्रतापगढ़।** शिवगढ़ ब्लाक के अंतर्गत तुलसीपुर गांव में तालाब की मिट्टी को खोदकर बेचने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि प्रधान ने इससे इंकार किया है। डीसी मनरेगा ने जांच के निर्देश दिए।

बताया जाता हैं कि गांव के तालाब को सुधारा आ रहा है। इसके लिए जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से मिट्टी खोदकर निकाली जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी को ट्रैक्टर पर लादकर किसी दूसरे के खेत में डाली जा रही हैं। इसके लिए पैसे का खेल हुआ है। इस बारे में ग्राम प्रधान शिव कुमार का कहना है कि मिट्टी बेची नहीं जा रही है। अपितु जमीन को समतल किया जा रहा। चबूतरा बनेगा। जबकि डीसी मनरेगा इंद्रमणि त्रिपाठी का कहना है कि मामला प्रकाश में आया है। जांच के लिए वीडीओ को मौके पर भेजा गया है।

# ट्रेन में दर्शनार्थियों पर हमले से अफरातफरी, तीन हिरासत में

हमला

**प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर एक पक्ष ने किया हमला**

**एक का खून बहा, कई चोटहिल, शिकायत लेकर जीआरपी थाने पहुंचे पीड़ित**


हमले के बाद जुअी यात्रियों की भीड़

**प्रतापगढ़।** बाबा बैजनाथ धाम दर्शन करके लौट रहे दर्शनार्थियों पर ट्रेन में लोगों ने हमला बोल दिया। इस हमले में एक युवक का खून बहा। बाकी को मामूली चोट आई है। इस घटना से स्टेशन पर अफरा तफरी मच गई। पीड़ित परिवार शिकायत लेकर जीआरपी थाने गया। घटना के बाद थाने पर लोगों का मजमा लगा रहा। इस मामले में जीआरपी ने तीन संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

हावड़ा से अमृतसर जाने वाली 13005 पंजाब मेल ट्रेन की घटना है। ट्रेन शनिवार को प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर रुकी। उसी समय कोच नंबर एस 7 में मारपीट शुरू हो गई। जिसमें से एक पक्ष विक्रम सिंह का था। बताया जाता है कि इस मारपीट में दूसरे पक्ष के लोगों ने विक्रम सिंह और उसके परिवार वालों पर हमला बोल दिया। जिसमें विक्रम को काफी चोटें आई। उनके नाक और मुंह से खून निकलने लगा। बीच बचाव में उनकी पत्नी और घरवालों को भी मामूली चोट आई। इस घटना के बाद कोच में अफरातफरी मच गई। बाहर भीड़ लग गई। यात्री खिड़की से अंदर का नजारा देखने लगे। बीच बचाव के बाद ट्रेन छूट गई। जिससे मारने वाले लोग चले गए। विक्रम और उनका परिवार यहीं पर उतर गया। शिकायत लेकर जीआरपी थाने पहुंचे विक्रम सिंह ने बताया कि वे मांधाता सहिजनपुर का रहने वाले हैं। परिवार के साथ बाबा बैजनाथ धाम दर्शन करके लौट रहे थे। रात में जसीडीह स्टेशन से चढ़े। रास्ते में उनका मोबाइल गुम हो गया। वे उसे कोच की लाइट जलाकर खोज रहे थे। कोच में बैठे दूसरे पक्ष के लोगों ने लाइट जलाने पर एतराज किया। रेल का नियम बताने लगे। इसी बात पर उनका उनसे विवाद हो गया। जिसका बदला उन लोगों ने प्रतापगढ़ स्टेशन पर हमला कर के लिया। विक्रम के अनुसार मारने वाले लोग पहले से ही अभद्रता कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने मना भी किया था। शिकायत मिलने पर सक्रिय हुई जीआरपी ने हमलावरों का पीछा किया। बताया जाता है कि उसमे से तीन लोगों को पकड़ा है। मारने वाले लोग अमेठी के बताए जाते हैं। इनके यहां शादी पड़ी है। इनका कहना है कि विक्रम और उसके घरवालों ने पहले विवाद शुरू किया था। उनको भी मारा गया है। एसओ जीआरपी राशिद खान ने बताया कि पंजाब मेल ट्रेन में यात्रियों के दो गुटों के बीच मारपीट हुई है। तहरीर नहीं मिली है। इसके बिना भला किसे पकड़ा जाए।


हमले से घायल यात्री

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्र - छात्राओं ने यातायात के प्रति किया जागरूक


कार्यक्रम के माध्यम से यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करतीं छात्राएं

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में शनिवार को वार्षिक खेल उत्सव साहस की हुंकार और सड़क सुरक्षा माह का रंगारंग समापन हुआ। इसके पूर्व एआरटीओ डा. दिलीप कुमार गुप्ता ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बच्चों ने मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। नुक्कड़ नाटक, देशगीत,मार्शल आर्ट, योगा ड्रिल,लेजियम आदि प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को जागरुक करते हुए मंत्रमुग्ध कर दिया। बतौर मुख्य अतिथि एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि एएसपी पूर्वी विद्यासागर मिश्र, डिप्टी सीएमओ डा. आरपी गिरी, इंजीनियर बृजमोहन सिंह बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। उप प्रधानाचार्य उमा सिंह, संध्या शुक्ला, प्रकाश त्रिपाठी, विकास सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। संचालन दीपिका एवं अविनाश सिंह ने किया। विनय सिंह, विकास सिंह, शिवम त्रिपाठी, रंजना, जफर, दया पुष्पजीवी, रईस, संगीत दुबे, विपिन सिंह, अर्जुन तिवारी, वर्षा ओझा, प्रवीण मौर्य आदि मौजूद रहे।

## छुट्टा मवेशियों से हुए फसल नुकसान पर नाराज वकीलों ने नारेबाजी कर सौपा ज्ञापन


तहसील में सभागार के बाहर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**लालगंज।** छुट्टा मवेशियो के कारण किसानों को फसल नुकसान को लेकर शनिवार को यहां वकीलों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नाराज वकीलों ने डीएम को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन देकर सरकारी गोशाला मे निराश्रित पशुओ की देखभाल न होने का भी आरोप लगाया। संपूर्ण समाधान दिवस मे पहुंचा वकीलो का जत्था इन दिनों छुट्टा मवेशियो के कारण फसल नुकसान तथा मार्ग दुर्घटनाओं मे बढोत्तरी को लेकर प्रशासनिक लापरवाही पर आक्रोश जताया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि ग्राम पंचायतो मे जिम्मेदार कर्मचारियों के साथ लालगंज तथा रामपुर संग्रामगढ़ एवं सांगीपुर व लक्ष्मणपुर के खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा गोशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओ को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। वकीलों ने समस्या का समाधान न होने पर तहसील परिसर मे किसानों के साथ धरने प्रदर्शन शुरू करने की भी प्रशासन को चेतावनी दी है। वहीं ज्ञापन मे तहसील मे सार्वजनिक शौचालयों मे कई महीने से व्याप्त गंदगी को लेकर वकीलों तथा वादकारियों को हो रही परेशानी पर भी नाराजगी जतायी गयी है। एसडीएम सौम्य मिश्र ने अधिवक्ताओं को समस्याओं के समाधान कराए जाने का भरोसा दिलाकर शांत कराया। अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही से किसान रात रात भर ठण्ड में खेतो की रखवाली को लेकर बीमार भी हो रहे हैं। विरोध प्रदर्शन का संयोजन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव, अजय शुक्ल गुडडू, आशीष तिवारी, मदन मिश्र, घनश्याम मिश्र, शहजाद अंसारी, ललित गौड़, शिवेन्द्र तिवारी, ज्ञानप्रकाश, शिव नारायण शुक्ल, संतोष, सिंटू मिश्र, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र आदि अधिवक्ता रहे।


मासूम के पिता को सहायता का प्रमाण पत्र सौंपते एसडीएम व अन्य

### अग्निकांड में मासूम की मौत पर शासन ने दी सहायता राशि

**लालगंज।** अग्निकांड मे मासूम की मौत को लेकर सरकार द्वारा दैवीय आपदा के तहत शनिवार को एसडीएम ने पीडित को सहायता राशि निर्गत होने का प्रमाण पत्र सौंपा। लालगंज तहसील के सांगीपुर थाना के पहाडपुर में बीती दो जनवरी को आकस्मिक अग्निकांड मे गांव के वीर प्रताप यादव पुत्र शंभूनाथ की चार माह की बेटी का निधन हो गया था। शासन द्वारा दैवीय आपदा के तहत मृतका के पिता वीरप्रताप के खाते में चार लाख तीन हजार दो सौ की धनराशि भेजी गयी। शनिवार को एसडीएम सौम्य मिश्र व सीओ रामसूरत सोनकर ने तहसील मुख्यालय पर वीरप्रताप को आपदा सहायता अवमुक्त होने का प्रमाण पत्र सौपा। इस मौके पर तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह, बीडीओ लालगंज अश्विनी सोनकर, लेखपाल संघ अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी व प्रदीप सिंह मौजूद रहे। में चार लाख तीन हजार दो सौ की धनराशि भेजी गयी। शनिवार को एसडीएम सौम्य मिश्र व सीओ रामसूरत सोनकर ने तहसील मुख्यालय पर वीरप्रताप को आपदा सहायता अवमुक्त होने का प्रमाण पत्र सौपा। इस मौके पर तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह, बीडीओ लालगंज अश्विनी सोनकर, लेखपाल संघ अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी व प्रदीप सिंह मौजूद रहे।


स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंकते हुए

### भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन ने फूंका स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला

**पट्टी।** सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य और उनके समर्थकों द्वारा रामचरितमानस की प्रतियां फाड़ने एवं विवादित बयान देने के संदर्भ में भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पट्टी चैक में पुतला फूंका गया और मुदार्बाद के नारे लगाए गए। संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सक्षम सिंह योगी ने कहा की रामचरितमानस हमारी धार्मिक ग्रंथ है। स्वामी प्रसाद मौर्य अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए विवादित बयान दे रहे हैं और हमारी भावनाओं और आस्था के साथ खेल रहे हैं, जो बिल्कुल असहनीय है। हम किसी को अपने धर्म, आस्था और भावनाओं से नहीं खेलने देंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य जल्द से जल्द माफी मांगे और अपने शब्द वापस ले नहीं तो युवा एक बड़े धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। सक्षम योगी के साथ अन्य पदाधिकारियों में चंदन शुक्ला, राहुल त्रिपाठी, उत्कर्ष त्रिपाठी, अश्वनी सिंह महाकाल, अनुभव सिंह, अनुराग, दिवाकर, अरुण हर्षित, युवराज, अनुज, अंकित, पुरेन्द्र दूबे, शुभम मौर्या, मनीष, शिवम समेत दो दर्जन से अधिक युवा मौजूद रहे।

## पत्रकार उत्पीड़न पर नियंत्रण के लिए सीएम को संबोधित सौपा ज्ञापन


लालगंज में एसडीएम को ज्ञापन सौपते पत्रकार

**लालगंज।** पत्रकारों के उत्पीड़न की रोकथाम तथा पत्रकारों के निशुल्क इलाज आदि मांगो को लेकर शनिवार को समाधान दिवस मे भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा। महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी की अगुवाई में सौपे गये ज्ञापन मे प्रयागराज के करछना थाना के गधियांव गांव में एक हिन्दी दैनिक के संपादक पवनेश पवन के पुत्र उत्कर्ष की हत्या की सीबीआई जांच कराये जाने की मांग उठाई गयी है। ज्ञापन मे कहा गया है कि महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार भगवान प्रसाद उपाध्याय के पौत्र उत्कर्ष की हत्या में पुलिस की जांच संदिग्ध बनी हुई है। वही ज्ञापन में प्रदेश भर मे पत्रकारो के उत्पीडन को भी चिंताजनक बताते हुए सरकार से नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाये जाने की मांग की गयी है। ज्ञापन सौपते हुए महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सरकार से कहा है कि वह पत्रकारो को बीमारी अथवा दुर्घटना होने पर प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों मे निशुल्क इलाज का भी शासनादेश निर्गत करे। इसके पूर्व महासंघ की बैठक मे विभिन्न मांगो को लेकर रणनीतिक चर्चा भी हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह व संचालन महामंत्री साकेत मिश्र ने किया। इस मौके पर डा. आशीष सिंह, सुरेश मिश्र मदन, सुरेन्द्र तिवारी सागर, बाबा नरेन्द्र ओझा, मनोज सिंह, अखिलेश मिश्र, राजेन्द्र मिश्र, रामू मिश्र, राजकुमार मिश्र, शिवकरन चतुर्वेदी, आनंद त्रिपाठी, मुकेश सिंह, सुनील वैश्य, लवलेश, प्रेम, मुकेश तिवारी, राहुल, संजीव, रामू, अनूप, राजेन्द्र, संतोष, राजीव, उमेश, राकेश, लवलेश, विकास, जगत वर्मा, अखिलेश, सौरभ, धर्मेन्द्र, सरवर आलम, शैलेन्द्र, मुकेश, सुनील, प्रेम मिश्र, अशोकधर, प्रमोद बाबा, आशुतोष, शत्रुघ्न पाण्डेय, मनोज, आईपी मिश्र, राजकुमार मिश्र, सुशील बघेल, आशुतोष, संजयमणि शुक्ल, प्रदीप मिश्र, रामेश्वर मिश्र, सुमित त्रिपाठी आदि रहे।

## सपा कार्यालय पर पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न


बैठक में उपस्थित सपा नेता व कार्यकर्ता

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी नगर निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इसके अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर लिस्ट सर्वे में नाम बढ़ाने, घटाने एवं संशोधित करने पर भी गहनता से चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव व लोकसभा चुनाव की तैयारी करते हुए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर क्षेत्र में जनता के बीच जाकर सुख-दुख में शामिल होते हुए समाजवादी पार्टी की सरकार में किये गये कार्यों को जन जन तक पहुंचाएं। जिससे समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाई जा सके। तथा निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर लिस्ट सर्वे का चलाये जा रहे अभियान में वोटर लिस्ट सभी बूथ प्रभारी व सेक्टर प्रभारी चेक कर लें जिसका नाम कटा हो या नया नाम जुड़ना हो फार्म भरकर बीएलओ के पास जमाकर नाम बढ़वा लें। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष छविनाथ व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। इस अवसर पर रानीगंज विधायक डॉ. आर.के. वर्मा, पट्टी विधायक रामसिंह पटेल, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, सियाराम यादव, भईया राम पटेल, मो. अनीस खान, गुलफाम खां, नरेंद्र पाल एडवोकेट, आरके भीम, प्यारेलाल खैरा, पं. करोड़ीमल शर्मा, जगदीश मौर्या, आशुतोष पाण्डेय, इरफान खान, डॉ.शेरबहादुर यादव, डॉ. रामबहादुर पटेल, सत्यनारायण यादव, सफात अहमद, विवेक यादव, विजय यादव, कन्हैया तिवारी, प्रदीप यादव, अब्दुल हकीम, सिराजुल हक, संजय सरोज, मो. समीम पूर्व प्रमुख, हरीश शुक्ला, शिवाजीत सिंह, शिवम सिंह, समीम खान, आजम राय, अमीरूल हक, अब्दुल हई, धर्मराज सिंह, चन्दन सिंह विनोद यादव प्रधान, अहमद अली, बृजेन्द्र सरोज, रमेश पाठक, सत्यदेव तिवारी, यशवर्धन सिंह, अजय मौर्या, संजय यादव, रमाशंकर यादव, सुरेश यादव, संदीप यादव प्रधान, अनिल यादव, उमेश चन्द्र पाल, अरूण पाल, महेन्द्र यादव, उमाशंकर यादव, अमीरूल हक, मकसूद अहमद, अमित सिंह, जमील मंसूरी, साजिद अली, पूर्व मीडिया प्रभारी मनीष पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जनसंपादकीय

# मोको कहा सीकरी सो काम



**शहंशाह हुसैन**

ज़िन्दगी में कुछ यादें, वो निजी भी हो सकती हैं और सार्वजनिक भी, ऐसी भी होती हैं जो ज़िन्दगी भर हमारे मन मस्तिष्क पर ऐसे कब्ज़ा जमा कर बैठ जाती हैं कि आजीवन हमारी स्मृति का हिस्सा बनी रहती हैं. ऐसी ही कुछ यादें यहाँ प्रस्तुत हैं।

1.

स्वर्गीय देवी प्रसाद रायचौधुरी, जानेमाने चित्रकार एवं लब्ध प्रतिष्ठित मूर्तिकार से संबंधित है. जिनके शिल्प चेन्नई, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पटना और लखनऊ में भी दर्शनीय हैं. चेन्नई में मरीना बीच स्थित, श्रम की विजय, राजधानी नई दिल्ली में सरदार पटेल मार्ग स्थित, ग्यारह मूर्ति, जिसे डांडी मार्च से भी चिन्हित किया जाता है और देवी प्रसाद रायचौधुरी के इस ऐतिहासिक शिल्प का छवि अंकन, भारतीय मुद्रा, 500 के नोट पर भी किया जा चुका है, पटना में शहीद स्मारक और लखनऊ निराला नगर स्थित, विवेकानंद अस्पताल में, स्वामी विवेकानन्द की लगभग तीस फि ट ऊंची ब्रोंज कास्ट में आदम कद प्रतिमा की प्रभावशाली और भव्य छवि देखी जा सकती है.

यही देवी प्रसाद रायचौधुरी जब मद्रास कालेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट के प्रिंसिपल थे, तो उनसे एक दिन तत्कालीन अंग्रेज रेजीडेंट गवर्नर ऑफ मद्रास मिलने आये. जिस समय रेजीडेंट गवर्नर मिलने कॉलेज पधारे, उस समय रायचौधुरी साहब क्लास ले रहे थे. चूंकि मामला अंग्रेज रेजीडेंट गवर्नर का था, इसलिए सम्बंधित कॉलेज स्टॉफ ने इस सूचना, कि रेजीडेंट गवर्नर महोदय आपसे मिलने के लिए पधारे हैं, से संबंधित एक पर्ची रायचौधुरी साहब को तुरत- फुरत भिजवायी. रायचौधुरी साहब ने उसी पर्ची पर प्रति उत्तर में लिख भेजा कि रेजीडेंट गवर्नर महोदय को सम्मानपूर्वक अथिति गृह में बिठाया जाये और उन्हें बताया जाये कि मैं क्लास ले रहा हूँ और क्लास समाप्त होते ही मैं रेजीडेंट गवर्नर के स्वागत के लिए उपस्थित हूंगा. रेजीडेंट गवर्नर महोदय को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया. रेजीडेंट गवर्नर ने कहा ठीक है, मैं प्रतीक्षा करता हूँ.

क्लास समाप्त होने के उपरांत रायचौधुरी साहब ने रेजीडेंट गवर्नर से मुलाकात की. रेजीडेंट गवर्नर उनसे मिलकर, उनकी कलाकृतियों को देखकर अत्यंत प्रभावित हुए और कॉलेज का भ्रमण करके उनकी प्रशंसा के गीत गाते हुए रुख़्सत हो गये.

2.

प्रसिद्ध और वयोवृद्ध मूर्तिकार, प्रोफेसर शंखो चौधरी के बारे में है. शंखो चौधरी, जिन्हें लोग प्यार से शंखो दा कहा करते थे, जब लिलित कला अकादेमी, नई दिल्ली के सचिव थे, तो उसी समय उनके द्वारा, ललित कला अकादेमी के कार्य क्षेत्र को विस्तार देने के आशय से, क्षेत्रीय कला केंद्रों की स्थापना की नीति अपनायी गयी, जिसकी व्यवस्था शंखो दा के प्रयास से भारत सरकार की पांचवी पंचवर्षीय योजना में की गयी. इसका आरम्भ नई दिल्ली में गढी.स्टूडियो की स्थापना से हुआ और तदोपरांत, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ और भुवनेश्वर में भी इन क्षेत्रीय कला केंद्रों की स्थापना हुई, जिन्हें आज ललित कला अकादेमी, क्षेत्रीय केंद्र के नाम से जाना जाता है.

जब नई दिल्ली में गढ़ी स्टूडियो का काम आगे बढ़ा तो सर्वप्रथम डी. ड़ी. ए. ( दिल्ली विकास प्राधिकरण) से, कालका जी, दिल्ली में इसके लिए जमीन चिन्हित की गयी और उसके अधिग्रहण तथा स्टूडियो के नक्शे आदि का, डी. डी. ए. से पास कराने का काम शुरू हुआ. जिस समय ये काम शुरू हुआ, उस समय स्वर्गीय जगमोहन डी. डी. ए. के अध्यक्ष थे. जगमोहन को एक सख़्त प्रशासक के तौर पर जाना जाता था. उनके सख़्त प्रशासक होने की मुहर बाद में उस समय और पुख़्ता हो गयी, जब उन्हें जम्मू कश्मीर का राज्यपाल बनाया गया, जहाँ उन्होंने कुछ ऐसी सख़्ती दिखलाई कि जिसकी गूंज संसद तक में सुनाई दी और तत्कालीन सरकार को उन्हें वापस बुलाना पड़ा.

खैर तो उस समय, गढ़ी स्टूडियो के लिए जमीन के भूमि अधिग्रहण और नक्शा आदि पास करने कराने में, डी.डी.ए. अध्यक्ष,जगमोहन के कार्यालय द्वारा, प्रक्रिया से सम्बन्धित अथवा उसकी आड़ में, बराबर अडंगे लगाये जाते रहे. परिणामस्वरूप गढी.स्टूडियो का कार्य बाधित होता रहा और आगे बढ़ ही नहीं पा रहा था.

एक दिन शंखो दा ने अपने प्रशासनिक अधिकारी से गढ़ी स्टूडियो के कार्य की प्रगति जाननी चाही और कार्य की सुस्त रफ़्तारी पर स्टॉफ को डांट भी लगायी. स्टॉफ ने डरते डरते शंखो दा को डी.डी.ए. के क्रियाकलाप से अवगत कराया. शंखो दा, जैसी कि उनकी आदत थी, कि ऐसे समय में वो एक खास अदा से एक लम्बी हूँ करते थे, ने एक लम्बी हूँ की और अपनी गर्दन हिलाते हुए, सीधे उस समय की प्रधानमंत्री, स्वर्गीय इंदिरा जी को फून लगा दिया और उनसे फून पर डी.डी.ए. के क्रियाकलाप को लेकर, शिकायत लगायी. उधर से क्या कहा गया और क्या नहीं कहा गया ये तो पता नहीं, लेकिन अगले ही दिन डी.डी.ए. से सारे नक़्शे आदि पास हो गये. स्वर्गीय मनोहर लाल भाटिया, जो ललित कला में मेरे वरिष्ठ थे, और जिनको गढ़ी स्टूडियो के आरम्भिक निर्माण से सम्बन्धित कार्य का इंचार्ज बनाया गया था, जिसमें नक्शा आदि पास कराने के कार्य सम्मिलित थे, जब कभी इस संस्मरण को सुनाते थे, तो उनकी आंखों में एक अजीब तरह की चमक आ जाती थी और उनके चेहरे पर एक गर्व का भाव झलकता था.

3.

राज्य ललित कला अकादेमी, उप्र के तत्कालीन अकादमी सचिव, स्वर्गीय जी.एच. सिद्दीकी साहब ने स्वयं एक वार्ता के दौरान मुझे बताया था कि एक बार राज्य ललित कला अकादमी की कला दीर्घा में एक प्रदर्शनी का आयोजन था, जिसे तत्कालीन मुख्यमंत्री, स्वर्गीय सी. बी. गुप्ता को उद्घाटित करना था और प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि तत्कालीन अध्यक्ष, राज्य ललित कला अकादमी, स्वर्गीय राधा कमल मुखर्जी थे. स्वर्गीय राधा कमल मुखर्जी, वैसे तो एक जाने माने अर्थशास्त्री थे और लखनऊ विश्वविद्यालय के अमेरेटस प्रोफेसर भी थे, लेकिन वे देश के लब्धप्रतिष्ठ कला मर्मज्ञ और कला प्रेमी और कला संग्रह कर्ता भी थे. और उन्होंने अपने कला संग्रह का एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा, राज्य ललित कला अकादमी को भेंट स्वरुप दान भी कर दिया था.

प्रदर्शनी उद्घाटन का समय हो चुका था लेकिन मुख्यमंत्री महोदय अभी तक नहीं पधारे थे. सभी को उनके आने का इंतजार था. राधा कमल मुखर्जी ने देखा कि प्रदर्शनी उद्घाटन का अच्छा खासा समय बीत चुका है और मुख्यमंत्री महोदय अभी तक तशरीफ नहीं लाये हैं. तो उन्होंने नाराजगी के साथ सचिव ललित कला अकादेमी से कहा कि अब और इंतजार मुख्यमंत्री महोदय का नहीं देखा जायेगा और प्रदर्शनी का उद्घाटन वे स्वयं करेंगे. डाक्टर राधा कमल मुखर्जी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन कर दिया. प्रदर्शनी का अच्छे से अवलोकन किया और जब वो ये सारे काम सम्पन्न करके अकादेमी से जाने के लिए, लाल बारादरी स्थित अकादमी की सीढियाँ उतर रहे थे, उसी समय मुख्यमंत्री महोदय की गाड़ी, अकादमी परिसर में आकर रुकी और मुख्यमंत्री, सी. बी. गुप्ता महोदय गाड़ी से बाहर आये और सीढ़ियों से डाक्टर राधा कमल मुखर्जी को उतरते देख, लपक कर सीढियाँ चढ़ते हुए डाक्टर साहब को नमस्कार किया और देर से आने के लिए क्षमाप्रार्थी हुए. प्रति उत्तर में डाक्टर राधा कमल मुखर्जी ने अंग्रेजी में कहा, ' मिस्टर गुप्ता, यू आर लेट, आई हैव आलरेडी इनआगरेट दि इक्जीबीशन. नाऊ गो एंड मस्ट वाच इट. ओके'. इसपर मुख्यमंत्री, सी. बी. गुप्ता, ने अत्यंत सम्मान एवं विनयपूर्वक कहा ' अरे डाक्टर साहब प्रदर्शनी का उद्घाटन तो वैसे भी आपने ही करना था सो अच्छा हुआ आपने कर दिया.'

मैं अक्सर ये सोचता हूँ कि क्या ये आज के कला एवं राजनीतिक परिदृश्य में सम्भव हो सकता है. सम्भवतः कदापि नहीं. लेकिन कितने महान और बा- वेकाऱ थे हमारे पूर्वज कलाकार और उससे भी अधिक धन्य थे उस समय के शासन- प्रशासन और राजनीति में बैठे लोग भी, जिनमें अंग्रेज रेजीडेंट गवर्नर जैसे लोग भी शामिल थे. लेकिन मान- सम्मान तो अपने ही हाथ होता है. तभी तो तुलसी दास ने मुगल बादशाह अकबर के आमंत्रण को ये कहकर ठुकराते हुए कहा था कि ' काह मोको सीकरी सो काम'.

**(लेखक कला समीक्षक हैं,सम्पर्कः 6388730266)**

# अनिल मिश्र की कविताएँ और यथार्थ

## आकलन



**प्रांजल धर**

अनिल मिश्र की कविताएँ गहरे अखलाक और गहन प्रेक्षण की कोमल और साथ ही साथ कठोर अभिव्यक्तियों की अब्सार हैं जहाँ 'पेट में अज्ञात चक्रवात उठते हैं' और 'आकाश में धुएँ की एक चादर टँगी रहती है'। यहाँ पंक्तियों, सतरों और जनमाध्यमों में व्याप्त छिछली राजनीति के यथार्थ को ही नहीं, पंक्तियों के बीच के रिक्त स्थान की गम्भीर कूटनीति को भी प्रकृति के माध्यम से समझा और व्यक्त किया गया है। 'महज' शब्द यहाँ बेमानी साबित होता है क्योंकि प्रतिगामी शक्तियों का ऐसा काव्यात्मक प्रतिरोध कम ही देखने को मिलता है। सम्भाव्य की कला, किसी कालातीत अव्याख्येय को पहचानकर उसे कलम, स्याही और दवात के माध्यम से कागज पर शोरगुल से दूर रहकर उतार ले जाना, निर्जीव चीजों तक की भी भावनाओं और संवेदनाओं को समझने की कूवत रखना, बड़े होकर भी बड़प्पन की कोई नुमाइश न करना, हार और जीत के बीच की किसी अनिर्णायक स्थिति में रहना और यथार्थ की परतों को छीलकर उद्घाटित कर ले जाना अनिल मिश्र की कविता के बुनियादी अभिलक्षण हैं।

यहाँ जून जॉर्डन की बात याद आती है कि एक सच्चा कवि इसलिए राजनीतिक होता है क्योंकि वह सत्य को न केवल कहता है, बल्कि सत्य का बखान भी करता है। 'प्रिय नेता का नगर आगमन' नामक कविता की कुछ पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं - 'बदसूरत-सी लगती इमारतों/और झोपड़ियों के सामने परदे लगा दिए गए हैं/गड्ढों से भरी सड़क रातों-रात दौड़ने लगी है/दिन-रात काम पर लगे मजदूर/शहर चमकाने में व्यस्त हैं/कुछ दिनों से भूल गए हैं घर का रास्ता।' घोषित आपातकाल के दौर में कभी पंकज सिंह ने अपनी कविता 'सम्राज्ञी आ रही हैं' में लिखा था कि, 'नागरिको उत्सव मनाओ कि सम्राज्ञी के दर्शन तुम्हें करने हैं/भीतभाव से प्रणाम सँभालते हुए अपने दुखों के कीचड़ में/रुँधे गले से ही स्वागत गीत गाते हुए/उत्सव मनाओ/सम्राज्ञी का रथ तुम्हारी अँतड़ियों से गुजरेगा/रथ गुजरेगा तुम्हारी आत्मा की कराह और शोक से।' वह घोषित आपातकाल था किन्तु अनिल मिश्र अघोषित आपातकाल के निर्देशित मानसिक लोकतन्त्र में बदले हुए यथार्थ की जटिल तहें उघाड़ते हैं। टेलीविजन आया तो कल्पनाशक्ति कमजोर होनी शुरू हुई, मोबाइल आया तो और ज्यादा दुर्बल हुई और आजकल तो व्हाट्सएप, ट्विटर और इंस्टाग्राम वगैरह के बाद दुर्लभ ही हो गई है। अनिल मिश्र की कविताएँ इन हालात की मुकम्मल तफ़्तीश करती हैं। अनिल मिश्र बहुत ज्यादा महसूस किये जा सकने वाले बारीक सम्प्रेक्षण के सुसंगठित और अव्यवस्थित कवि हैं। अव्यवस्थित हैं, अराजकतावादी नहीं; व्यवस्था से वे अहजान के साथ मुहब्बत करते हैं। वे व्यवस्थाओं की संरचना और संरचनाओं की व्यवस्था से वाकि फ हैं। जग की जननी माँ पर उन्होंने लिखा है कि 'माँ संघर्षों का पर्वत लाँघ गयीं।' कवि पाठकों को गति से सद्गति तक ले जाने का प्रयास करता है, उन्हें भान है कि हारता वही है जो लड़ता नहीं। आँसुओं से लिखी गयी ये कविताएँ न सिर्फ.मर्मवेधी और कल्ब से पैदा हुई हैं, बल्कि हिन्दी साहित्य की तमाम प्राचीन परम्पराओं से भी जुड़ती हैं और हाशिये की तफसील भरी चिन्ता करती हैं। यहाँ कोई एकालाप या इकतरफा आमदरफ़्त नहीं है बल्कि एक संवादशीलता है। 'गलतफहमी' नामक कविता में उन्होंने लिख भी दिया है कि, 'जिसका अस्तित्व नहीं है/वह परमाणु बम से भी ज्यादा खतरनाक है।' कभी निराला ने लिखा था कि, 'जानकी-नयन-कमनीय प्रथम कम्पन तुरीय', तो इसमें एक विषण्णानन योद्धा की चिन्ता थी लेकिन अनिल मिश्र को प्रथम कम्पन की बजाय यथार्थ को उद्घाटित करने के लिए पहली परत को छील डालने का काव्यात्मक हुनर आता है और यह उनके अपने जीवनानुभवों का निचोड़ है। बेनजीर पिथ और सब्सटेंस है। कविताएँ यहाँ महूसस करवाती हैं कि परतों पर परतें जमा होने लगीं, अंधेरा फैलता गया, चुनौतियाँ पहले से अधिक कठिन होती गईं। अगर कार्ल सैण्डबर्ग के शब्दों को उधार लें तो, ये अशआर यहाँ एक ऐसी गुहार बन जाते हैं जो परछाइयों से नृत्य करने का विनम्र आग्रह करते हैं। यहाँ कविताओं का आयतन एक आश्रयस्थली और यतीमखाने की विसंगतियों को चित्रभाषा में व्यंजित करता है। यहाँ समाज की विडम्बनाओं से जुड़े दृश्य, स्पर्श और घ्राण बिम्ब हैं और कवि धरती के सोंधेपन को न सिर्फ.महसूसता है, बल्कि पाठकों को भी कुछ इस तरह महसूस कराता है मानो किसी पीड़ादायक घाव पर रुई के कुछ शान्तिप्रदायी फाहे रखे गए हों।

शक्ति के अर्जन, धारण, प्रसारण और प्रदर्शन की समस्त सीमाओं को अनिल मिश्र ने समझा है। नहीं, समझा ही नहीं है, उनको इस बात का भीतर और गहराई तक बोध है। यह आत्मबोध पाठक में कुछ सकारात्मक जीवन-मूल्यों को जोड़ता है। यहाँ कैलकुलस की बजाय एकीकरण, सह-अस्तित्व, सहधर्मिता और सहकारिता के अल्फाज तैरते हैं। जलकुम्भी की तरह नहीं, पानी की पहली परत पर खुद को कुर्बान करने वाली किसी अगिनपाँखी की मानिन्द। यहाँ हृदयों के कक्षों की गिनती नहीं, अलिन्द और निलय की ऊँचाई तीक्ष्ण एक गैर-वैज्ञानिक त्रिकोणमिति से मापी गई है जहाँ कोण ही कोण हैं, मोड़ ही मोड़ हैं। ये सारे खम पाठकों को विरेचन की एक अलभ्य स्थिति तक ले जाने में सक्षम हैं। ये सड़क या राजमार्ग पर दिखने वाले प्रतिदीप्ति भरे सरकारी मोड़ नहीं हैं, ये असरकारी पेंच-ओ-खम हैं क्योंकि कवि को मालूम है कि राजमार्ग आमजन की अँतड़ियों की कीमत पर निर्मित होता है और पगडण्डियाँ चुनाव का मानवीय और प्राणिजगत-तुल्य अवसर देती हैं। राजमार्ग पर चलने की इब्तिदा करने पर चुनाव की ताकत राजमार्ग के चमकते किन्तु गन्दे हाथों में आ जाती है लेकिन अगर हम पगडण्डियों पर चलते हैं तो चुनाव करने का थोड़ा-बहुत विकल्प तो हमारे हाथों में रहता ही है और तब हमें, विश्व के विशालतम लोकतन्त्र के गरीब किसी नागरिक को, जरा-सा खुश होने की गुंजाइश मिल जाती है। अनिल मिश्र गुंजाइश, सम्भावना और आशंका के फर्क.को वर्णित करते हैं। उन्हें इलहाम है कि सम्भावनाएँ कब आशंकाओं में तब्दील हो जाती हैं।

अनिल मिश्र की कविताओं में उपाश्रितवर्गीय इतिहास को वजनदार कथ्य और सधे हुए शिल्प के साथ पेश किया गया है। यहाँ किसी कि स्म की कोई क्षिप्रहस्तता नहीं है, बल्कि धीरज के साथ सहज भावोच्छलन पर सादगीपूर्ण तरीके से विचार करके उन्हें मौन की भाषा में अभिव्यक्त करने की एक कोशिश है। यह गिलहरी जैसी लगने वाली एक मामूली-सी कोशिश हजार वायदों पर भी भारी है। रामधारी सिंह 'दिनकर' की भाषा में कहा जाए तो कविता वह सुरंग है जिसके भीतर से मनुष्य एक विश्व को छोड़कर दूसरे विश्व में प्रवेश करता है। बात को अगर किसी और काव्यात्मक भाषा में कहा जाए तो यह कहना ही चाहिए कि हृदय छोटा हो, तो शोक वहाँ नहीं समाएगा और दर्द दस्तक दिए बिना लौट जाएगा। अनिल मिश्र के यहाँ दस्तक ही नहीं, दरवाजा पीटने वाले प्रयोजनमूलक सार्थक सवाल हैं। ये सवाल आब-ए-आईना हैं। इन सवालों की मौजूदगी गैर-मौजूद लोगों की शिनाख़्त करती है। अनाथों की करुणा से भीगी हुई ये कविताएँ किसी अकालग्रस्त गरीब बस्ती की हताशा को चिह्नित करती हैं। डाइलैन थॉमस ने लिखा है कि एक अच्छी कविता अगर धरती पर कहीं रची जाती है, तो उसकी सर्जना के बाद दुनिया वही नहीं रह जाती, जो उस कविता के सृजन के पहले थी। ऐसा इसलिए क्योंकि अनिल मिश्र की कविताएँ ब्रह्माण्ड की आकृति को, आकार को नहीं, परिवर्तित करने का शब्दकोश गढ़ती हैं और अपने बारे में ज्ञान रखने वाले किसी पाठक या किसी इंसान के आत्मसन्धान को विस्तृत करती हैं। अनिल मिश्र के यहाँ इस बात को रेखांकित किया गया है कि समस्त सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था एक ईमानदार शख़्स को यह सोचने पर अभिशप्त कर दिया करती है कि किसी भी ईमानदार इंसान को यह मान लेना चाहिए कि उसकी अपनी, खुद की, परछाईं भी उसकी दुश्मन है वरना वे यह क्यों लिखते कि कपास रंगीन होता है! जब कपास रंगीन होता है तो इल्तिजा और दरख़्वास्त कहीं पीछे छूट जाया करते हैं। गुजीदा नेताओं के हाथों हो रही नाइंसाफी और क्रियाओं की निष्क्रियता को बाकायदा समझने वाले आशुफ़्ता कवि अनिल मिश्र की कविताएँ अनुभूति की तीव्रता और कल्पना की उड़ान से गुफ़्तगू करती हैं, ये कविताएँ आँखों से बोलती हैं, बतकही की उस परम्परा को आगे बढ़ाती हैं जिसे अमर्त्य सेन ने अपनी कालजयी पुस्तक 'दि ऑग्युर्मेण्टेटिव इण्डियन' में दर्ज.किया है। एक उदाहरण गौर करने लायक है, 'मैंने गीतों को सावन और फागुन के रंगों में सुना है/और नृत्य को कजली और फाग के गीतों में देखा है।' वीजा और पासपोर्ट के गैर-जरूरी चक्करों को चित्रित करते हुए और किसी भी तरीके की बाड़ेबन्दी में नास्तिकता की हद तक विश्वास करने वाले कवि अनिल मिश्र हमें उस मुकाम तक ले जाते हैं जहाँ कभी मलिक मुहम्मद जायसी ले जाया करते थे; विरह, दुख और अपार करुणा के अव्याकृतम तक! सृष्टि की सर्जना को समझने वाले अनिल मिश्र के बारे में यह कहा जा सकता है, जो मैंने बहुत पहले कहीं पढ़ा था, काल्पनिक ही सही, कि ईश्वर (अगर कोई होता हो तो) ने जब दुनिया को गढ़ा तो उसको गढ़ने के बाद कुछ गलतियों का अहसास हुआ किन्तु उस सृष्टिकर्त्ता ने यह कहा कि अब मुझसे जो गलतियाँ हो गयी हैं, वे हो ही गई हैं। इसका एक ही उपाय है कि मैं दुबारा ब्रह्माण्ड में कवि और कवयित्रियों की रचना करूँगा ताकि वे यह सब-कुछ सुधार सकें, जिन्हें मैं स्वयं नहीं सुधार पाया। कवि संजय मिश्र ने बहुत सटीक लिखा है कि, 'जुल्म इतने सह रही हैं ये बेचारी पट्टियाँ/ जख़्म इतने हैं कि कम हैं आज सारी पट्टियाँ/ घाव भर जाए तो उसके बाद ये दस्तूर है/ फेंक दी जाती हैं बाहर गम की मारी पट्टियाँ।' अदीब और अलीम अनिल मिश्र गमजदा लोगों पर मरहम-पट्टी लगाने वाला बहुत मानवीय काम करते हैं और तभी तो वे यह लिख पाने में सक्षम हैं कि, 'मैं कविता की तरह जीना चाहता था जीवन/ गणित के प्रश्न बनाकर छोड़ देते हैं हालात।'

अनिल मिश्र अजाब को पकड़ते हैं और अपने अजीज विषयों पर अजीम तरह से कविता रचते हैं। एक बानगी देखिए, 'सबसे सुखद स्मृतियाँ उन दिनों की हैं/जिनमें संघर्ष बहुत था/पर जीत गए थे अन्ततः।' मिस्त्र के अच्छे कवि गिर्जिस शौकरी लिखते हैं कि, 'खिड़की के साथ हँसा बादल/देखो वह बिस्तर की सिलवटों में समाया है।' अनिल मिश्र कविता की जमीन के ग्रामीण नागरिक और बाशिन्दे हैं। उनकी रहनवारी और आवाजाही हाशिये के इलाकों से लेकर विकास के टापुओं तक है। इसीलिए एक आकि ल कवि यहाँ जम्हूरियत से आजिज आ जाता है और कलम उठाता है। किस तरह भला? उस तरह नहीं, जिस तरह हथियार उठाए जाते हैं। उस तरह जैसे किसी चित्रकारी के लिए कूची उठाई जाती है। उस तरह, जैसे वरिष्ठ कवि सुभाष राय 'मूर्तियों के जंगल में' जाकर यह महसूस करते हैं कि वे लाशों के हँसने की आवाज सुन रहे हैं, वे सुन रहे हैं अस्पतालों और श्मशानों की असमर्थता को। सुनते भी हैं तो दुनिया को बेहतर बनाने के लिए। कुछ सिरजने के लिए। सत्ता की धुन पर जिस कवि की कलम न नाचती हो, वह कवि जब यह लिखता है कि हवा किधर घूम जाएगी, कहना मुश्किल है, तब हृदय के तारों की वीणा का स्वर सुनाई पड़ता है लेकिन कवि करे क्या! उधर बैठे लोग मुँह ही जब दूसरी तरफ कर लेते हों तो एक कवि अविकल्प हो जाने को विवश हो जाता है। कवि विवश हो ही नहीं सकता क्योंकि जिजीविषा ही उसकी एकमात्र पूँजी हुआ करती है। अनिल मिश्र की कविताएँ गुलामी और विवशता के विरुद्ध एक लैम्पपोस्ट की तरह खड़ी हैं और मौसमी इज़्तिराब को चीन्हती हैं, मुहब्बत से इत्तिहाद करती हैं, उफ़्ताद की विसंगति पर अनुत्तिरत प्रश्न खड़े करती हैं।

**(सी-17, एनपीएल कॉलोनी, न्यू राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली, मोबाइल - 9990665881).**

# अकृत्रिम आख्यानों की प्रभावशाली व्यंजना

## मूल्यांकन



**डॉ. राकेश शुक्ल**

कृष्ण बिहारी की कहानियाँ पढ़ते हुए जो बात जेहन में सबसे पहले आती है, यह कि उनका सृजनात्मक मन सामयिक या तात्कालिक महत्व के विषयों को भी अनूठे शिल्प में ढाल लेता है। उन्हें कथानक की तलाश नहीं करनी पड़ती है। अलेक्सेई टॉलस्टॉय के शब्दों में, ' कथानक सदा जीवन के कोलाहल से, वर्तमान समय के जीवंत अंतर्विरोध से उत्पन्न होता है। कथानक -- मुझे गलत न समझिए -- एक जनप्रिय किस्सा है, जो अभी अपरिष्कृत है, जिसमे अभी धड़कन हो रही है। हो सकता है इसे अभी शाब्दिक आवरण न मिला हो और इसका चलन न हुआ हो। मगर एक बार कह देने पर जनता इसे समझेगी। यह किसी सामाजिक अंतर्विरोध के प्रकटीकरण की चावी है।' उक्त कसौटी पर कृष्ण बिहारी की कहानियाँ खरी उतरती हैं। ये जीवन की तरह ही स्वाभाविक और अकृत्रिम आख्यानों की प्रभावशाली व्यंजना हैं। फामूर्लाबद्धता से रहित सहजता उनकी कला की पहचान है।

कहानी, आत्मकथा , एकांकी, निबंध और साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में विपुल योगदान करने वाले कृष्ण बिहारी की रचनाओं से गुजरना एक दिलचस्प अनुभव है।

'जिंदगी की सबसे सर्द रात' उनका सोलहवाँ कहानी संग्रह है, जिसमें शामिल दस कहानियाँ जीवन के अलग-अलग रंगों को पूरी कलात्मकता से अभिव्यक्त करती हैं।

'डुबकी' में गाँव के लोक-जीवन और वहाँ के अनुभवों की विराट सम्पदा है। कमला अर्थात डुबकी का जीवन गाँव में बहती आमी नदी के बिना अधूरा है। कथाकार के शब्दों में, ' आमी के पानी को कमलिया से प्यार हो गया है, या कमलिया पानी में जल की रानी हो गई है यह बता पाना कठिन था।' लोक दृष्टि सम्पन्न कहानीकार ने नदी के प्रति एक अंत्यज तथा अशिक्षित युवती के जिस आत्मीय अनुराग को व्यक्त किया है, वह अद्भुत है। सिकहरा ताल से निकलने वाली आमी नदी में डुबकी लगाकर उस पार निकल जाने वाली कमलिया का जब गौना होता है तो वह दुःखी होकर अपने पिता से कहती है, 'बाबू... नद्दी बिना हम कइसे जीयब?' हम कह सकते हैं कि एक स्त्री भी नदी की तरह होती है, क्योंकि उसमें भी नदी जैसी शीतलता और सृष्टि को सम्पन्न करने का गुण विद्यमान है। मनुष्य सभ्यता के विकास क्रम में नदियाँ हमारी प्राण- धाराएँ रही हैं, यह विद्वानों के विमर्श का विषय हो सकता है, पर लोक जीवन में उनका कितना महत्व है, यह इस कहानी से सिद्ध होता है।

'जब पहले की तीन शादियों से खुशी नहीं मिली तो चौथी से मिलेगी, इसकी क्या गारण्टी है? खाड़ी- देश की राजधानी में नार्थ- ईस्ट ट्रेडर्स की एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी में कार्यरत महक शुक्ला के जीवन, मनःस्थितियों तथा अस्तित्व की जद्दोजहद के साथ उसके हर्ष- विषाद को दर्शाती यह कहानी कॉन्ट्रैक्ट-मैरिज -जैसे सवालों को भी बड़ी शिद्दत से उठाती है। हर प्रकार से सुखी-सम्पन्न , लाखों डॉलर के पैकेज वाले आज के युवाओं के दाम्पत्य या अन्य पारिवारिक , रागात्मक सम्बन्ध अत्यंत खोखले हो गए हैं; इस खालीपन को भरने की कवायत सारी जिंदगी चलती रहती है। कहानी में भारतीय और पाश्चात्य परम्पराओं तथा जीवन-मूल्यों के अंतर्विरोध की व्यंजना के साथ खासा बौद्धिक विमर्श भी है। इसे पढ़ते हुए महसूस होता है कि यदि कहानी को जिंदगी का प्रतिरूप मान लें तो जिंदगी जितनी संघर्षशील, द्वंद्वात्मक, रहस्यमय और दार्शनिक चीज है; उतनी ही कहानी भी। तभी तो कथाकार का यह कथन कितना प्रासंगिक है, कभी-कभी कहानियाँ और कभी-कभी जीवन एक-दूसरे के सामने चुनौती बनकर खड़े हो जाते हैं। तय करना मुश्किल हो जाता है कि दोनों में आश्चर्यजनक कौन है? रेगिस्तान के बीच जबरन खिलाए गए फूलों को जिस तरह हरदम जीवित नहीं रखा जा सकता उसी तरह जीवन के साथ अपनी मनमानी नहीं चलती। कुछ बातें ऊपर वाले पर छोड़कर मुक्त हो लेना चाहिए। क्योंकि कुछ सवालों के जवाब कभी नहीं मिलते।'

कृष्ण बिहारी जी रोजमर्रा की सामान्य-सी घटनाओं पर भी सार्थक कहानियाँ लिख लेते हैं। इनमें जो यथार्थ व्यंजित होता है; उसमें मानवीय भाव-बोध है। 'बादशाह' का रिक्शाचालक सचमुच का बादशाह है, जो न सिर्फ रोज कथानायक के हालचाल पूछता है; बल्कि गंतव्य पर पहुँचकर उसके द्वारा पैसे दिए जाने पर यह कहना नहीं भूलता कि, ' बाबू जी, पैसे न हों तो न दें, और.. पैसे चाहिए तो हम दें आपको।'

'अकेला चना' सिर्फ खाड़ी-देशों में स्कूलों के प्रबंधतंत्र की मनमानी और तानाशाही की कहानी नहीं, बल्कि सभी पब्लिक स्कूलों की कहानी है, जहाँ एक शिक्षक अपने अधिकारों के लिए लड़ता है। सिर्फ अपने लिए नहीं; वह उन सबके लिए लड़ता है, जो लड़ाई के लिए कभी हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। इस कहानी में खाड़ी-देशों के विकास की अन्तर्कथा भी बड़ी रोचक है, जहाँ कभी कबीलाई संस्कृति थी। आपस में मारकाट होती थी। और जहाँ के लोग कभी समुद्री लुटेरे थे, वहाँ तेल क्या निकला कि दुनिया भर की कम्पनियाँ उसे निकालने दौड़ पड़ीं, और पेट्रो-डॉलर के चलते 'कल के लुटेरे- भिखारी आज के रॉयल फैमिली हो गए।' कहानीकार का बहुत-सा समय नौकरी के दौरान यू. ए. ई. में बीता है, इसलिए वहाँ के सामाजिक जीवन, विशेषकर प्रवासी भारतीय समाज का बहुत ही बारीक विश्लेषण है। शुष्क या नीरस विषयों पर रोचक कहानियाँ रचनाकार की कलात्मक उत्कृष्टता का उदाहरण है।

'सेन चाइल्ड' में विद्यार्थियों की निरंकुशता की समस्या को उठाया गया है। कक्षा में अनुशासन न हो तो, और किसी विद्यार्थी को डाँट दें तो भी शिक्षक की नौकरी जाना तय है। कहानीकार के शब्दों में, 'फाख्ता हुए वे दिन जब प्रिंसिपल और स्कूल मैनेजमेंट अपने शिक्षकों के मान-सम्मान को सबसे ऊपर रखते थे, और बच्चों के माँ-बाप भी गुरु जी का सम्मान करते थे। मगर अब वह जमाना बीत गया।' ऐसे में एक तथाकथित सेन चाइल्ड की अजीबोगरीब हरकतें सारे स्कूल के लिए चिंता का सबब बनती हैं। कुतूहल से परिपूर्ण यह कहानी आज की शिक्षा व्यवस्था पर भी करारा व्यंग्य करती है। अपने कथ्य और शिल्प में भी यह बेहतरीन है।

कृष्ण बिहारी की कहानियों में अनुभव का वैविध्य है। प्रवासी भारतीयों के सामाजिक जीवन की जैसी अभिव्यक्ति उनकी उनकी कलम से हुई है, अन्यत्र नहीं दिखाई देती। उनकी जीवन-दृष्टि और मानवीय सरोकार इन कहानियों को सार्थकता प्रदान करते हैं। ' दो लाख का थप्पड़' में रूम पार्टनर दो मित्रों के बीच होने वाला छोटा-सा झगड़ा कैसे 'तिल का ताड़' बन जाता है। इसे रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। ' सर्वप्रिया' भी उसी परिवेश की कहानी है, जिसका कथानक विस्तृत है। अंतरराष्ट्रीय या वैश्विक परिदृश्य के उत्तर आधुनिक समाज की सांस्कृतिक-दृष्टि तथा धर्म के संकीर्ण दायरे में स्त्री-मुक्ति का कुछ हद तक प्रतीक है कथानायिका सूडानी मूल की सैली, जो इस्लाम को मानती है; पर मुस्लिम सम्प्रदाय के ढकोसलों की हँसी भी उड़ाती है। मूल्य-संक्रमण के दौर में कहानीकार ने भारतीय जीवन मूल्यों की प्रासंगिकता को भी दर्शाया है। कथानायक के शब्दों में, 'मैं पूछना चाहता था कि क्या अनकल्चर्ड को सभ्य नहीं बनाया जा सकता? मैं बताना चाहता था कि हिंदुस्तान में यदि तीन तलाक देने की सुविधा सबको मिल जाए तो पच्चानबे प्रतिशत शादियों का भविष्य एक मिनट से भी कम समय में तय हो जाए। लेकिन ऐसा न होने के कारण ही तलाक जैसी बात कभी-कभी ही सुनने में आती है। हिंदुस्तानी लोग शादी को निभा ले जाने में ही रिश्तों का महत्व समझते हैं।'

मानवीय-पक्षधरता के कारण इन कहानियों में संवेदना का ताप है। 'कीमा' के एम.ए. बी एड. बेरोजगार यूसुफ को उसका ससुर खाड़ी-देश ले आता है, जहाँ उसकी लॉन्ड्री है, लेकिन वह तो अपनी अभिरुचि का कार्य शिक्षण करना चाहता है। विडम्बना यह कि वहाँ उसे स्कूल-बस की क्लीनरी करनी पड़ती है। उसे बस तथा स्कूल के क्लास रूम्स और टॉयलेट तक साफ करने पड़ते हैं। और एक दिन कथानायक की सलाह पर वह अपने देश में ही रूखी-सूखी खाने, और प्रतीक्षारत तथा पत्नी तथा परिवार की मुहब्बत को महत्व देता है।



'अभागी' में कोरोना-काल मे एक कामवाली की व्यथा-कथा, उसकी यातना और पीड़ा को पढ़ते हुए हमारी आँखे सजल हो जाती हैं। किसी की सहायता लेने पर एक सुंदर स्त्री का आशंकित होना स्वाभाविक ही है। ऐसे में एक निश्छल बुजुर्ग द्वारा पैसा वापस न किये जाने की शर्त पर किया गया आर्थिक सहयोग, कुछ दिन बाद जिनकी कोरोना से मृत्यु हो जाती है, आदि विवरण इस कहानी को अपूर्व ऊँचाई प्रदान करते हैं।

शीर्षक कहानी 'जिंदगी की सबसे सर्द रात' मार्मिक प्रेम कथा है, असफल प्रेम कथा। फ़्लैशबैक में चलती यह प्रेम कहानी हमारे अंतःकरण को आलोड़ित करती है। बेपनाह मोहब्बत करने वाले एक जोड़े की सहजीवन में परिणति न हो पाना। प्रेम-स्मृतियों की पूँजी सम्हाले कथानायक का आजीवन एकाकी रहना, और प्रेयसी वेदांगी का पति की निरन्तर उपेक्षा और प्रताड़ना से अन्ततः विक्षिप्त हो जाना आदि, इसकी कथावस्तु है। कथानायक के शदों में, ' भविष्य की योजनाएं बनतीं और बस एक मुकाम पर खामोशी के हवाले हो जातीं कि दोनों घरों के लोग अगर मान जाते तो सब कुछ खुशी-खुशी सम्भव होता। लेकिन जमाना वह था, जिसमे मोहब्बतें घर-परिवार के आगे सिर पटकती थीं। लहूलुहान हुआ करती थीं। दम तोड़ती थीं।'

कृष्ण बिहारी जी बहुत सादगी के साथ कथा-संयोजन करते हैं। वे कलात्मकता के स्थान पर सम्प्रेषणीयता और किस्सागोई को विशेष महत्व देते हैं। देश, काल और वातारण की जीवंत प्रस्तुति इनका विशेष गुण है। कुलमिलाकर व्यापक समाज में संवेदना जाग्रत करना ही कहानियों का उद्देश्य है।

**(पुस्तक : जिंदगी की सबसे सर्द रात, कथाकार : कृष्ण बिहारी, प्रकाशक : शिवना प्रकाशन)**

## ऋत्विक भारतीय की कविताएं



**1. फर्क नहीं पड़ता**

उसने उठना चाहा,
मैंने संस्कार और नैतिकता का
हवाला दिया-
'शर्म करो, शर्म करो,
तुम्हारी सात पीढ़ियों में
किसी ने ऐसा नहीं किया!'
वह नहीं मानी।
मैंने धर्म और शास्त्र का
डर दिखाया-
'मान जाओ, मान जाओ
प्रभु तुम्हें नरक की आग देंगे!'
वह तब भी नहीं मानी-
इस बार मैंने ब्रह्मास्त्र निकाला
और सीधे उसके चरित्र पर
हमला किया-
'बदजात, बेहया, वेश्या
तूने मेरे कुल पर दाग लगाया!'
इसबार वह थोड़ी
डरी-सहमी-घबरायी!
थम गयी इकपल को
जैसे कुछ संचित कर रही हो
अपने भीतर
फिर अचानक चीख कर बोली-
'फर्क नहीं पड़ता!'

**2. मनुष्य**

पुरुषत्व की कमान पर
चढ़ाकर अहं की प्रत्यंचा
करते हो तुम बार-बार
हमारी इच्छा-अनिच्छा की हत्या
करते हो हमारा अपमान!
और चाहते हो हमसे
मानें तुम्हें अपना प्राणनाथ
मानें तुम्हें अपना सर्वस्व
तो सुन लो
बेशक हम तुम्हें माने प्राणनाथ
या न मानें
मानें तुम्हें अपना सर्वस्व या न माने
पर इस तरह हम तुम्हें
मनुष्य हरगिज नहीं मानेंगी।

**3. बलरम्मा मैया**

मैया गे मैया, मैया गे मैया
चीख रही थी
आकुल-व्याकुल-सी बलरम्मा मैया।
मालिक का गुस्सा
उसपर ही तो निकालता था बलरम्मा
दारू पीकर जब वह आता
सामने जो आ जाए
सामत उसी पर ले आता
बीवी-बच्चे जरा हो गए थे होशियार
सामने नहीं पड़ते थे।
लड़कर जब वह आता खेतों से।
पर अम्मा तो अम्मा थी
भूखा जान उसको
कुछ परोस लाती थी
जरा-सी टोक टाक पर
अक्सर पिट भी जाती थी।
क्या जाने क्या सूझा उसको उस दिन
अम्मा से मांगे उसने
कहीं शहर में जाकर रेडी लगाने के पैसे
बोला अम्मा से चीखकर-
'बाबा की दिलवाई हंसुली पर
जो कुंडली मारे बैठी है
चल, मेरे आगे कर
बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम
खूब समझता हूं तुझको
करती है तू क्यों
मालिकों को सलाम!'
बोली अम्मा रुखे स्वर में-
'करती हूं चिरौरी
कि दिला देंगे तुझको काम
आ जाता है कहीं से भी लड़के
और दिखाता है मुझको आंखें
उल्टा चोर कोतवाल को डांटें'
बात बढ़ी तो उसने सीधा
दे दिया धक्का
अम्मा गिरी सीधे दलदल में ही जाकर
उसपर ही चीख रही थी-
मैया गे मैया, मैया गे मैया
आकुल-व्याकुल-सी बलरम्मा मैया
कि अचानक उसकी घिग्घी बंधी
एक जोंक घुसी चली जा रही थी उसकी योनि
में
दौड़भाग जुट आया पूरा मुहल्ला,
किसी तरह उसको खींचा बाहर निकाला
बोकर रही थी वृद्धा की योनि
जोंक के बकोटे से
लेकिन उसको जो बकोट रही थी
सिर्फ जोंक नहीं थी
ताने-तराने भी जोंक की ही तरह
चूस रहे थे उसका दिल-दिमाग
गलती किसी की भी हो
दुख कोई भी हो
ठीकरा फूटता है
औरत के सर ही।

**4. कमाऊ बच्चा**

'पांच रुपये की कलम
ले लो भाई, ले लो बहन
खाना नहीं खाया, सुबह से हूं भूखा
पांच रुपये की कलम
ले भाई, ले लो बहन!'
मिल जाते हैं ऐसे कई
बच्चे
प्रायः चौक-चौराहों पर
स्कूल-कॉलेज या विश्वविद्यालय के दरवाजों
पर
हालांकि बेचते हैं ये
कभी कलम, कभी मोजे, कभी खिलौने
या कभी अगरबत्तियां!
पर रहते हैं खुद
उसकी उपयोगिता से महरूम!
ऐसा नहीं कि ये
समझते नहीं उसकी उपयोगिता!
पर कुछ तो होती होगी इनकी विवशता
वरना क्या कलम बेचते हाथ
नहीं समझते कलम की महत्ता?
ठंड से ठिठुरते पांव मोजों की महत्ता?
खेलने की उम्र में खिलौनों की महत्ता?
या सीलन भरी झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले
अगरबत्ती की महत्ता?
आखिर कुछ तो होती होगी इनकी विवशता
इसलिए तो बेचते हैं महज
चंद रुपयों की खातिर
चौक-चौराहों पर अपना बचपन!
'पांच रुपये की कलम
ले लो भाई, ले लो बहन
खाना नहीं खाया, सुबह से हूं भूखा!'
कुछ तो जरा-सा मोल-भाव कर
बढ़ जाते हैं आगे
कुछ दिखा देते हैं अपनी दरियादिली
कुछ देते हैं दुत्कार
कुछ दे देते हैं गालियां।
बावजूद इसके चूकता नहीं इनका धीरज
बड़ी ही नफासत से करते हैं ये
अपना नन्हा - सा रोजगार!
'पांच रुपये की कलम
ले लो भाई, ले लो बहन
खाना नहीं खाया, सुबह से हूं भूखा......!'
इन्हें परवाह नहीं होती
किसी के दुत्कारे जाने की
नहीं होती है परवाह
किसी की गालियों की
'जिसकी दुत्कार जिसकी गाली उसी के द्वार'
शायद चल रहा हो कुछ ऐसा
इनके भीतर!
इन्हीं के कमाए पैसों से
जलता है इनका चूल्हा
चलता है इनका घर-परिवार!
ये खुश हैं कि नहीं करते ये चोरी
नहीं बीनते कूड़ा
नहीं फैलाते हैं किसी के आगे
अपने नन्हे हाथ!

**5. श्रृंगार**

पत्नी की खासी मरम्मत कर
पति निकल गया था कोयला खदान
कांधे पर गमछा
हाथों में बेलचा और तसला लिये
मुंह से निकालते हुए गाली :
'हरामजादी, चूड़ी पहनेगी
बिन्दी लगायेगी, करेगी श्रृंगार
दिनभर रहता हूं मैं खदानों में
बहाता खून पसीना
बुलाती है तू कौन से यार
उसे ही दिखाती है अपने साजो-श्रृंगार!'
मार-पीट फोड़ दिया था उसका ललाट
फोड़ दी थी उसकी चूड़ियां
निकला ऐसा कि फिर लौटा ही नहीं वापस
गया ऐसा कि हो गया निमोर्ही
कर गया हमेशा के लिए दुनिया को
अलविदा!
.....................
पत्नी कब तक बहाती आंसू
कब तक रखती बच्चों को भूखा
ससुर भी थे अपंग-लाचार
अब कलाइयों में चूड़ियां नहीं
हाथों में बेलचा और तसला लिए
वह रोज निकलती है कोयला खदान
खुद ही कमा, लाती है सौदा पानी
पका -खिला चला रही है अपनी गृहस्थी
आया त्योहार
मोहल्ले भर की मौगियों ने
पहनी नयी साड़ी,
पहनी चूड़ियां
लगाया पैरों में महावर
माथे पर टिकुली
पर उसने नहीं किया
कोई श्रृंगार
निकल गयीं कितनी दीवालियां
कितनी ही होली
कितने ही छठ
कितने ही पर्व-त्योहार
पर आज भी सूनी हैं उसकी कलाइयां,
सूनी है उसकी मांग
सूना है उसका ललाट
काश लौट आता वह
देखता,
फुर्सत के क्षण में वह अक्सर
उन्हीं टूटी-बिखरी चूड़ियों को
कभी-जोड़ती तो कभी
बिगाड़ती है आज!

**- मोबाइल- 995864146**

# धारदार हथियार से हमला कर वाचर को उतारा मौत के घाट

## घटना का मुआयना करने पहुंची डॉग स्क्वायड टीम के हाथ खाली

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फुलयारी जंगल में वन विभाग के वाचर की अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर मौत के घाट उतार दिया। रात घर वापस नहीं आने पर परिजन खोज बीन करना शुरू कर दिया कि शनिवार की सुबह जंगल में मृतक वाचर की पत्नी ने वाचर का शव जंगल की सुरक्षा खाई के पास देखा। मृतक के सिर व बाई आंख पर चोट के निशान थे।

सूचना पर पहुंची पुलिस, डॉग स्क्वायड व क्राइम ब्रांच की टीम मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना क्षेत्र के फुलवारी गांव निवासी जमुना प्रसाद 50 वर्ष वन विभाग में वाचर के पद पर 15 वर्ष से कार्यरत था। शुक्रवार को वह घर से दूर जंगल में ड्यूटी पर गया था। उसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने वाचर के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद बदमाश फरार हो गए। शनिवार की सुबह जंगल में वाचर की खोज कर रहे परिजनों व ग्रामीणों को हलिया वन रेंज के चौरा बीट बी व सी की सुरक्षा खाई के पास शव मिला। मृतक के सिर व चेहरे पर चोट के निशान थे। जंगल में शव पड़ा देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरिक्षक संजीव कुमार सिंह ने उच्च अधिकारियों को सूचना को देते मौके पर पहुंच कर पूछ ताछ करते हुए शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तथा स्क्वाड टीम प्रभारी पवन कुमार व संतोष कुमार ने कुतिया माया के साथ जंगल में पांच सौ मीटर तक खोज बीन किया। मृतक वाचर के घर को भी खगाला परन्तु हाथ खाली रहा। वाचर की मौत से पत्नी शांति व परिजनों में कोहराम मच गया।



घटना के बाद विलाप करते परिजन

# कर रहे थे बिजली चोरी, भरना पड़ेगा 10 लाख जुर्माना

कार्रवाई

**विंध्याचल क्षेत्र में कटिया मारकर 2 लोगों ने की थी बिजली चोरी**

**थाना में दर्ज कराया जा रहा मामला**

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के स्वर्णकार धर्मशाला के पास बिजली विभाग ने छापेमारी कर बिजली चोरी पकड़ी। अवर अभियन्ता रमन चतुर्वेदी ने बताया कि एक स्थानीय निवासी कटिया मारकर बिजली का अवैध रूप से प्रयोग कर रहा था। जबकि दूसरा व्यक्ति निमार्णाधीन मकान में बिना वैध कनेक्शन के ही बिजली प्रयोग कर रहा था। कटियामार कर बिजली का प्रयोग अवैध है। इसके बावजूद चोरी की जा रही थी। लिहाजा एक ही जगह दो लोगों के द्वारा अवैध रूप से बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया है।

दोनों गृह स्वामियों के खिलाफ बिजली विभाग के एंटी पॉवर थेफ्ट थाने में मामला दर्ज कराया जा रहा है। बिजली विभाग के राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए विभागीय चेतावनी का असर जिले के कुछ ही क्षेत्र में नजर आ रहा है। लिहाजा बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही हैं। बताया गया कि बिजली चोरी करने वालों पर करीब दस लाख का जुमार्ना लगाया जा सकता हैं। बिजली विभाग की टीम ने गत बुधवार को लालबाग कॉलोनी में छापा मारा था। जहां एक चूना की फैक्ट्री में बिजली चोरी पकड़ी गई थी।

फैक्ट्री में अवैध ढंग से अतिरिक्त केबल खींचकर विद्युत उपयोग पाया जा रहा था। विभाग को शिकायत मिली थी कि काफी लंबे समय से चुना फैक्ट्री संचालक बिजली की चोरी में संलिप्त हैं। लिहाजा दल बल के साथ पहुंची टीम ने चोरी पकड़ी थी। फैक्ट्री मालिक कनेक्शन लेने के बावजूद कटिया मारकर अतिरिक्त केबल के सहारे ही फैक्ट्री चलाया रहा था।

# उपचार के दौरान छात्रा की मौत

## छात्रा के मुंह व नाक से निकल रहा था झाग

**मीरजापुर।** जिले में मझवां के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में आठवीं की छात्रा मुस्कान की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों में हड़कंप मच गया। कस्तूरबा गांधी मझवां में नवादा गांव भदोही जिले की रहने वाली मुस्कान हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी, मुस्कान 12 जनवरी को मकर सक्रांति के त्यौहार पर अपने घर गई थी, वह अपने हॉस्टल 17 जनवरी को वापस लौटी थी, कल रात्रि में मुस्कान की तबीयत ज्यादा खराब होने लगी। जिसके बाद हॉस्टल की वार्डन मुस्कान का इलाज कराने सीएचसी मझवा पहुंची। लेकिन मुस्कान की तबीयत ज्यादा बिगड़ता देख वार्डन ने उसे मंडलीय चिकित्सालय इलाज के लिए ले आई। इलाज के दौरान मुस्कान की तबीयत बिगड़ती चली गई और मौत हो गई। डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि मुस्कान की तबीयत ज्यादा खराब थी। उसके मुंह और नाक से झाग निकल रहा था, इलाज के दौरान मुस्कान की मौत हो गई। पोस्टमार्टम कराने के लिए शव को मोर्चरी में रखा गया है। मृतका मुस्कान की मां संजू ने बताया कि स्कूल से हमारे पास फोन गया बिटिया मुस्कान की तबीयत खराब है, हम लोग भाग कर सीएचसी मझवां पहुंचे वहां एंबुलेंस पर मुस्कान को लादा जा रहा था। जब मेरी बिटिया का तबीयत खराब हुआ तो हमें इसकी जानकारी वार्डन ने क्यों नहीं दी, इलाज के लिए मंडलीय चिकित्सालय मिर्जापुर लेकर आए, यहां इलाज के दौरान बिटिया ने दम तोड़ दिया। बीएसए गौतम कुमार ने बताया कि कस्तूरबा गांधी मझवां की छात्रा मुस्कान की तबीयत खराब होने पर सीएचसी मझवां लाया गया, उसे हल्का बुखार था। उसका ऑक्सीजन लेवल कम होने लगा जिसके कारण इलाज के लिए मंडलीय चिकित्सालय लाया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

जनसंदेश न्यूज

दु:खद

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

**पुलिस जांच में जुटी, मई 2021 में हुआ था विवाह**

**कछवां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भैसा गांव निवासिनी कीर्ति पांडेय पत्नी योगेश की संदिग्ध हालात में बीती रात मौत हो गयी। बिटिया के मौत की जानकारी मिलने पर भदोही औराई थाना क्षेत्र के सारीपुर ग्राम निवासी परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। आरोप प्रत्यारोप के बीच पुलिस और अधिकारियों के पहुँचने पर ससुराल पक्ष के लोग खिसक गए।

बिटिया के ससुराल परिजनों के साथ पहुंचे पिता रविशंकर पाण्डेय ने ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी रामस्वरूप वर्मा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या की जानकारी पर उपजिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतका के पिता का आरोप है कि उसने अपनी पुत्री की शादी 24 मई सन 2021 को किया था। ससुराल वाले निरंतर उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। उनकी पुत्री इस बात को बताती थी। शुक्रवार की रात उन्हे फोन कर उसके ससुराल वाले ने बताया की उसकी तबीयत ठीक नही है। जबकि पुत्री ने बात करने पर कहा कि उसकी तबीयत ठीक है। सुबह उन्हें तबीयत खराब होने से मौत होने की जानकारी दी गई। बताया कि बिटिया के गले में गहरा निशान पड़ा है । उसे अभी एक बच्चे नहीं हैं। मामले को लेकर क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मायके वालों की शिकायत पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ससुराल पक्ष का कहना है कि फांसी लगायी गई है। हालांकि दहेज हत्या का मुकदमा ससुरालियों के खिलाफ लिखा जा रहा है।



घटना की जानकारी लेते एसडीएम व सीओ सदर

### विवाहिता ने लगाई फांसी, हुई मौत

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में एक विवाहिता ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी इहलीला समाप्त कर लिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को उतारा तब तक विवाहिता की मौत हो गई थी। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात प्रीति उम्र 32 वर्ष पत्नी अमन पटेल अपने कमरे का दरवाजा भीतर से बंद कर पंखे के कुंडी में साड़ी का फंदा बनाकर झूल गई। मृतका के बच्चों द्वारा कमरा खुलवाने पर कमरा नहीं खुलने पर मौके पर जुटे लोगों ने रोशनदान के सहारे भीतर झांककर देखा तो अंदर फंदे पर झूलते देख पुलिस को सूचना दिया। जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर महिला को फंदे से उतारा तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के सास और ससुर लकवाग्रस्त है। मृतका को दो पुत्र है आर्यन 10 वर्ष एवं सोनू 13 वर्ष है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि महिला की मौत के कारणों का पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# जनता की समस्याओं का समाधान रूचि लेकर करें : जिलाधिकारी

बैठक

**डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

**लालगंज।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 196 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। 9 का मौके पर निस्तारण किया गया। दिवस में राजस्व विभाग से 70 पुलिस 15 विकास से संबंधित 34 अन्य 77 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। शेष बचे प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारित करने का आदेश दिया गया। शनिवार को तहसील सभागार में फरियादी देवघट निवासी रूपेश श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि लेखपाल को समस्त कागजात दिए जाने के बावजूद वरासत नहीं किया गया जिसमें तहसीलदार को निर्देशित किया गया। नदौली निवासी श्यामलाल ने आरोप लगाया कि तालाब के भीटा पर मकान बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा है जिसमें रोकने हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया गया। पुरवाऔसान सिंह की ग्राम प्रधान कृष्णावती ने सार्वजनिक गौशाला बनवाने की मांग किया। चितांग निवासी सुनील कुमार ने पत्र देकर आरोप लगाया कि भूमि के सीमांकन के बावजूद भी दबंगों द्वारा जबरन ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाया। जिसमें लेखपाल एवं थाना प्रभारी लालगंज को निर्देशित किया गया। ग्राम धसडा में चकबंदी समिति के अध्यक्ष व समिति के सदस्यों ने धसड़ा में हो रही चकबंदी के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया जिसमें एसडीएम लालगंज को समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा, डीएफओ, नायब तहसीलदार द्वय राम नारायण वर्मा, मधु जैन, थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया आदि संबंधित विभाग के अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक लेखपाल मौजूद रहे।



समस्या का समाधान करतीं डीएम

# प्रार्थना पत्र लेकर मड़िहान तहसील पहुंचे 56 फरियादी

जनसंदेश न्यूज

**मड़िहान।** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस दौरान 56 फरियादी प्रार्थना पत्र लेकर पहुँचे। पांच मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी शिकायती पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का संबंधित को आदेश दिया गया। सबसे अधिक राजस्व विवाद व पेयजल से संबंधित प्रार्थना पत्र आये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह, सीओ आपरेशन अनिल कुमार पाण्डेय, तहसीलदार फूलचन्द्र यादव, नायब तहसीलदार विंदुनंदन सिंह, प्रभारी इंस्पेक्टर मड़िहान शैलेश कुमार राय, इंस्पेक्टर राजगढ़, इंस्पेक्टर सन्तनगर कमल टावरी, खण्ड शिक्षा अधिकारी रवीन्द्र शुक्ल, क्षेत्रीय वनाधिकारी सूर्यभूषण द्विवेदी आदि संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फरियादी को मिले समय पर न्याय, यही है शासन की मंशा : एडीएम वित्त

जनसंदेश न्यूज

आयोजन

**चुनार तहसील में एडीएम वित्त ने सुनी जनता की समस्यायें**

**चुनार।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों की समस्याओं को अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रसाद शुक्ल ने सुना। कुल 68 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें मौके पर दो का निस्तारण हुआ। सराय टेकौर मुहल्ले के मोतीलाल भारती व अन्य ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि मुहल्ले में स्थित संजय गांधी पार्क में मुहल्ले के रामनरेश ढोका पत्थर रखकर कब्जा करना चाहते हैं जिस पर एडीएम ने कार्रवाई करने का निर्देश एसडीएम चुनार को दिया। तहसील में मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि तहसील दिवस पर फरियादी उम्मीद और आशा के साथ अपनी समस्या लेकर आता है सही फरियाद करने वाले फरियादी की समस्या का निस्तारण करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। किसी भी फरियादी को समय पर मिले यही शासन की मंशा है। शासन की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारी व कर्मचारी जनता की समस्याओं का निस्तारण करें। जिससे फरियादी को बार-बार थाने और तहसील का चक्कर न लगाना पड़े। इस दौरान एसडीएम नीरज प्रसाद पटेल, तहसीलदार नुपूर सिंह व अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



जनता की समस्या का समाधान करते एडीएम

# प्रकारान्तर से होता है राष्ट्र का निर्माण : प्रो. एके सिंह

**मीरजापुर।** जीडी बिनानी पीजी कालेज, के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश शासन की ओर से प्रायोजित इन्वेस्ट इन मीरजापुर विषय पर एक विशाल गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. ए. के. सिंह, भूतपूर्व कुलपति, राजमाता विजया राजे सिंधिया, कृषि विश्व विद्यालयलय, ग्वालियर, मध्य प्रदेश थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राहुल सिंह, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत उत्तर प्रदेश शासन (नोडल अधिकारी), विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी वी.एस., मुख्य विकास अधिकारी, उद्योग विभाग के उपायुक्त अशोक कुमार, विशिष्ट अतिथि प्रो. अशोक कुमार सिंह प्राचार्य, केबीपीजी कालेज, आदि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य, प्रो. वीना सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. एके सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संवेदनशीलता से उत्तर प्रदेश में उद्यमिता एवं कौशल विकास तथा बेरोजगार युवकों के लिए अवसर की उपलब्धता प्रत्येक प्रान्तों से अधिक बढ़ी है। सम्पूर्ण भारत का ग्रोथ रेट 6.5 है जबकि उत्तर प्रदेश का भारत से अधिक 10 प्रतिशत ग्रोथ रेट है। व्यवहारिक कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए प्रो. एके सिंह ने कहा कि वर्तमान में बी.ए., बी.काम., बी.एस.सी. आदि के राहैण्ड बच्चों के समक्ष बेरोजगारी की सबसे बड़ी समस्या है। इस विषय को लेकर योगी सरकार अत्यन्त संवेदनशील है। प्रो. ने कहा कि परम्परागत खेती के साथ-साथ छात्र बन्धु आत्मनिर्भर बनने के लिए कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन, पशुधन उद्योग, कैस क्रॉप की खेती और तमाम लघु उद्योग लगा सकते है। इसके लिए सरकार ने 30 प्रतिशत मार्जिन मनी माफ करते हुए तमाम सरकारी एवं प्राइवेट बैंको एवं सरकारी कम्पनियों को लोन दिये जाने का निर्देश दिया है। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. ओम शंकर गुप्ता ने किया। सभा में डॉ. ध्रुवजी पाण्डेय, डॉ. उमेश सिंह, डॉ. राज मोहन शर्मा, डॉ. रेखा पाठक, आदि उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. वीना सिंह ने देते हुए सबके प्रति आभार व्यक्त किया।



मंच पर आसीन सीडीओ व एडीएम एनजी

# टीबी रोगियों को सरकार दे रही है पांच सौ का अनुदान

बोले सतीश शंकर

**टीबी रोग से मुक्ति को ग्रीन ग्रुप की महिलाओं से मांगा सहयोग**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** विकासखंड राजगढ़ अंतर्गत ग्राम सभा जंगल महाल बेचूबीर गांव में होप वेलफेयर ट्रस्ट की तरफ से बीएचयू प्रोफेसर डॉ निधि शर्मा के अध्यक्षता में टीबी रोगियों एवं ग्रामवासियों के बीच कंबल और स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत जिला क्षय रोग विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा भी अपनी विभागीय टीम के साथ उपस्थित होकर क्षेत्र के तमाम महिला पुरुषों के बीच टीबी के संपूर्ण लक्षणों एवं बचाव के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया, उनके द्वारा कार्यक्रम में मौजूद ग्रीन ग्रुप की महिलाओं से आग्रह किया गया कि आप सभी जिस प्रकार नशा मुक्ति व शिक्षा क्षेत्र में लोगों के बीच अपना योगदान दे रही हैं, उन्हीं योगदान क्रम में आप सभी इस क्षेत्र में कहीं भी बताए गए टीबी लक्षण प्रभावित व्यक्ति को पाती हैं तो उन्हें नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर भेज कर उनका निःशुल्क जांच वह इलाज सुविधा दिलाने में मदद करते हुए उनके जीवन रक्षक की भूमिका अदा करें। सतीश यादव द्वारा बताया गया कि पाए गए टीबी रोगी के खाते में सरकार द्वारा प्रतिमाह 500 पोषण योजना अंतर्गत दिया जा रहा है और यह धनराशि मरीज के पूरे इलाज अवधि तक दिया जाता है।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव दिव्यांशु उपाध्याय, को फाउंडर संदीप गुप्ता, शोध छात्रा जीनत, के साथ-साथ क्षय विभाग के अखिलेश यादव व सुरेश सिंह आदि उपस्थित रहे।



महिलाओं को जागरूक करते सतीश शंकर यादव

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे 680 मरीजों की जांच कर दवा वितरित की गयी

**अदलहाट।** विकास खण्ड नरायनपुर के शेरपुर स्थित श्री राम प्रसाद सिंह बालिका इंटर कालेज के परिसर शनिवार को शिविर लगाकर निःशुल्क जांच व दवा का वितरण किया गया। भारत विकास परिषद शाखा नरायनपुर के नेतृत्व में टेगरा मोड़ रामनगर स्थित एलिट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सौजन्य से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में शिशु एवं बाल रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, हड्डी रोग व न्यूरो, तथा मेडिसीन व पैथालॉजी के विशेषज्ञों की टीम डा. डीके गुप्ता के नेतृत्व में डा. बबीता गुप्ता, डा.ओपी सिह, डा.पीके सिह, डा.विवेकानन्द, डा.अभिषेक ने मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। कुल 680 मरीजों का जांच के बाद दवा वितरण किया गया। इस दौरान मुन्नू प्रसाद, डा.ओपी, तुलसी दास, प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र, राजकुमार, संजीत, जवाहर, नीतू, गरिमा, मीना, अभय सिंह, अजय, अभिषेक, रविन्द्र आदि तमाम लोग व्यवस्था में लगे रहे।

## संक्षेप

### 11 को आयोजित की जायेगी राष्ट्रीय लोक अदालत



**मीरजापुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों व मुकदमों के निस्तारण से सम्बन्धित लाभ के बारे में प्रचार वाहन के माध्यम से शहर, नगर एवं गांव-गांव के प्रत्येक नागरिकों जन जन तक जानकारी दिये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय दिवाकर प्रसाद चतुर्वेदी एवं अपर जिला जज त्वरित न्यायालय- प्रथम नोडल अधिकारी (रा0लो0अ0 वायु नन्दन मिश्र, अपर जिला जज, एफ.टी.सी/सचिव लाल बाबू यादव, आर्यव्रत बैंक के एल.डी.एम. व एल. ओ. वरिष्ठ अधिवक्ता बद्री विशाल ने संयुक्त रूप से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय से रवाना किया। जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल महोदय ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 11 फरवरी, को दीवानी न्यायालय परिसर में किया जायेगा। प्रधान न्यायाधीश दिवाकर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि परिवार न्यायालय में लम्बित वैवाहिक मामलें तथा प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवादों को लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा निस्तारण कराने का प्रयास किया जायेगा। अपर जिला जज नोडल अधिकारी वायु नन्दन मिश्र ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी न्यायालय, विद्युत विभाग एवं समस्त बैंकों के ऋण बकायेदारों के प्री-लिटिगेशन सुलह योग्य मामलों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### पूरे माह चलाये गये सड़क सुरक्षा माह अभियान का हुआ समापन

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में मीरजापुर में 05 जनवरी से 04. फरवरी 2023 तक सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। जिसके अन्तर्गत जनपद में पूरे माह चलाये गये अभियान में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसका समापन शनिवार को संभागीय परिवहन कार्यालय में किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विजय प्रकाश सिंह ने इस पूरे माह चलाये गये सड़क सुरक्षा कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि संजय कुमार तिवारी, ने इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि सड़क सुरक्षा का यह अभियान जो पूरे माह चलाया गया इसे हम सतत रूप से चलाते रहेंगें व यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करते रहेंगें। सराहनीय योगदान के लिए रोड सेफ्टी चैम्पियन के रूप में संभागीय परिवहन अधिकारी संजय कुमार तिवारी द्वारा एन.सी.सी. के 15 बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में संतोष कुमार सिंह सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन व प्रवर्तन), विजय प्रकाश सिंह संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वितीय, राजकुमार यात्रीकर अधिकारी, पुष्पेन्द्र सिंह संभागीय निरीक्षक, सलिल पाण्डेय पत्रकार, एन.सी.सी. बच्चे, रोडवेज चालक, आटो चालक एवं परिवहन विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले 01 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना को0देहात, मीरजापुर पर 14 सितम्बर 2022 को वादी गौरव सिंह पुत्र कमला शंकर सिंह निवासी अमोई थाना कोतवाली देहात मीरजापुर द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी कर जमीन का रजिस्ट्री करा लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना को0देहात पर धारा 420,467,468,471,504,506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। शनिवार को मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में निरीक्षक डी0पी0 यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्र नामजद आरोपी राकेश कुमार सिंह पुत्र लालमनी सिंह निवासी अमोई थाना को0देहात मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### रविवार को 10 से दो बजे तक नहीं होगी विद्युत आपूर्ति

**मीरजापुर।** फतहां घाट पर 33 के०वी० ओवरहेड लाइन अण्डर ग्राउण्ड हो जाने के कारण 2 पोल की ओवरहेड लाइन को डिस्मेन्टल करने हेतु 33 के0वी0 सिविल लाइन फीडर का शट डाउन पांच फरवरी को समय 10 बजे से 14 बजे तक रहेगा। जिसके कारण 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र सिविल लाइन, से पोषित 11 के0वी0 फीडर टाउन नं0-1 एवं 2 की विद्युत आपूर्ति उपरोक्त अवधि में बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए एक्सईन आर के सिंह ने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील किया है कि उक्त अवधि हेतु पानी की व्यवस्था कर ले एवं अपना अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

### साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ

**जमालपुर।** शनिवार को विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा बैकुंठपुर नारायनपुर शिव मंदिर पर साप्ताहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया गया। सदस्यों ने बताया कि संगठन का उद्देश्य संयुक्त व सामूहिक रुप से प्रत्येक शनिवार को श्री हनुमान चालीसा का पाठ नियमित रूप से प्रारम्भ किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से सम्भाग प्रभारी अजय जायसवाल, जिला प्रभारी प्रमोद गिरी, गोविन्द शंकर ओझा, डा. अजित, सिंह, लालता यादव, सुजित सिंह, निहाल जायसवाल, सन्तोष वर्मा, अजय केशरी, कन्हैया लाल, अरुण अग्रहरी, आशुतोष केशरी, पारस मौजूद रहे।

### बीजेपी की बैठक में डाटा प्रबंधन पर हुई चर्चा

अदलहाट। भारतीय जनता पार्टी मंडल नरायनपुर की आवश्यक बैठक शनिवार को सब्जी मंडी नरायनपुर स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में हुई जिसमें डाटा प्रबंधन के बारे में चर्चा किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को सरल एप लोड करने के बारे मे बताया गया। मुख्य अतिथि के रूप मंडल प्रभारी मोतीलाल पटेल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों के बारे में विचार विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डा.विजय सिंह और संचालन महामंत्री चंद्रशेखर सिंह ने किया। इस अवसर पर सुमित जायसवाल, मिथिलेश पाठक, सतवंत भारती, राजा साहब, लक्ष्मण सिंह, नारायण सिंह, अजीत कश्यप, सरोज साहनी, मुकेश पटेल, संतोष चौरसिया, श्रीकांत सिंह, तौकीर खान, अभिसेख पटेल, गंगेश्वर सिंह, कांता पटेल, शिव जायसवाल, पार्वती मौर्य, अनुपमा सेठ, रचना सेठ, कन्हैया गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

### मनीकठी और बनवारीपुर के बीच खेला गया मैच

**जिगना।** विकासखंड छानबे दिन शनिवार को ग्राम पंचायत विजयपुर में विजय क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट क्लब के द्वारा रानी तालाब पर टूनार्मेंट कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष तिवारी विशिष्ट अतिथि प्रधान संघ उपाध्यक्ष विनोद यादव, विजयपुर प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल, अवर अभियंता काशीनाथ, ग्राम विकास अधिकारी हरिश्चंद्र बिंद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा विजय क्रिकेट क्लब टूनार्मेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस टूनार्मेंट में मनीकठी और बनवारीपुर दोनों टीमें भाग लेकर के दोनों टीमें के बीच दोनों कप्तानों द्वारा टाश करा कर खेल शुरू कराया गया।

### शुरू हुआ कूड़ा संग्रह केंद्र का निर्माण

**जिगना।** विकासखंड छानबे में शनिवार को ग्राम पंचायत गोगांव में जेई अभय कुमार बिंद द्वारा कूड़ा संग्रह का नाप जोख कर बनाने की तैयारी ग्राम प्रधान सिया दुलारी प्रतिनिधि केशव यादव द्वारा शुरू कराया गया। ग्राम प्रधान द्वारा यह बताया गया कि यह कूड़ा संग्रह जल्द से जल्द हमारे द्वारा बनाकर तैयार करा दिया जाएगा। कूड़ा संग्रह की लंबाई 14 मीटर लंबा तथा चौड़ाई 16 मीटर है। जिसकी लागत लगभग 14 लाख है। कूड़ा संग्रह में कार्य करने वाले यंत्र का क्रय कराया जा रहा है। प्रधान प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि राजस्व कर्मियों की विलंब से कूड़ा संग्रह बनाने में विलंब हुआ है जिससे हम कार्य में तेजी लाएंगे। जिससे कि जल्द से जल्द तैयार हो सके।

### स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से 15 बच्चों की सेहत में सुधार

**मीरजापुर।** जेट्रोफा का फल खाने से 15 बच्चे शुक्रवार के शाम को बीमार हो गये थे। उनके सेहत में शनिवार को दोपहर तक सेहत सुधार हो गया। इस आशय की जानकारी मेडिकल कालेज के प्राचार्य आर0वी0 कमल ने प्रेसवार्ता के दौरान बतायी। मेडिकल कालेज के प्राचार्य ने बताया कि चुनार थाना के अन्तर्गत काशीराम आवास योजना में रहने वाले बच्चों की शुक्रवार की शाम को जेट्रोफा का फल खाने से तबियत खराब हो जाने के बाद उनको नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार में भर्ती कराया गया लेकिन सुधार न होने के कारण उनकी तबियत रात में खराब होने लगी। यह तथ्य मेरी संज्ञान में आया तब मैने खुद वहां से बच्चों को मंडलीय चिकित्सालय के रेफर करवाया और उनको तुरन्त इमरजेसी सेवा देना शुरू किया और उसके बाद उनको वार्ड में भर्ती किया गया। जिसके बाद शनिवार को दोपहर 12 बजे तक बच्चों के स्वास्थ्य में काफी हद तक सुधार हुआ और दो बच्चों को शनिवार की दोपहर तक छोड़ दिया और शेष बच्चों को रविवार शाम तक डिसचार्ज करने का निर्णय लिया गया है। इन बच्चों की हालत स्कूल के आने के बाद खेलते समय जेट्रोफा का फल खाने से बिगड़ी थी। किसी भी बच्चे को कहीं रेफर करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होने ने बताया कि बच्चों की देखभाल में पैरामेडिकल की टीम के अलावा चार डॉक्टरों की टीम को भी यह जिम्मेदारी दी गई है।

### महिला, पुरुष ओपेन चैम्पियनशिप का किया शुभारंभ

**मीरजापुर।** जनपद में पावरलिफ्टिंग के संस्थापक और इस विधा को सदैव उन्नयन की ओर ले जाने में समर्पित स्व० लालमणि सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित जिला स्तरीय महिला, पुरुष ओपेन चैम्पियनशिप में अनेक युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ ए एस जुबिली इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेन्द्र तिवारी ने फीता काटकर व उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में इस तरह के कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक है जिससे प्रतिभाओं की खोज तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाये। इस चैम्पियनशिप में जनपद के अनेक ख्यातिप्राप्त खिलाड़ियों के साथ ही संस्था के अध्यक्ष प्रेम शंकर सिंह पूर्व प्रधानाचार्य, सचिव कमलापति त्रिपाठी, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निधि सिंह पटेल, डॉ भूपेश कुमार सिंह प्रवक्ता, श्रीश कुमार श्रीवास्तव व खेल जगत से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

## सौराष्ट्र खिलाफ हारा पंजाब, सेमीफाइनल की चारों टीमें हुईं तय, जानें किसका किससे होगा मुकाबला

रणजी ट्रॉफी के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में सौराष्ट्र ने पंजाब को 71 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही उसने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। पंजाब को जीत के लिए 252 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम दूसरी पारी में 180 रनों पर ही सिमट गई। सौराष्ट्र की टीम अब दूसरे सेमीफाइनल में कर्नाटक के खिलाफ खेलेगी। दोनों के बीच रणजी ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल आठ फरवरी से बेंगलुरु में खेला जाएगा। मैच में सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उसने पहली पारी में 303 रन बनाए। पार्थ भुत ने नाबाद 111 और स्नेल पटेल ने 70 रन बनाए थे। पंजाब के लिए मंयक माकंर्डे ने चार और बलतेज सिंह ने तीन विकेट लिए। इसके बाद उसके बल्लेबाजों ने पहली पारी में 431 रन बनाए। नमन धीर ने 131, प्रभसिमरन सिंह ने 126 और कप्तान मनदीप सिंह ने 91 रन बनाए।



# क्लार्क से आगे निकल सकते हैं पुजारा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इन भारतीय बल्लेबाजों ने बनाए सर्वाधिक रन

## भारतीय टीम के लिए यह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी काफी महत्वपूर्ण, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को इस सीरीज में जीत हासिल करनी होगी

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज नौ फरवरी से शुरू हो रही है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 2017 के बाद भारतीय जमीन पर टेस्ट सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम के लिए यह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी काफी महत्वपूर्ण है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को इस सीरीज में जीत हासिल करनी होगी। अगर वह दो या तीन मैच जीत लेता है तो आसानी से फाइनल में पहुंच जाएगा।




***इस सीरीज के दौरान सबकी नजर***

अनुभवी चेतेश्वर पुजारा और पूर्व कप्तान विराट कोहली पर भी होगी। इनदोनों खिलाड़ियों का बल्ला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जमकर चला है। यहां तक कि मौजूदा टीम में शामिल खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा रन पुजारा-कोहली के ही हैं। पुजारा ने 20 मैच की 37 पारियों में 1893 रन बनाए हैं। वहीं, कोहली ने 20 मैचों की 36 पारियों में 1682 रन बनाए हैं।

***भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में तेंदुलकर के सबसे ज्यादा रन***

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए मैचों में सबसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर के हैं। उन्होंने 39 मैचों की 74 पारियों में 3630 रन बनाए थे। उनके बाद दूसरे स्थान पर रिकी पोंटिंग हैं। पोंटिंग का बल्ला भी भारत के खिलाफ खूब चला है। उन्होंने 29 मैचों की 51 पारियों में 2555 रन बनाए थे।

***क्लार्क और द्रविड़ को पीछे छोड़ सकते हैं पुजारा***

पुजारा भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में छठे स्थान पर हैं। अगर इस सीरीज में उनका बल्ला चलता है तो वह शीर्ष पांच में शामिल हो सकते हैं। पुजारा के पास ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क और भारत के मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ने का मौका होगा। क्लार्क ने 22 मैचों की 40 पारियों में 2049 रन बनाए थे। वहीं, द्रविड़ के नाम 32 मैचों की 60 पारियों में 2143 रन हैं। इस तरह वह अगर 157 रन बनाते हैं तो क्लार्क और 251 रन बनाते हैं द्रविड़ को पीछे छोड़ सकते हैं।

***कोहली-स्मिथ के पास भी शीर्ष-5 में शामिल होने का मौका***

स्मिथ दोनों टीमों की सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में आठवें और कोहली 10वें स्थान पर हैं। दोनों बल्लेबाजों का अगर बल्ला इस सीरीज में चलता है तो वह कई दिग्गजों को पीछे छोड़ सकते हैं।

## टेस्ट सीरीज से पहले विवादों में सिराज और उमरान, होटल में तिलक न लगवाने पर बवाल



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरूआत नौ फरवरी से हो रही है। दोनों टीमें चार टेस्ट मैच की सीरीज खेलेंगी। इसके बाद तीन वनडे की सीरीज भी खेली जाएगी, लेकिन इस सीरीज से पहले ही टीम इंडिया के दो अहम खिलाड़ी विवादों में फंसते दिख रहे हैं। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक का ने होटल में तिलक लगवाने से इंकार कर दिया था। इसी वजह से इन दोनों को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। हालांकि, कई फैंस उनका समर्थन भी कर रहे हैं। सिराज के अलावा भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर और स्पोर्ट स्टाफ के सदस्य हरि प्रसाद मोहन ने भी तिलक नहीं लगवाया था, लेकिन आलोचक जान बूझकर सिराज और उमरान पर निशाना बना रहे हैं और इस मामले को धार्मिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं।

## अंडर-17 भारतीय फुटबॉल टीम की सदस्य बनीं हिना, जॉर्डन में खेलेंगी



देवरिया जिले की बेटी हिना खातून की स्टिक का जादू जॉर्डन में दिखेगा। उनका चयन अंडर-17 भारतीय फुटबाल टीम में हुआ है और वह यूपी से इकलौती महिला खिलाड़ी हैं जिन्हें यह मौका मिला है। भारतीय फुटबॉल संघ की ओर से पिछले माह चेन्नई में आयोजित किए गए शिविर के बाद टीम की घोषणा की गई है। बघौचघाट थाना क्षेत्र के मझौवा निवासी मैनुद्दीन की पुत्री हिना खातून अपने पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर की हैं। पिता मैनुद्दीन मुंबई में ऑटो चलाते हैं। क्षेत्र के ही महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज कुर्मिपट्टी में कक्षा नौवीं की छात्रा हिना बचपन से ही फुटबाल के प्रति जुनूनी रहीं हैं। कुर्मीपट्टी खेल मैदान पर वह अपने प्रशिक्षक जयकुमार राव से खेल की बारीकियां सीखकर आगे बढ़ी हैं। स्कूली व स्टेट प्रतियोगिता में कई पदक जीत उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अच्छे खेल की बदौलत ही उनका चयन भारतीय टीम के चयन के लिए चेन्नई में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ था। दो फरवरी को भारतीय अंडर-17 टीम की घोषणा हुई, उसमें हिना का चयन भी मिडफील्डर के रूप में हुआ है।

# भारतीय जिम्नास्टिक दीपा कर्माकर डोप टेस्ट में फंसी, आइटीए ने लगाया 21 महीने का प्रतिबंध

## कर्माकर के डोप नमूने आईटीए द्वारा प्रतिस्पर्धा से इतर लिये गए

**नई दिल्ली।** स्टार जिम्नास्टिक खिलाड़ी दीपा कर्माकर पर अंतरराष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) द्वारा कराये गए डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बाद 21 महीने का प्रतिबंध लगा दिया गया है। पिछले साल भारतीय अधिकारियों द्वारा किया गया यह दावा कि उसका निलंबन डोपिंग संबंधित नहीं है, गलत साबित हुआ। कर्माकर के डोप नमूने आईटीए द्वारा प्रतिस्पर्धा से इतर लिये गए। आईटीए अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ (एफआईजी) के डोपिंग निरोधक कार्यक्रम का जिम्मा संभालने वाली स्वतंत्र एजेंसी है । कर्माकर का प्रतिबंध इस साल दस जुलाई को खत्म होगा क्योंकि उसके नमूने 11 अक्टूबर 2021 को लिये गए थे।



आईटीए ने एक बयान में कहा, आईटीए इसकी पुष्टि करता है कि दीपा कर्माकर पर 21 महीने का प्रतिबंध लगाया गया था जो 10 जुलाई 2023 को खत्म होगा। वह हिजेनामाइन के सेवन की दोषी पाई गई थी जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी की प्रतिबंधित सूची में है। आईटीए ने आगे कहा कि कर्माकर का डोप मसला एफआईजी के डोपिंग निरोधक नियमों और वाडा के प्रावधानों के तहत निपटा लिया गया था।

रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट में चौथे स्थान पर रही कर्माकर 2017 में सर्जरी के बाद से चोटों से जूझ रही है। उनका आखिरी टूनार्मेंट बाकू में 2019 विश्व कप था।

कर्माकर और उनके कोच बिशेश्वर नंदी ने उस समय डोप निलंबन के बारे में चुप्पी साधे रखी। भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ के अध्यक्ष सुधीर मित्तल ने भी कहा था कि उन्हें इस संबंध में एफआईजी से कोई सूचना नहीं मिली है। अधिकारियों ने यह तक कहा था कि उसे अनुशासन कारणों से निलंबित किया गया है, डोपिंग की वजह से नहीं।

## भारतीय तेज गेंदबाजों की रिवर्स स्विंग की एलेक्स कारी ने ऑस्ट्रेलिया को दिलाई याद



**अलूर।** भारतीय स्पिनरों पर फोकस करके अभ्यास में जुटी आस्ट्रेलियाई टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कारी ने याद दिलाया है कि भारतीय तेज गेंदबाज भी चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला में रिवर्स स्विंग से खतरनाक साबित हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने भारत दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेलने का फैसला किया है। इसकी बजाय सिडनी में स्पिनरों की मददगार पिच पर एसजी गेंदों से अभ्यास किया। कारी ने यहां चार दिवसीय अभ्यास शिविर से इतर पत्रकारों से कहा, पाकिस्तान दौरे से पहले स्पिनरों को लेकर काफी फोकस था लेकिन मुझे रिवर्स स्विंग काफी कठिन लगी। उन्होंने 2018 में बेंगलुरू में अभ्यास मैच की याद दिलाई जब मोहम्मद सिराज ने 11 विकेट लिये थे। उन्होंने कहा, मैंने 2018 में भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए के लिए चार दिवसीय अभ्यास मैच खेला था। उस समय स्पिन को लेकर काफी बात हो रही थी लेकिन हम यह भूल गए कि दोनों टीमों के तेज गेंदबाज भी रिवर्स स्विंग से कितने खतरनाक हो सकते हैं। कारी ने पिछले साल जुलाई में श्रीलंका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हम दो टेस्ट के लिये गॉल गए थे और वहां की विकेट भी अलग थी। इसलिए खुले दिमाग से जाना होगा कि सामना किससे होगा। वह कैसा टीम संयोजन लेकर उतरते हैं।

# महिला क्रिकेटर अर्चना निषाद के स्वागत को उमड़ा हुजूम, जनता व जनप्रतिनिधियों ने लिया हाथों हाथ

**उन्नाव।** उन्नाव की अर्चना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर जब शनिवार सुबह गृह जनपद पहुंची तो उसके स्वागत को जगह-जगह जनसमूह उमड़ पड़ा। जिसमें जनप्रतिनिधि, यूपीसीए व डीसीए पदाधिकारी ही नहीं खेल प्रेमियों सहित आमजन भी शामिल थे। जिले सहित सूबे को गौरवांवित करने वाली महिला क्रिकेट की नई (स्पिनर) सनसनी को किसी ने माला पहनाई, तो कोई उस पर फूलों की बारिश (चढ़ाकर) करते हुए आत्मिक सुख प्राप्त कर रहा था। कुछ लोगों ने उपहार भेंट करते हुए अपनत्व का एहसास कराते दिखाई दिए। संचार क्रांति के दौर में सुदूर गांव में रहने के बावजूद परिवार लगातार बेटी के संपर्क में था। इसलिए कानपुर पहुंचने से पहले ही मां सहित परिवार के अन्य लोग बिटिया से मिलने पहुंच चुके थे। सोशल मीडिया पर महानगर में हुए स्वागत का वीडियो वायरल होकर पड़ोसी जिले में पहुंचते ही स्वागत की तैयारियों की शुरूआत बचपन से जवानी तक स्वयं क्रिकेट को कॅरियर बनाने का सपना देखने वाले सदर विधायक ने करीबियों को शहर सीमा से लेकर कब्बाखेड़ा तक जगह-जगह स्वागत करने का संदेश प्रचारित कर दिया। तय कार्यक्रम के तहत क्रिकेटर को नौ बजे जाजमऊ स्थित जिले की सीमा में प्रवेश करना था, लेकिन वह करीब डेढ़ घंटे विलंब से यहां पहुंची। इसलिए विधायक जाजमऊ जाकर गदनखेड़ा चौराहा वापस आकर समर्थकों सहित अर्चना की प्रतीक्षा करते रहे। गदनखेड़ा पहुंचते ही समर्थकों सहित सदर विधायक ने आगे बढ़कर अर्चना को पुष्प गुच्छ आदि भेंट करते हुए माल्यार्पण करते हुए स्वागत करने लगे। विधायक ने महिला सशक्तिकरण की मिशाल बन चुकी बेटी को शॉल आदि भी भेंट किए।




यहां क्रिकेटर के काफिले को दर्जनों कार व करीब एक सैकड़ा दोपहिया वाहनों ने विस्तार देकर शहर में प्रवेश कराया। हालांकि ऐन वक्त पर जानकारी होने से शहर महिला क्रिकेटर की अगुवानी से अंजान था, लेकिन काफिला बढ़ने के साथ जगह-जगह लोग उत्सुकता से जानकारी करते हुए परिणाम तक पहुंचते रहे। यही कारण था कि शहर के बड़े स्वागत की तैयारी भले उंगलियों पर गिने जाने वाले लोगों ने शुरू की थी, लेकिन देखते ही देखते चौराहा एकत्र हुए लोगों की भीड़ से जाम हो गया। यहां संदीप निगम पिंकी लाला, संजीव गुप्ता सहित अन्य लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। इसके बाद पुराने ओवरब्रिज ढाल उतरते ही एक निजी गेस्ट हाउस में डीसीए की ओर से खड़े-खड़े स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जहां यूपीसीए के सचिव अरविंद कुमार श्रीवास्तव कमल, डीसीए सचिव पीके मिश्र राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, एआर खान व नवीन सिन्हा आदि ने गर्मजोशी से बेटी का स्वागत करते हुए आशीषों से नवाजा। इसी तरह सिविल लाइंस में हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय पदाधिकारी जिला प्रभारी विमल द्विवेदी की अगुवाई में लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इसके अलावा कब्बाखेड़ा व अब्बासबाग में भी लोग स्वागत को जुटे।

## सिख खिलाड़ी से बदसलूकी, फुटबॉल मैच में रेफरी ने पगड़ी उतारने को कहा



**मैड्रिड।** स्पेन में एक फुटबॉल मैच के दौरान रेफरी ने एक 15 वर्षीय सिख खिलाड़ी को खेल नियमों का हवाला देते हुए उससे पगड़ी के अंदर पहना जाने वाला पटका उतारने को कहा। सिखएक्सपो के इंस्टाग्राम पेज ने 'ला वनगार्डिया' अखबार के हवाले से बताया कि पिछले सभी मैचों में रेफरी ने अरातिया सी टीम के खिलाड़ी गुरप्रीत सिंह को पटका पहनने की अनुमति दी थी। अरातिया के अध्यक्ष पेड्रो ओरमजाबल ने अखबार को बताया कि वह कम से कम पांच साल से सामान्य रूप से खेल रहा है, इस सीजन में अब तक कभी भी कोई समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यह स्थिति गुरप्रीत के लिए अपमानजनक थी। गुरप्रीत और उनके टीम के सदस्यों ने यह समझाया कि पटका उनके धर्म से जुड़ा हुआ है। ओरमजाबल के इंस्टाग्राम पेज पर कहा गया था कि रेफरी द्वारा नियमों पर जोर देने पर गुरप्रीत के साथियों ने एकजुटता दिखाते हुए मैदान छोड़ने का फैसला किया। इस फैसले के बाद टीम को प्रतिद्वंद्वी टीम का भी समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि गुरप्रीत इस उम्मीद के साथ प्रतियोगिता में वापसी करने के लिए तैयार हैं कि इस तरह की स्थिति दोबारा सामने नहीं आएगी। फीफा के एक नियम के मुताबिक पुरुष फुटबॉल खिलाड़ी मैचों के दौरान पगड़ी पहन सकते हैं। सिख समुदाय के छोटे लड़के और किशोर अपने बालों को पटका से बांधते हैं।



# हमारी टीम स्पिन संयोजन के बारे में ज्यादा सोच-विचार नहीं कर रही : पैट कमिंस

## 'निश्चित रूप से हम ऐसे गेंदबाजों का चयन करेंगे जिनके बारे में हमें लगेगा कि वे 20 विकेट चटका लेंगे'

**बेंगलुरू।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम स्पिन संयोजन के बारे में ज्यादा सोच-विचार नहीं कर रही है क्योंकि उनके पास गुरुवार से नागपुर में भारत के खिलाफ शुरू हो रही चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन की मदद के लिए काफी विकल्प मौजूद हैं। भारत का दौरा कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने लियोन का साथ देने के लिये मिचेल स्वेपसन के साथ ऊंगली के स्पिनर एश्टोन एगर को शामिल किया है। कमिंस ने भारत पहुंचने के बाद पहली बार मीडिया से बातचीत करते हुए पत्रकारों से कहा, जब मिचेल स्टार्क वापसी करेगा तो हमारे पास ऊंगली और कलाई की स्पिन और बायें हाथ से तेज गेंदबाजी के काफी विकल्प हैं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से हम ऐसे गेंदबाजों का चयन करेंगे जिनके बारे में हमें लगेगा कि वे 20 विकेट चटका लेंगे। लेकिन हम इसमें कितने स्पिनर और कितने तेज गेंदबाज चुनेंगे, इसके बारे में अभी तक शत प्रतिशत सुनिश्चित नहीं हैं। टीम में दो स्पिनरों के आक्रमण को शामिल करने के बारे में पूछने पर कमिंस ने कहा, ह्यह्यनिश्चित रूप से यह परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। विशेषकर पहले टेस्ट में। जब हम नागपुर पहुंचेंगे, तभी देखेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम सोमवार को नागपुर के लिये रवाना होने से पहले यहां ट्रेनिंग करेगी। उन्होंने कहा, अच्छी चीज है कि एगर जैसा खिलाड़ी हमारी पिछली टीम में था, स्वेपसन पिछले दो विदेशी दौरों में खेला इसलिये थोड़ा अनुभव है। उन्होंने कहा, (टॉड) मर्फी (ऑफ स्पिनर) पिछले दौरे में खेले थे। हमें लगता है कि हमारे पास लियोन की मदद के लिये इस विभाग में काफी खिलाड़ी हैं। कमिंस (29 वर्ष) ने भी यह भी कहा कि मध्यक्रम बल्लेबाज ट्रेविस हेड के रूप में भी उनके पास ऑफ स्पिन विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने कहा हां, ट्रेविस हेड भी काफी अच्छी ऑफ स्पिन फेंकता है। हमारे पास चीजों का संतुलन है। हमारे पास चुनने के लिए काफी वैराइटी है। हमने अभी तक गेंदबाजी लाइन तय नहीं किया है। स्पिन गेंदबाजी के बारे में इतनी बातें हो रही हैं लेकिन कमिंस ने कहा कि उनकी टीम को अपने खतरनाक तेज गेंदबाजी आक्रमण को नहीं भूल सकती। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कभी कभार आप स्पिनरों के बारे में बात करते हुए आप भूल जाते हो कि हमारे पास सभी तरह की परिस्थितियों के लिये काफी तेज गेंदबाज मौजूद हैं।

## ऑस्ट्रेलिया जीत सकती है टेस्ट सीरीज, इस बार भारत घर पर कमजोर, चैपल ने दिया बयान



**मेलबर्न।** महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया चार मैचों की आगामी टेस्ट सीरीज जीत सकता है क्योंकि ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम कमजोर लग रही है। पंत सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद से लगभग पूरे साल नहीं खेल सकेंगे जबकि कमर की चोट से जूझ रहे बुमराह पहले दो टेस्ट से बाहर है। चैपल ने 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' में लिखा, ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला जीत सकता है। ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम कमजोर लग रही है। विराट कोहली पर बहुत अधिक दारोमदार होगा। हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने घुटने की चोट से उबरने के बाद रणजी ट्रॉफी के जरिये वापसी की और वह बृहस्पतिवार से नागपुर में शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिये टीम में हैं। चैपल ने कहा कि टर्निंग विकेटों पर नाथन लियोन की जगह एश्टोन एगर को तरजीह दी जानी चाहिये। उन्होंने कहा, स्पिनरों की मददगार पिच होने पर एश्टोन एगर को चुना जाना चाहिये क्योंकि ऊंगली की स्पिन अधिक सटीक होती है। अनिल कुंबले ने टेस्ट क्रिकेट में 619 विकेट लिये और वह तेज , सपाट लेग ब्रेक डालता था । बल्लेबाजों को पता होता था कि चूकने पर उनका विकेट गिर सकता है । एगर को भी यही करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आस्ट्रेलिया को कई पहलुओं पर काम करना होगा। उन्होंने कहा, डेविड वॉर्नर फॉर्म में नहीं है और भारत में उन्हें अपना टेस्ट रिकॉर्ड बेहतर करना होगा । उस्मान ख्वाजा, एलेक्स कारी, ट्रेविस हेड और कैमरन ग्रीन को शानदार स्पिनरों के सामने खुद को परखना होगा। मार्नस लाबुशेन अपने कैरियर का पहला बड़ा टेस्ट देंगे। चैपल ने कहा, ऑस्ट्रेलिया को अपनी प्रतिभा और हुनर का पूरा निचोड़ लगाना होगा। भारत में जीतना अब उतना मुश्किल नहीं है। अब नियमित दौरे हो रहे हैं और आईपीएल से काफी अनुभव मिल ही गया है।

# असम में बाल विवाह के खिलाफ एक्शन जारी, अब तक 2044 लोग गिरफ्तार

## ओवैसी-अजमल बोले- ये सरकार मुस्लिम विरोधी, 23 जनवरी को सीएम हिमंत बिस्वा के नेतृत्व में असम कैबिनेट ने बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर फैसला लिया था

**गुवाहाटी।** असम में बाल विवाह के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर राज्य में हड़कंप भी मचा हुआ है। पुलिस बाल विवाह कराने वालों को गिरफ्तार करने में जुटी है। यह एक्शन राज्य के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा के आदेश पर हो रहा है। इस अभियान के तहत पूरे राज्य में 4074 मामले दर्ज किए गए। वहीं 57 काजी और पुजारी समेत कुल 2044 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।
असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, अब तक पूरे असम में बाल विवाह से संबंधित 4,074 मामले दर्ज किए गए जबकि 8,134 लोगों की पहचान आरोपी के रूप में की गई है। आज सुबह तक 2,211 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बाल विवाह




के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। हमें लगभग 3,500 लोगों को गिरफ्तार करना होगा। असम पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) जीपी सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के निर्देश पर बाल विवाह करने वाले पतियों के खिलाफ राज्यभर में अभियान चलाया गया। इन अभियानों में 2044 लोग गिरफ्तार किए गए, जबकि 4074 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। इस मामले में नवनियुक्त असम पुलिस निदेशक जीपी सिंह ने कहा कि 12-13 वर्ष की लड़कियां भी इस आंकड़े में शामिल हैं, जो समय से पहले गर्भवती होकर चिकित्सकीय परेशानी उत्पन्न करती हैं। आईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, जिनकी शादी हो चुकी है उन लड़कियों का आप क्या करेंगे? उनकी देखभाल कौन करेगा? आपने (असम सरकार) 4,000 मामलें दर्ज किए। आप नए स्कूल क्यों नहीं खोल रहे हैं? असम में भाजपा की सरकार मुसलमानों के प्रति पक्षपाती है। उन्होंने ऊपरी असम में भूमिहीन लोगों को जमीन दी लेकिन निचले असम में ऐसा क्यों नहीं कर रहे? ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के चीफ, मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। सांसद बदरुद्दीन अजमल ने पुलिस की इस पूरी कार्रवाई पर सवाल खड़े करते हुए इसे मुस्लिम विरोधी बताया। एआईयूडीएफ नेता ने कहा, शादी ब्याह 18 साल से पहले नहीं हो। हम भी इसके पक्ष में हैं, लेकिन ये तरीका नहीं है जो सरकार कर रही है। ये बिल्कुल मुस्लिम मुखालिफ है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके तहत गिरफ्तार लोगों में 90 फीसदी मुसलमान ही होंगे।

**क्या है पूरा मामला?**

23 जनवरी को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम कैबिनेट ने बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर फैसला लिया था। सीएम सरमा ने बाल विवाह को जघन्य और अक्षम्य अपराध बताते हुए इसके खिलाफ कार्रवाई की बात कही थी। इसके साथ ही एक बड़ा बदलाव कानून में यह भी किया गया था कि 14 साल से कम उम्र में लड़की की शादी करने के मामले पॉक्सो एक्ट लगाने को मंजूरी दी गई।

### स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का लगाया आरोप

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उद्योगपति गौतम अडाणी की कंपनियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग को लेकर संसद की कार्यवाही बाधित करने को लेकर शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। अडाणी मामले में जांच की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन स्थगित हो गई थी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, सरकार ने बार-बार कहा है कि वह किसी भी वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन वे (विपक्ष) इसे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के साथ शुरू क्यों नहीं करते? ऐसा इसलिए क्योंकि विपक्ष ने हमेशा एक रुख अपनाया है, जो भारत के राष्ट्रपति विरोधी है और देश के प्रत्येक नागरिक को यह पता है। मंत्री ने कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक ऐसा अभिभाषण दिया है, जो न केवल भारत के भविष्य की नींव रखता है, बल्कि हमारी वर्तमान क्षमता को भी प्रदर्शित करता है और इन मुद्दों पर चर्चा करने की आवश्यकता है।

### जैसलमेर पहुंचीं कियारा आडवाणी, छह फरवरी को लेंगी सिद्धार्थ के साथ सात फेरे

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे क्यूट कपल में से एक सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में दोनों शाही अंदाज में सात फेरे लेने जा रहे हैं। इस शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। फैंस भी लंबे समय से इस जोड़े को दूल्हा-दुल्हन बने देखने के लिए बेताब हैं। कियारा और सिद्धार्थ के शादी के फंक्शन आज (4 फरवरी) से शुरू हो रहे हैं। इसके लिए दोनों सितारों के घरवाले जैसलमेर पहुंच चुके हैं। जानकारी के मुताबिक दोनों की शादी के फंक्शंस में केवल करीबी रिश्तेदार और दोस्त ही शामिल होंगे। दोनों ही सितारों की तस्वीरें कैमरे में कैद कर ली गईं। जहां कियारा व्हाइट ड्रेस और पिंक दुपट्टे में बला की खूबसूरत लग रही थीं। वहीं, दूल्हा बनने जा रहे सिद्धार्थ डैशिंग लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस डेस्टिनेशन वेडिंग में बॉलीवुड के कई सितारों के शामिल होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि रॉयल वेडिंग में 80 मेहमान शामिल होंगे।



## खास खबर

### औरंगाबाद में बाल्टी भर जिंदा कारतूस बरामद, पहले मिले थे 162 आईइडी

औरंगाबाद। बिहार के औरंगाबाद जिले में बड़ी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। ये कारतूस सीआरपीएफ और बिहार एसटीएफ ने साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन के तहत बरामद किए हैं। औरंगाबाद जिले के चक्रबंधा इलाके में एक बाल्टी में जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। कारतूस से भरी बाल्टी पत्थरों के बीच में मिट्टी के अंदर छिपाई गई थी। याद रहे अभी पिछली 28 जनवरी को औरंगाबाद में विस्फोटों का एक जखीरा नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस और सीआरपीएफ ने मिलकर बरामद किया था। इसमें 162 आईईडी बरामद किए थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान टीम ने 13 आईईडी बरामद कर डिफ्यूज किया जबकि 149 आईईडी एक गुफा मिले थे। इस सर्च ऑपरेशन से नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम किया था।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बारूदी सुरंग की चपेट में आया सैनिक

पुंछ/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शनिवार सुबह बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट की चपेट में आकर सेना का एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बारूदी सुरंग में विस्फोट उस समय हुआ, जब सैनिकों का एक समूह सुबह केरनी सेक्टर स्थित एक अग्रिम इलाके में गश्त कर रहा था। अधिकारियों के मुताबिक, घायल सैनिक लांसनायक अंशुल रावत को तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई और बाद में उन्हें विशेष उपचार के लिए उधमपुर के कमान अस्पताल में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि घुसपैठ रोकने की प्रणाली के तहत अग्रिम क्षेत्रों में बारूदी सुरंगें बिछाई जाती हैं, जो कभी-कभी बारिश से बह जाती हैं और इसके परिणामस्वरूप इस तरह की दुर्घटनाएं होती हैं।

### पीएम मोदी कर्नाटक में 'भारत ऊर्जा सप्ताह' का करेंगे उद्घाटन

#### पेट्रोल के साथ 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण ई20 की शुरुआत करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को कर्नाटक के एक दिवसीय दौरे पर देश की ऊर्जा क्षेत्र के पावरहाउस के तौर पर बढ़ती ताकत का प्रदर्शन करने के मकसद से पेट्रोल के साथ 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण ई20 की शुरुआत करेंगे और भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन करेंगे। एक बयान के अनुसार, वह ग्रीन मोबिलिटी रैली समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। वह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए तुमकुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की एक हेलीकॉप्टर फैक्ट्री का उद्घाटन भी करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 615 एकड़ में फैली ग्रीनफील्ड हेलीकॉप्टर फैक्ट्री को देश की हेलीकॉप्टर संबंधी सभी जरूरतों के लिए एक ही जगह समाधान उपलब्ध कराने के इरादे से बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि यह भारत की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर निर्माण फैक्ट्री है और शुरुआत में यह लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर बनाएगी। एचएएल की 20 साल में 3-15 टन में



1,000 से अधिक हेलीकॉप्टर बनाने की योजना है। इस फैक्ट्री के उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। मोदी तुमकुरु औद्योगिक शहर और तुमकुरु में दो जल जीवन मिशन परियोजनाओं की भी नींव रखेंगे। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री इंडियन ऑयल की अनबॉटल्ड पहल के तहत यूनीफॉर्म की भी शुरुआत करेंगे और प्रत्येक यूनीफॉर्म प्लास्टिक की करीब 28 बोतलों को फिर से इस्तेमाल में लाकर बनायी गयी है। वह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की इंडोर सौर कूकिंग प्रणाली के ट्विन-कुकटॉप मॉडल का भी अनावरण करेंगे।

### दुखदः घर में मृत मिलीं पद्म भूषण से सम्मानित मशहूर गायिका वाणी जयराम, जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली।** मनोरंजन जगत से एक दुखद खबर सामने आई है। इसी साल पद्म भूषण से सम्मानित हुईं दिग्गज गायिका वाणी जयराम का निधन हो गया है। 77 वर्षीय गायिका चेन्नई में अपने घर में मृत पाई गई हैं। उनके निधन की खबर सामने आने के बाद ही इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। वाणी जयराम की मौत की जांच के लिए पुलिस भी उनके घर पर पहुंच चुकी है। वहीं, वाणी जयराम के घर पर काम करने वाली मलारकोडी का भी बयान सामने आ गया है। मलारकोडी ने कहा, 'मैंने पांच बार घंटी बजाई, लेकिन उन्होंने दरवाजा नहीं खोला। यहां तक कि मेरे पति ने भी उन्हें फोन किया लेकिन उन्होंने कॉल भी नहीं उठाया। इस घर में वह अकेले ही रहती थीं।' बता दें कि वाणी जयराम ने हिंदी, तमिल तेलुगु, मलयालम, मराठा, बंगाली समेत कई भाषाओं में 10 हजार से ज्यादा गानों को अपनी आवाज दी है। बॉलीवुड फिल्म गुड्डी (1971) में उन्होंने बोले रे पपीहा रे गाना गया था। वाणी जयराम को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका के लिए तीन बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा उन्हें तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात और ओडिशा से राज्य पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं।

# उत्तराखंड में एवलांच का खतरा, दिल्ली-एनसीआर में ठंड से राहत

## उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले में एवलांच आने की आशंका, जिला प्रशासन को अलर्ट रहने के निर्देश दिए

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत समेत देश के कई राज्यों में मौसम लगातार करवट ले रहा है। उत्तर भारत के कई राज्यों में अब ठंड से राहत मिलती दिखाई दे रही है। हालांकि, मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शनिवार को तेज हवाओं के चलते हल्की ठंड का अहसास हो सकता है। साथ ही अगले कुछ दिन तक खुशनुमा मौसम बना रहेगा।
मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन-चार दिनों के दौरान दिल्ली-एनसीआर मौसम खुशगवार रहेगा। अगले कुछ दिनों तक सुबह धूप रहेगी और रात में हल्की ठंड रहेगी। मौसम विभाग का अनुमान है दिन के समय तेज धूप के चलते तापमान में बढ़ोतरी होगी। बता दें कि शनिवार को अधिकतम तापमान 25 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।
उत्तर प्रदेश में भी ठंड से फिलहाल राहत है। हालांकि, यूपी में दिन व रात का



तापमान लगातार बदल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, यूपी के कई जिलों में हल्की धुंध देखने को मिलेगी। इसके अलावा प्रदेश में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 24 डिग्री रह सकता है। वहीं, बिहार में पश्चिम से चलने वाली ठंडी हवा का असर बरकरार है। शाम होते ही यहां के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार में अभी ठंड से राहत नहीं मिलने वाली है। बिहार के भागलपुर में सात फरवरी तक पछिया हवा चलने की संभावना है। वहीं, दूसरे जिलों में भी ठंड बरकरार रहेगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर को लेकर मौसम विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू संभाग में हल्की बारिश और कुछ स्थानों पर हिमपात की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने कहा जम्मू संभाग में आम तौर पर शुष्क मौसम के साथ घाटी में छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश/बर्फबारी की संभावना है।
मौसम विभाग ने के अनुसार, अगले 2 दिनों के दौरान मध्य प्रदेश और ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में शीतलहर की स्थिति की संभावना है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान में मामूली इजाफा हो सकता है। उत्तराखंड में एक बार फिर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। राज्य में अगले 24 घंटे में एवलांच आने की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने इसको लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले में एवलांच आने की आशंका है। जिसको देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने संबंधित जिला प्रशासन को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

### केंद्र में भाजपा की सरकार हर एक से लड़ रही : अरविंद केजरीवाल

#### राज्यों, न्यायाधीशों, किसानों और व्यापारियों समेत सभी से लड़ती हैं बीजेपी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पर राज्यों, न्यायाधीशों, किसानों और व्यापारियों समेत सभी से लड़ने का शनिवार को आरोप लगाया। केजरीवाल ने न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित कॉलिजियम प्रणाली के उच्चतम न्यायालय और केंद्र के बीच टकराव का प्रमुख बिंदु बनने संबंधी एक समाचार रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को दूसरों के काम में दखल नहीं देने की सलाह दी। केजरीवाल ने ट्वीट किया, केंद्र सरकार सबसे लड़ती क्यों है? न्यायाशीशों से, उच्चतम न्यायालय से, राज्य सरकारों से, किसानों से, व्यापारियों से? सबसे लड़ने से देश की तरक्की नहीं होगी। आप अपना काम करो, दूसरों को उनका काम करने दो। सबके काम में दखल मत दो। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) का शासन और अधिकार क्षेत्र संबंधी



विभिन्न मसलों को लेकर केंद्र द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल के साथ कई मौकों पर टकराव हो चुका है। केजरीवाल के साथ उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और इआप्रह विधायकों ने पिछले महीने स्कूली अध्यापकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने के उनकी सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी देने में कथित देरी को लेकर राज निवास तक मार्च निकाला था। उन्होंने केंद्र पर सरकारों को गिराने और विधायकों को खरीदने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया था। ईडी ने दिल्ली में कथित आबकारी घोटाले के मामले में हाल ही में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### ट्रांसजेंडर कपल अपने पहले बच्चे का दुनिया में करेगा स्वागत, भारत में पहला ऐसा केस

#### केरल के एक ट्रांसजेंडर कपल पहली बार माता-पिता बनने वाले

**कोझिकोड (केरल)।** कोझिकोड (केरल) के एक ट्रांसजेंडर कपल पहली बार माता-पिता बनने वाले हैं। ट्रांस महिला जिया ने बताया कि 3-साल से उनके साथ रहने वाले जहाद पवल बच्चे को जन्म देंगे जो कथित तौर पर प्रेग्नेंट होने वाले भारत के पहले ट्रांस पुरुष हैं। जहाद का महिला से पुरुष बनने की परिवर्तन प्रक्रिया बच्चे के जन्म तक रोक दी गई है।




केरल में एक ट्रांसजेंडर दंपति ने घोषणा की है कि वे अगले महीने दुनिया में अपने पहले बच्चे का स्वागत करेंगे। देश में किसी ट्रांसजेंडर व्यक्ति के गर्भधारण का संभवतः यह पहला मामला है। पेशे से नर्तकी जिया पावल ने इंस्टाग्राम पर घोषणा की कि उनके पार्टनर जहाद के गर्भ में आठ महीने का शिशु पल रहा है। पावल ने इंस्टाग्राम पोस्ट में बताया, मेरा मां बनने और उसका पिता बनने का सपना अब पूरा होने वाला है। जहाद के गर्भ में आठ महीने का भ्रूण है... हमें यह पता चला है कि भारत में किसी ट्रांसजेंडर व्यक्ति के गर्भधारण का यह पहला मामला है।
यह जोड़ा बीते तीन साल से साथ रह रहा है और हॉरमोन थेरेपी करा रहा था। हालांकि, जहाद पुरुष बनने वाले थे, लेकिन बच्चे की चाह में उन्होंने इस प्रक्रिया को रोक दिया। जहाद स्तन हटाने के लिए सर्जरी कराने वाले थे, लेकिन उन्होंने गर्भधारण के कारण इसे टालने का फैसला किया। पावल ने गर्भावस्था के विभिन्न चरणों में सहयोग करने के लिए अपने परिवार और डॉक्टरों का शुक्रिया अदा किया।

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा अपने काम के बल पर सत्ता में वापसी करेगी: येदियुरप्पा

#### भाजपा में भ्रम की कोई स्थिति नहीं है और पार्टी एकजुट है

**बेंगलुरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी. एस. येदियुरप्पा ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के 10-12 अप्रैल से पहले होने की शनिवार को संभावना जताई और दावा किया कि राज्य और केंद्र सरकार के कार्यों की बदौलत इस चुनाव में भाजपा अपने बूते कर्नाटक की सत्ता में वापसी करेगी। येदियुरप्पा ने दावा किया कि भाजपा में भ्रम की कोई स्थिति नहीं है और पार्टी एकजुट है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया और विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं और अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय का समर्थन हासिल करने को कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वे दिन चले गए, जिसमें सत्ता पाने के लिए धन, बाहुबल और सांप्रदायिक राजनीति का सहारा लिया जाता था। येदियुरप्पा ने कहा,



विधानसभा चुनाव 10-12 अप्रैल से पहले होने की उम्मीद है। कोई भी भाजपा को स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाने से नहीं रोक सकता और पार्टी विधानसभा चुनाव में 130 से 140 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। कांग्रेस नेता सिद्धरमैया और डी.के.शिवकुमार के जनता के बीच जाने और स्वयं को अगला मुख्यमंत्री बताने के दावे पर निशाना साधते हुए येदियुरप्पा ने कहा, मैं कांग्रेस नेताओं से पूछना चाहता हूं क्या राहुल गांधी आपके नेता हैं? हमारे (भाजपा के) पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे मजबूत नेता हैं, जिन्हें वैश्विक स्तर पर प्रेम किया जाता है।

# बिल गेट्स ने बनाई रोटी और घी चपोड़कर खाई...मोदी बोले- बाजरा भी ट्रेंड में है

## बकौल गेट्स, एटान हाल ही में बिहार में सामुदायिक कैंटीन दीदी की रसोई की महिलाओं से मिले और परफेक्ट रोटी बनाना सीखा

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर और दुनिया के चौथे सबसे अमीर शख्स बिल गेट्स ने शेफ एटान बरनाथ के साथ रोटी बनाकर खाई। गेट्स ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें दोनों रोटी बनाकर उस पर घी लगाते दिख रहे हैं। बकौल गेट्स, एटान हाल ही में बिहार में सामुदायिक कैंटीन दीदी की रसोई की महिलाओं से मिले और परफेक्ट रोटी बनाना सीखा।
माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक और अरबपति बिल गेट्स के रोटियां बनाने का वीडियो काफी वायरल हो चुका है। इसमें बिल गेट्स, शेफ ईटन बर्नथ के साथ है और चम्मच से आटा गूंथते दिख रहे हैं। वीडियो में गेट्स रोटियां भी बेलते हैं और फिर रोटी को घी के साथ चटकारे लेकर खाते हैं। इस वीडियो को





शेफ ईटन बर्नथ ने अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है। अब इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया भी आई है। उनकी टिप्पणी भी सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोर रही है। पीएम मोदी ने गेट्स के रोटी बनाने की कोशिशों की तारीफ करते हुए कहा, यह शानदार था, साथ ही उन्हें बाजरा जैसे हेल्दी ऑप्शन भी सुझाए। भारत में इन दिनों बाजरे की रोटी ट्रेंड में है, जो हेल्दी होता है। कई बाजरे के व्यंजन भी हैं जिन्हें आप बनाकर देख सकते हैं। इस ट्वीट में पीएम ने स्माइली इमोजी का भी इस्तेमाल किया है। वीडियो की शुरुआत में शेफ ईटन बर्नथ माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स का परिचय करवाते हैं। फिर वह गेट्स को नई डिश यानी भारतीय रोटी के बारे में बताते हैं। इसके बाद बिल गेट्स आटा गूंथते और रोटियां बेलते नजर आते हैं। इसी बीच बर्नथ, गेट्स को बताते हैं कि उन्होंने रोटी बनाना भारत यात्रा के दौरान बिहार में रोटी बनाना दीदी की रसोई की महिलाओं से सीखा था। उन्होंने कहा कि मैं भारत में गेहूं की खेती करने वाले किसानों से भी मिला था।

### बिहार में पीएफआई के तीन संदिग्ध सदस्य गिरफ्तार, पूछताछ के लिए हिरासत में लिया

**पटना।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने पूर्वी चंपारण जिले के चकिया अनुमंडल क्षेत्र से प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) संगठन के तीन संदिग्ध सदस्यों को शनिवार सुबह हिरासत में लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) जे एस गंगवार ने संवाददाताओं से कहा, बिहार पुलिस की मदद से एनआईए की टीम ने पीएफआई के तीन संदिग्ध सदस्यों को पकड़ा। राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों की संयुक्त पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में और अधिक गिरफ्तारियों से इनकार नहीं किया जा सकता है। गृह मंत्रालय ने पिछले साल सितंबर में आतंकवादी समूहों से संबंध रखने और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पीएफआई और उससे जुड़े संगठनों पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।



**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को झारखंड के देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की और नैनो यूरिया कारखाने की नींव रखी। देवघर के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने यहां मीडिया को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि शाह देवघर हवाई अड्डे पर उतरने के बाद सीधे बाबा वैद्यनाथ का दर्शन पूजन करने सपरिवार पहुंचे और मंदिर में विशेष पूजा की। बाद में उन्होंने एक भव्य कार्यक्रम में नैनो यूरिया कारखाने की नींव रखी।**


सेंसेक्स
909.64 अंकों की बढ़त के साथ 60,841.88 अंकों के लेवल पर बंद हुआ


सोना
57375 रुपए प्रति 10 ग्राम पर



# अडानी मामले का अर्थव्यवस्था पर असर नहीं, नियामक एजेंसियां कर रही हैं अपना काम: निर्मला सीतारमण

## वित्त मंत्री ने कहा कि बाजार नियामक इकाइयां अपना काम बखूबी कर रही



**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और इस पर अडानी एंटरप्राइजेस विवाद का कोई असर नहीं पड़ेगा। बजट को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 24 के लिए हाल ही में पेश किए गए बजट का मुख्य फोकस विकास पर है। उन्होंने कहा कि बजट प्रस्ताव में राजकोषीय समेकन और विकास, दोनों पर सामान रूप से ध्यान दिया गया है। इनके बीच संतुलन स्थापित करना ही सरकार का लक्ष्य है।
उन्होंने एक आउटरीच इवेंट में मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ भाग लिया। सीतारमण ने कहा कि विकास हमारे बजट का मुख्य फोकस है। हम उस रिकवरी को बनाए रखना चाहते हैं। उन्होंने विकास सुनिश्चित करने का श्रेय देश के लोगों को दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों ने देश को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई राहत और नीतिगत उपायों को आत्मसात किया।
वित्त मंत्री ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सार्वजनिक पूंजीगत व्यय पर अधिक राशि खर्च करने की इच्छा के अनुरूप है। इसलिए बजट में इसके तहत 10 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्त मंत्री से जब पूछा गया कि क्या वैश्विक वित्त बाजार में भारत की स्थिति अडानी एफपीओ पुलआउट के मद्देनजर कमजोर हुई है, तो उन्होंने कहा कि पिछले 2 दिनों में विदेशी मुद्रा भंडार 8 बिलियन (डॉलर) बढ़ गया है। हमारे मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल या अर्थव्यवस्था की छवि प्रभावित नहीं हुई है।
उन्होंने कहा कि एफपीओ आते हैं और निकल जाते हैं। ये उतार-चढ़ाव हर बाजार में होता है। लेकिन हकीकत यह है कि पिछले कुछ दिनों में हमारे पास 8 बिलियन आए हैं। यह साबित करता है कि भारत और इसकी अंतर्निहित ताकत के बारे में धारणा मजबूत हुई है। नियामक एजेंसियां अपना काम बखूबी कर रही हैं। आरबीआई ने बयान जारी कर दिया है। उससे पहले बैंकों और एलआईसी ने अडानी समूह में अपने एक्सपोजर के बारे में बताया है। वित्त मंत्री ने कहा कि बाजार नियामक इकाइयां अपना काम बखूबी कर रही हैं, ताकि बाजार अच्छी तरह से विनियमित हो। बाजार को अच्छी तरह से विनियमित रखने के लिए सेबी अपना काम कर रही है। उसके पास इस मामले से निपटने के सभी साधन हैं।

## सात ट्रेडिंग सेशन में अदाणी समूह का मार्केट कैप 9 लाख करोड़ घटा



**नई दिल्ली।** पिछले सात कारोबारी सेशन में अदाणी समूह का मार्केट कैप नौ लाख करोड़ कम हो गया है। 24 जनवरी 2023 को अदाणी समूह का कुल मार्केट कैप 19.2 लाख करोड़ था तो 3 फरवरी के कारोबारी सेशन के बाद महज 10 लाख करोड़ रह गया।
दलाल स्ट्रीट में अदाणी समूह की 10 कंपनियां लिस्टेड हैं ये कंपनियां हैं अदाणी पावर, अदाणी टोटल गैस, अदाणी विल्मार, अदाणी ग्रीन, अदाणी ट्रांसमिशन, अदाणी पोट्र्स, अदाणी एंटरप्राइजेज, अंबुजा सीमेंट्स, एसीसी और एनडीटीवी। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से इन कंपनियों के शेयर अब तक लगभग 50 प्रतिशत तक लुढ़क चुके हैं।
पिछले सात कारोबारी सेशन में अदाणी टोटल गैस के शेयर सबसे ज्यादा पिटे हैं। कंपनी के शेयर 3885.45 रुपये से 51% लुढ़ककर 1901.65 रुपये पर पहुंच गए हैं। अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में 40% की गिरावट दर्ज की गई है। समूह की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 38% तक टूटे हैं। अदाणी ट्रांसमिशन 37% तक फिसले हैं। अदाणी पोट्र्स ओर सेज के शेयरों में 35% की गिरावट दर्ज की गई है। अंबुजा सीमेंट्स के शेयरों में 33% की गिरावट दर्ज की गई है। अदाणी विल्मार के शेयर 23% तक लुढ़के हैं। अदाणी पावर, एसीसी और एनडीटीवी के शेयर क्रमशः 22.5%, 21% और 17% तक टूट गए हैं। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार (3 फरवरी) को भी शुरूआती कारोबार में अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों में 35% की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के शेयरों में यह कमजोरी एसएंडपी डाउ जोंस के यह कहने के बाद आया कि उसके स्थिरता सूचकांक से अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 7 फरवरी से हटा दिए जाएंगे। हालांकि बीएसई पर कंपनी के शेयर आखिरकार एक प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे।

## बेहतर एमआर टेक्नोलॉजी पेश करेगा मेटा का नया हेडसेट: जुकरबर्ग

**सैन फ्रांसिस्को।** मेटा के संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि अगली जनेरेशन के कंज्यूमर हेडसेट को इस साल के अंत में लॉन्च किया जाएगा, इसमें बेहतर मिक्स्ड रियलिटी (एमआर) टेक्नोलॉजी होगी।जुकरबर्ग ने कहा, मेटा रियलिटी इकोसिस्टम अपेक्षाकृत नया है, लेकिन मुझे लगता है कि यह अगले कुछ सालों में काफी बढ़ने वाला है। इस साल के अंत में, हम अपने अगली जनेरेशन के कंज्यूमर हेडसेट लॉन्च करने जा रहे हैं, इसमें मेटा रियलिटी भी शामिल होगी, और मुझे उम्मीद है कि यह इस टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ने वाले सभी हेडसेट्स के लिए बेसलाइन के रूप में स्थापित करने जा रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कंपनी के वर्जुअल रियलिटी (वीआर) डिवाइज पर अब 200 से अधिक एप्लिकेशन हैं, जिन्होंने 1 मिलियन डॉलर से अधिक राजस्व कमाया है। पिछले महीने मेटा ने नए हैंड ट्रैकिंग 2.1 अपडेट के साथ अपनी क्वेस्ट की हैंड ट्रैकिंग टेक्नोलॉजी में सुधार किया था, जो यूजर्स के वीआर एप्लिकेशन में विश्वसनीयता, सटीकता और सिस्टम पिंच क्वालिटी में अपग्रेड की सुविधा देता है।

## मुख्यमंत्री योगी ने वीएफएस ग्लोबल के जॉइंट वीजा एप्लिकेशन सेंटर और स्किलिंग एकेडमी का उद्घाटन किया

### वीएफएस ग्लोबल जॉइंट वीजा एप्लिकेशन सेंटर (वीएसी) यूपी के लिएवैश्विक प्रवेशद्वार होगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 4 फरवरी 2023 को वीएफएस ग्लोबल जॉइंट वीजा एप्लिकेशन सेंटर (जेवीएसी) और वीएफएस ग्लोबल एकेडमी का उद्घाटन कर राज?य के लिए नया वैश्विक प्रवेशद्वार खोल दिया है। वीएफएस ग्लोबल सरकारों और राजनयिक मिशन के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आउटसोर्सिंग और टेक्नोलॉजी सर्विसेज में विशेषज्ञ कंपनी है। यह बड़ा और सुविधाजनक केंद्र आधुनिक सुविधाओं और सेवाओं से पूरी तरह लैस है। इस केंद्र में एक साल में 1.2 लाख एप्लिकेशन को प्रोसेस करने की क्षमता है। यह केंद्र उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए बेहद लाभदायक होगा,जिन्हें अभी तक अपनेवीजा एप्लिकेशन जमा करने के लिए नई दिल्ली जैसे दूसरे शहरों की यात्रा करनी पड़ती थी। 24 हजार वर्गफीट में फैला जेवीएसी ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड, चेक



रिपब्लिक, स्विट्जरलैंड, एस्टोनिया, हंगरी, पुर्तगाल, जर्मनी, इटली और सऊदी अरब जाने वाले यात्रियों की जरूरतें पूरी करेगा। आलमबाग में इंटरस्टेट बस टर्मिनल की पहली मंजिल पर स्थित, यह केंद्र उत्तर प्रदेश के दूर-दराज के क्षेत्रों से इंटरस्टेट बस सर्विस का प्रयोग करने वाले यात्रियों को बेमिसाल पहुंच प्रदान करेगा। लखनऊ रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट से गाड़ी से यहां थोड़े समय में पहुंचा जा सकता है। आलमबाग मेट्रो स्टेशन से यहां पैदल चलकर आया जा सकता है। इस केंद्र में वीजा के लिए आवेदन जमा करने के 11 काउंटर और 3 बायोमीट्रिक इनरोलमेंट स्टेशन हैं। जेवीएसी यात्रा की मांग को त्वरित गति से पूरा करने के लिए आधुनिक संसाधनों से लैस है। वीजा ऐप्लिकेशन आसानी से जमा कराने की सुविधा की मांग करने वालों को यहां शानदार अनुभव मिलेगा। इस वीजा में प्रीमियम लॉन्ज जैसी विशेष वैकल्पिक सेवाएं भी लोगों को प्रदान की जाएंगी, जिससे लोगों को बिना किसी लाइन के अपने वीजा ऐप्लिकेशन फॉर्म जमा कराने की सुविधा मिलेगी। वीएफएस ग्लोबल जॉइंट वीजा एप्लिकेशन सेंटर में लोगों को फॉर्म भरने में मदद की जाएगी। इसके अलावा कोरियर पासबैक, कोरियर इंश्योरेंस, ट्रैवल मेडिकल इंश्योरेंस और एसएमएस नोटिफिकेशन सेंटर पर उपलब्ध कुछ दूसरी वैकल्पिक सेवाएं हैं। वीजाकी सुलभता को आसान बनाने की प्रक्रिया के तहत, वीएफएस ग्लोबल भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के साथ साझेदारी में एक एकेडमी खोलेगी।

## सिगरेट महंगी होने के बावजूद रॉकेट बना आईटीसी का शेयर

**मुंबई।** सिगरेट बनाने वाली कंपनी आईटीसी का शेयर गुरुवार को पांच फीसदी से अधिक उछल गया। शुरूआती घंटे में इसमें भारी ट्रेडिंग एक्टिविटी देखने को मिली और यह निफ्टी 50 इंडेक्स में टॉप गेनर रहा। बुधवार को पेश फाइनेंशियल ईयर 2023-24 के बजट में सिगरेट पर ड्यूटी में 16 फीसदी बढ़ोतरी का प्रस्ताव किया गया है। इसके बावजूद आईटीसी के शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है। टेक्निकली इस स्टॉक ने भारी वॉल्यूम के साथ अपने 12 हफ्ते के कप पैटर्न से ब्रेकआउट रजिस्टर्ड किया है। इसके सभी मूविंग एवरेज ऊपर चढ़ रहे हैं और ऑल लाइफफ्रेम्स में तेजी दिखा रहे हैं। इसका 14 दिन की अवधि का फ्रक (82.89) शॉर्ट टर्म में भारी तेजी का इशारा दे रहा है। इसका बढ़ रहा एमएसीडी हिस्टोग्राम स्ट्रॉन्ग अपसाइड पोटेंशियल दिखा रहा है। इसका ओबीवी पीक पर है और स्ट्रॉन्ग बाइंग एक्टिविटी दिखा रहा है। कुल मिलाकर मीडियम टर्म में इस स्टॉक में भारी तेजी की उम्मीद है।

## ब्रॉडबैंड की यूनतम डाउनलोड स्पीड 512 केबीपीएस से बढ़कर 2 एमबीपीएस हुई



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की परिभाषा को संशोधित करते हुए न्यूनतम डाउनलोड स्पीड को 2 एमबीपीएस (मेगाबिट्स प्रति सेकेंड) कर दिया है। इससे पहले 512 केबीपीएस (किलोबिट्स प्रति सेकेंड) को न्यूनतम डाउनलोड स्पीड निर्धारित किया गया था। ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की नई परिभाषा सरकार द्वारा 25 जनवरी 2023 को जारी अधिसूचना के बाद से लागू कर दी गई है।
सरकार ने ब्रॉडबैंड संपर्क की परिभाषा को संशोधित करते हुए न्यूनतम डाउनलोड स्पीड को दो एमबीपीएस (प्रति सेकंड मेगाबिट्स) कर दिया है। एक गजट अधिसूचना से यह जानकारी मिली है। इससे पहले, दूरसंचार विभाग ने जुलाई 2013 में अधिसूचित परिभाषा में इसे न्यूनतम डाउनलोड गति के रूप में 512 केबीपीएस (किलोबाइट प्रति सेकंड) पर बेंचमार्क किया था। अधिसूचना में कहा गया है, 18 जुलाई, 2013 की अधिसूचना द्वारा जारी ब्रॉडबैंड की परिभाषा को बदलते हुए और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के प्रस्ताव पर विचार करने के बाद, केंद्र सरकार ने ब्रॉडबैंड की परिभाषा में संशोधन किया है। यह अधिसूचना 25 जनवरी, 2023 से लागू हो गई है। देश में 30 नवंबर, 2022 तक लगभग 82.54 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहक थे, जिनमें से 79.35 करोड़ वायरलेस ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता और शेष वायरलाइन उपयोगकर्ता थे।

## एएमए हर्बल ने सस्टेनेबल क्लीनिंग सॉल्यूशन के लिए लॉन्च किया ह्यूमारी प्रोफेशनल क्लीनिंग रेंज

**नई दिल्ली।** नेचुरल डाइज के उत्पादन में विश्वस्तर पर अग्रणी कंपनीं एएमए हर्बल ने अपनी नवीनतम प्रोडक्ट लाइन, ह्यूमारी प्रोफेशनल क्लीनिंग रेंज के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में यह नया प्रोडक्ट रेंज कंपनीं के सस्टेनेबल और आर्गेनिक प्रोडक्ट्स उत्पादों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का विस्तार है। ह्यूमारी प्रोफेशनल प्रोडक्ट रेंज में दो प्रोडक्ट्स शामिल हैं, एचडी 9-ओवन व ग्रिल क्लीनर और एचआर 4 फर्नीचर मेंटेनर कॉन्सेंट्रेट।
एचडी 9-ओवन और ग्रिल क्लीनर एक रेडी-टू-यूज सॉल्यूशन है, जो विशेष रूप से जम चुके तेल व अन्य प्रकार के दाग और दुर्गंध से निपटने के लिए तैयार किया गया है। इस क्लीनर का उपयोग लंबे समय तक रहने वाली सफाई व तरोताजगी प्रभाव छोड़ता है। साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि आपका ओवन और ग्रिल चमचमाते हुए दिखें।

## थोक उपभोक्ताओं को एफसीआई गेहूं की अगली ई-नीलामी 15 फरवरी को होगी: सरकार



**नई दिल्ली।** खुले बाजार में बिक्री के तहत आटा चक्की जैसे थोक उपभोक्ताओं को एफसीआई गेहूं की बिक्री के लिए अगली ई-नीलामी 15 फरवरी को होगी। खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। सरकारी उपक्रम, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को देश में गेहूं और गेहूं उत्पादों की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए खुले बाजार में बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत थोक उपभोक्ताओं को अपने बफर स्टॉक से 25 लाख टन गेहूं बेचने की जिम्मेदारी दी गयी है। ई-नीलामी के जरिए गेहूं की पहली बिक्री 1-2 फरवरी को हुई थी। 23 राज्यों में एफसीआई के डिपो से करीब 9.2 लाख टन गेहूं की बिक्री हुई। प्रत्येक बुधवार को साप्ताहिक ई-नीलामी आयोजित करने की योजना थी। खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा, ई-नीलामी के जरिए गेहूं की दूसरी बिक्री पूरे देश में 15 फरवरी बुधवार को होगी। इसका मतलब यह है कि एफसीआई अगले हफ्ते गेहूं की ई-नीलामी नहीं करेगा और मंत्रालय ने नीलामी नहीं कराने के कारणों के बारे में जानकारी नहीं दी है। इस बीच, एफसीआई ने पहली ई-नीलामी के सभी विजेता बोलीदाताओं को निर्देश दिया है कि वे लागत को कम करें और देश भर के संबंधित डिपो से तुरंत स्टॉक उठा लें तथा कीमतों को काबू में लाने के लिए इसे संबंधित बाजारों में उपलब्ध कराएं। इसमें कहा गया है, ई-नीलामी में बेचे जाने वाले गेहूं को उठाने और आटा बाजार में उपलब्ध कराने के बाद कीमतों में और गिरावट आना तय है। गेहूं की पेशकश 2,350 रुपये प्रति क्विंटल के आरक्षित मूल्य और भाड़ा शुल्क के साथ किया जा रहा है।

## पेटीएम ने की मुनाफे की घोषणा, विजय शेखर शर्मा बोले- हमारी टीम के प्रयासों से हो पाया संभव




**नई दिल्ली।** देश की बड़ी फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने मुनाफे की घोषणा की है। पेटीएम ने शुक्रवार को अपने राजस्व में 2,062 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की है जो सालाना आधार पर 42 फीसदी और तिमाही आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि है। वन97 कम्युनिकेशं के पास वित्तीय भुगतान और सेवा प्लेटफॉर्म पेटीएम का स्वामित्व है। ईएसओपी लागत से पहले कंपनी का ईबीआईटीडीए एक साल पहले (27 प्रतिशत) की तुलना में एरडढ मार्जिन से 2 प्रतिशत राजस्व के साथ ईबीआईटीडीए के साथ 31 करोड़ रुपये था। इसमें कहा गया है कि यह प्रदर्शन उपभोक्ताओं द्वारा अपनाए जाने और मर्चेंट पार्टनर्स द्वारा सब्सक्रिप्शन सेवाओं के साथ-साथ ऋण वितरण और वाणिज्य व्यवसाय में देखी गई निरंतर वृद्धि से हुआ। वित्तीय सेवाओं से प्राप्त होने वाले राजस्व की बात करें तो, जो मुख्य रूप से ऋण वितरण है, अब इसके कुल राजस्व का 22 प्रतिशत है, जो पिछली तिमाही की समान तिमाही में नौ प्रतिशत से अधिक है। पेटीएम के सीईओ विजय शेखर शर्मा ने कहा कि यह हमारी टीम द्वारा लगातार काम करने के कारण संभव हो पाया है। टीम को गुणवत्ता राजस्व के साथ विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया था। पेटीएम ने कहा कि वह लागतों पर अनुशासन बनाए रखेगी, क्योंकि वह उन क्षेत्रों में निवेश करना जारी रखेगी जहां उसे भविष्य में विकास की संभावना दिखती है, जैसे मार्केटिंग (उपयोगकर्ता अधिग्रहण के लिए) या बिक्री टीम (व्यापारी आधार और सदस्यता सेवाओं को बढ़ाने के लिए)। पेटीएम ने कहा कि वह स्थायी और दीर्घकालिक नकदी पैदा करने वाले व्यवसाय के निर्माण पर ध्यान देना जारी रखेगी।

## टाटा मोटर्स ने अपने ग्राहकों के लिए शुरू किया नेशनल एक्सचेंज कार्निवल

*12-दिनों तक चलने वाले इस एक्सचेंज एवं अपग्रेड कैंपेन के दौरान पूरे देश में ग्राहकों को टाटा की सभी कारों और यूवी पर आकर्षक फायदे दिये जाएंगे*

*ग्राहकों को चुनिन्दा मॉडलों पर 60,000 रुपये तक के एक्सचेंज बेनेफिट्स मिलेंगे*

*यह कार्निवल 250 शहरों में शुरू हो रहा है और 15 फरवरी 2023 तक चलेगा*



**मुंबई।** भारत की प्रमुख वाहन निमार्ता कंपनी, टाटा मोटर्स ने आज पूरे देश में अपने नेशनल एक्सचेंज कार्निवल का शुभारंभ किया है। इस मेगा कार्निवल के दौरान ग्राहक टाटा मोटर्स की किसी भी डीलरशिप में जाकर टाटा की सभी कारों और यूवी पर आकर्षक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ग्राहकों को चुनिन्दा मॉडलों पर 60,000 रुपये तक का एक्सचेंज बेनेफिट्स भी मिलेगा। यह मेगा कार्निवल कंपनी की ग्राहक-केन्द्रित पहल के तहत आयोजित किया गया है और 250 शहरों में टाटा मोटर्स के ऑथराइज्ड डीलरशिप में 15 फरवरी तक चलेगा। इस घोषणा पर टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग और कस्टमर केयर, राजन अम्बा ने कहा कि, टाटा मोटर्स में हम ग्राहकों की जरूरतों को समझने और उन्हें आनंददायक अनुभव प्रदान करने की लगातार कोशिश करते हैं।इस योजना के अनुरूप, हम ग्राहकों के लिए 12-दिनों के नेशनल एक्सचेंज कार्निवल को शुरू करने की घोषणा कर रहे हैं। इस कार्निवल के दौरान हमारे प्री-ओन्ड कार व्यवसाय, टाटा मोटर्स अश्योर्ड के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से हम ग्राहकों को उनकीमौजूदा कारों का परेशानी रहित मूल्यांकन प्रदान करेंगे। मुझे पक्का भरोसा है कि नेशनल एक्सचेंज कार्निवल से हमारे ग्राहकों को आसानी से अपनी मनपसंद टाटा कार को अपग्रेड करने में मदद मिलेगी और इस तरह वे हमारे ऑफर पर उपलब्ध डिजाइन, ड्राइव और सुरक्षा के सर्वश्रेष्ठ संयोजन का अनुभव कर पाएंगे। टाटा मोटर्स अश्योर्ड कंपनी का इनहाउस प्री-ओन्ड कार प्रोग्राम है जो ग्राहकों को अपनी मौजूदा कारों को नई टाटा कारों से बदलने के लिए वन-स्टॉप समाधान मुहैया करता है। वर्ष 2009 में अपनी शुरूआत के समय से ही यह प्री-ओन्ड कार प्रोग्राम सभी संभावित खरीदारों को आकर्षक लाभ प्रदान कर रहा है।

## संक्षेप

### बाजार की मजबूती के लिए प्रतिबद्ध, उतार-चढ़ाव से निपटने को निगरानी व्यवस्था मौजूद: सेबी

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट को लेकर बढ़ते विवाद के बीच सेबी ने शनिवार को कहा कि वह शेयर बाजार में निष्पक्षता, कुशलता और उसकी मजबूत बुनियाद बनाये रखने के साथ सभी जरूरी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बाजार नियामक ने कहा कि विशिष्ट शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। सेबी ने अडाणी समूह का नाम लिए बिना एक बयान में कहा कि पिछले सप्ताह एक कारोबारी समूह के शेयरों की कीमत में असामान्य रूप से उतार-चढ़ाव देखा गया है। अधिकारियों ने पुष्टि की कि यह बयान अडाणी मामले के मद्देनजर ही जारी किया गया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बयान में कहा, अपने शासनादेश के तहत सेबी बाजार के व्यवस्थित और कुशल कामकाज को बनाए रखना चाहता है। किसी खास शेयर में अत्यधिक उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए अच्छी तरह से परिभाषित, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध निगरानी उपाय (एएसएम ढांचे सहित) मौजूद हैं।' बयान के मुताबिक, यह व्यवस्था किसी भी शेयर की कीमतों में उतार-चढ़ाव होने पर कुछ शर्तों के तहत अपने आप सक्रिय हो जाती है।" शेयर बाजारों - बीएसई और एनएसई ने अडाणी समूह की तीन कंपनियों - अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन और अंबुजा सीमेंट्स - को अपने अल्पकालिक अतिरिक्त निगरानी उपाय (एएसएम) के तहत रखा है। इसका मतलब है कि 'इंट्रा-डे ट्रेडिंग' के लिए 100 प्रतिशत अपफ्रंट मार्जिन लागू होगा, ताकि इन शेयरों में सट्टेबाजी और शॉर्ट-सेलिंग को रोका जा सके। सेबी ने कहा कि सभी विशिष्ट मामलों के संज्ञान में आने के बाद नियामक मौजूदा नीतियों के अनुसार उनकी जांच करता है और उचित कार्रवाई करता है।

### क्वैस कॉर्प का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 3.25 प्रतिशत घटकर 85.63 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**मुंबई।** विभिन्न क्षेत्रों को प्रोद्योगिकी आधारित सेवाएं देने वाली वाली क्वैस कॉर्प का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष में 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तीसरी तिमाही में 3.25 प्रतिशत घटकर 85.63 करोड़ रुपये रहा। बीते वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में कंपनी को 88.51 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। क्वैस कॉर्प ने शेयर बाजार को बताया कि चालू वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 21.18 प्रतिशत बढ़कर 4,465.55 करोड़ रुपये रही जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 3,684.98 करोड़ रुपये थी। क्वैस कॉर्प के कार्यकारी निदेशक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी गुरुप्रसाद श्रीनिवासन ने कहा, हमारी कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) तिमाही आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ी है। बिक्री वृद्धि, परिचालन दक्षता और एसजीएंडए (बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय) स्तर पर लागत में कमी से आय बढ़ी है। उन्होंने इसके बाद कहा, व्यय कटौती की अपनी आंतरिक योजनाओं के साथ हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं और कुल वृद्धि लाभ में है।

### वोडाफोन-आइडिया के बकाए ब्याज को इक्विटी में बदलने की मंजूरी, तय हुई सरकार की हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार कर्ज में डूबी वोडाफोन-आइडिया में 33 प्रतिशत की हिस्सेदारी लेगी। सरकार की ओर से ये हिस्सेदारी वोडाफोन-आइडिया के स्पेक्ट्रम के भुगतान से संबंधित ब्याज और अन्य बकाया राशि के बदले ली जाएगी। इसके बाद सरकार टेलीकॉम कंपनी में तीसरी सबसे बड़ी हिस्सेदार बन जाएगी। कंपनी की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग में बताया गया कि वोडाफोन-आइडिया 16,133 करोड़ रुपये के बकाया को इक्विटी में परिवर्तित करेगी। सरकार को जारी की जाने वाले शेयर की कीमत 10 रुपये प्रति यूनिट होगी। बता दें, वोडाफोन-आइडिया ब्रिटेन के वोडाफोन ग्रुप और भारतीय कंपनी आईडिया सेल्युलर की संयुक्त उपक्रम है। टेलीकॉम मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कंपनी चलाने और जरूरी निवेश लाने का आदित्य बिरला ग्रुप की ओर से वादा किए जाने के बाद ही सरकार ने वोडाफोन- आईडिया के बकाया भुगतान को इक्विटी में परिवर्तित करने का फैसला किया है। इसके साथ ही कि हम भारतीय बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए सरकारी कंपनी बीएसएनएल के अलावा तीन कंपनियों मौजूदगी चाहते हैं।

### राजन पेंटल को यस बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** यस बैंक ने घोषणा की है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने राजन पेंटल को तीन साल की अवधि के लिए बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। उनकी नियुक्ति 2 फरवरी, 2023 से प्रभावी होगी। राजन पेंटल नवंबर 2015 से यस बैंक का हिस्सा हैं, और वर्तमान में समूह के रिटेल बैंकिंग के ग्लोबल हेड के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बैंक के लिए एक मजबूत रिटेल पोर्टफोलियो बनाने का दायित्व बखूबी निभाया है, जिसमें शामिल हैं - शाखा बैंकिंग, रिटेल, एफ्लुएंट बैंकिंग, एनआरआई बैंकिंग, रिटेल एसेट्स, एसएमई बैंकिंग, ग्रामीण और कृषि बैंकिंग, थर्ड पार्टी डिस्ट्रीब्यूशन, मार्केटिंग और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, रिटेल कलेक्शंस, रिटेल लीगल, रिटेल सर्विस एक्सीलैंस और कस्टमर एक्सपीरियंस, लायबिलिटीज प्रोडक्ट मैनेजमेंट, क्रेडिट कार्ड्स और मर्चेन्ट एक्विजिशन। वह बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी यस सिक्योरिटीज के बोर्ड में भी हैं। कार्यकारी निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति के अलावा, श्री पेंटल बैंक के खुदरा बैंकिंग पोर्टफोलियो का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। उनकी नियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए यस बैंक के एमडी और सीईओ श्री प्रशांत कुमार ने कहा, मैं इस अवसर पर श्री पेंटल को बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई देता हूं। श्री पेंटल ने बैंक के लिए एक मजबूत रिटेल फ्रेंचाइजी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिस पर एक संगठन के रूप में हमें बहुत गर्व है। वित्तीय परिदृश्य में उनके व्यापक और महत्वपूर्ण अनुभव को देखते हुए, मुझे यकीन है कि वह बैंक को विकास की नई राह की ओर ले जाना जारी रखेंगे।

### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का हर स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023 कई मायनों में एक अच्छी तिमाही रही क्योंकि हम एक मुश्किल समय से आगे बढ़ गए; कम ऋण लागत और बैड-डेब्ट की ज्यादा वसूली से सुधार लाने में मदद मिली। क्रेडिट लागत के सामान्य होने तक आगे बढ़ते हुए, हमारा अंतर्निहित व्यवसाय मजबूत बना रहेगा और स्वस्थ दर से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। कुल मिलाकर, हम व्यवसाय के विकास और एक प्रमुख जन-बाजार बैंक बनने के प्रति आश्वस्त हैं। इत्तिरा डेविस, एमडी और सीईओ, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा, वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही हमारी बैलेंस शीट के आकार के साथ इस तिमाही में 30 हजार के आंकड़े को पार करने के साथ एक और सफल तिमाही थी। तिमाही के लिए समग्र संवितरण मजबूत रहा जिससे सकल ऋण बही में तिमाही दर तिमाही 5% की वृद्धि हुई। जमा वृद्धि ने संपत्ति वृद्धि को पीछे छोड़ दिया और सीडी अनुपात को और अधिक आरामदायक स्तरों की ओर ले गया। हमने अपनी भौतिक उपस्थिति का विस्तार करना जारी रखा, इस तिमाही में हमने 8 शाखाएं जोड़ीं और एक नए राज्य - तेलंगाना में भी प्रवेश किया। हम वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और 50-70 में कुछ और शाखाएं जोड़ेंगे। भौतिक शाखाओं के अलावा हम अपनी डिजिटल क्षमताओं का भी उपयोग करते रहेंगे। हमारा मोबाइल एप्लिकेशन हैलो उज्जीवन हमें अपने अधिक से अधिक ग्राहकों को डिजिटल परिवेश में लाने में मदद करेगा। इसके अलावा, हम अपने लक्षित ग्राहकों के लिए अधिक प्रासंगिक होने के लिए अपने उत्पाद सूट का विस्तार करना जारी रखते हैं और उनके बटुए का बड़ा हिस्सा रखते हैं। अपनी व्यापक उपस्थिति, प्रोडक्ट सूट और सेवाओं के माध्यम से, हम न केवल अपने 73 लाख ग्राहकों के मौजूदा आधार के साथ संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं, बल्कि नए संबंध भी बनाना चाहते हैं। 01 फरवरी, 2023 को हमें आरबीआई से एनओसी मिल गई है, इसकी प्रक्रिया जारी है, और रिवर्स मर्जर सितंबर 23 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# सुधार तो है लेकिन गड़बड़ी ज्यादा : क्षेत्रीय प्रबन्धक

**जनसंदेश न्यूज**

**रोडवेज का हाल**

### खामियों को देख सीनियर फोरमैन पर बिफरे, रोका दो माह का वेतन

### क्षेत्रीय प्रबन्धक ने जौनपुर डिपो का किया औचक निरीक्षण

### जनसंदेश टाइम्स में लगातार छप रही खबरों का लिया संज्ञान



**जौनपुर।** शनिवार को सुबह लगभग 9.30 बजे क्षेत्रीय प्रबन्धक गौरव वर्मा ने जौनपुर डिपो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रोडवेज परिसर में खामियों को देख फोरमैन व अन्य कर्मचारियों पर बिफर पड़े तथा सीनियर फोरमैन हरिशरण शुक्ला को एक सप्ताह में बसों की व्यवस्था में सुधार लाने की हिदायत दे डाली।

ज्ञातव्य हो कि जौनपुर डिपो पर बसों की खामियों को लेकर जनसंदेश टाइम्स ने लगातार खबरों को प्रकाशित कर दुर्व्यवस्थाओं को उजागर किया जिसे संज्ञान में लेते हुए शनिवार को आरएम वाराणसी गौरव वर्मा अचानक जौनपुर रोडवेज पर आ धमके और बारी-बारी से व्यवस्थाओं को जायजा लेने लगे।

इस दौरान उन्होंने पाया कि कई बसों का गेयर बॉक्स खराब अवस्था में था वहीं गाड़ी की बॉडी कंडीशन बहुत ज्यादा खराब थी जिसे रिजनल वर्कशॉप में मरम्मत के लिये भेजने का निर्देश दिया। आरएम ने बताया कि पहले से ही मार्ग बोर्ड को दुरुस्त कराने के लिये फोरमैन के पास बजट भेजा गया था लेकिन अभी तक मार्ग बोर्ड दुरुस्त नहीं हो सका जिस कारण फोरमैन का दो माह का वेतन अवरूद्ध कर कार्यवाही के लिये शासन को लिखा गया है।

आगे उन्होंने बताया कि पहले से गाड़ियों में सुधार तो हुआ है लेकिन अभी भी तीन-चार गाड़ियों में सीटों की व्यवस्था गड़बड़ है। सभी बसों को दुरुस्त कराने के लिये सीनियर फोरमैन को एक सप्ताह का समय दिया गया है।

उन्होंने बताया कि स्टेशन के सौंदर्यीकरण के लिये विशेष लाइटों की व्यवस्था की जा रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि एआरएम का अपने कार्य के प्रति रवैया लुंज-पुंज ही है। उन्हें भी अल्टीमेटम दिया गया है और उनकी इस कार्यप्रणाली से शासन को अवगत कराया गया है।

कुछ दिन पूर्व परिसर में कार्यरत कर्मचारियों को इधर से उधर किया गया है। जरूरत पड़ी तो जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कृषि विभाग खोलेगा वन स्टाप शॉप


**जौनपुर।** कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्रीजंक्शन) योजना के तहत कृषि विभाग वन स्टाप शॉप की स्थापना करेगा। इससे किसानों को एक ही स्थान पर एक ही छत के नीचे बीज, खाद, कृषि उपकरण, कृषि रसायन की सुविधा मिलेगी। कृषि से स्नातक करने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा साथ ही साथ किसानों को उपयोगी जानकारी की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। विभाग की ओर से शाप स्थापना के लिए आवेदन की मांग की गई है।

उप कृषि निदेशक जय प्रकाश ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य कृषकों को मृदा परीक्षण, उर्वरक उपयोग की तकनीकी जानकारी, उच्च गुणवत्ता के बीज, जैव उर्वरक, सूक्ष्म पोषक तत्व, वर्मी कंपोस्ट, कीटनाशक, जैविक कीटनाशक इत्यादि समस्त प्रकार के कृषि निवेशों की आपूर्ति करना तथा लघु कृषि यंत्रों को किराए पर उपलब्ध कराना है। चयनित उद्यमियों को कृषि व्यवसाय की गतिविधियों के लिए बीज, खाद एवं रसायन के लाइसेंस प्राप्त करने, बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता भी दी जाएगी, इसके अलावा स्वतंत्र कृषि केंद्र व्यवसाय की स्थापना के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। योजना में कृषि स्नातक अभ्यर्थी चयनित होंगे, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक न हो। योजना की अधिकतम लागत 6 लाख रुपये होगी, जिसकी ऋण सीमा पांच लाख रुपये तथा प्रतिपूर्ति राशि एक लाख रुपये आवेदक की ओर से अभिदान किया जाएगा।

चयनित उद्यमी प्रशिक्षण अवधि 13 दिन पूरी करने के उपरांत अनुमन्य अनुदान प्राप्त करेंगे। आवेदकों का चयन जनपद स्तरीय गठित समिति की ओर से किया जाएगा। जनपद के लिए कुल 16 उद्यमिता केंद्र की स्थापना किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। अभ्यर्थी उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर 16 फरवरी तक पॉलिटेक्निक चौराहे के निकट स्थित कृषि भवन में आवेदन कर सकते हैं।

**संक्षेप**

### व्यक्तित्व का निर्माण करती है भारतीय संस्कृति : डॉ. राजीव



**जौनपुर।** जी-20 के परिपेक्ष्य में शनिवार को एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय था भारतीय संस्कृति के विभिन्न पक्ष। इस अवसर पर मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कहाकि भारतीय संस्कृति को समझने के लिए भगवान श्रीराम के व्यक्तित्व को समझना होगा। उन्होंने कहाकि सांस्कृतिक परिपेक्ष्य से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। भारतीय संस्कृति एक ग्राह्य संस्कृति है जो सभी संस्कृति का स्वागत और सम्मान करती है। भारतीय संस्कृति त्याग की संस्कृति है। उन्होंने अन्य धर्म और संस्कृति के बारे में विस्तार से चर्चा की। कहा कि यह देश और संस्कृति राम और कृष्ण की है। अगर हम उनका अनुसरण करें तो तमाम समस्याओं का निराकरण खुद हो जाएगा। अध्यक्षता करते हुए जनसंचार विभाग के डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि जिस संस्कृति का दर्शन होता उसका कोई अंत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जो हीन भावनाओं से दूर हो वही हिन्दू है। अगर भारतीय संस्कृति जानना है तो भगवान श्री राम और श्रीकृष्ण को समझना होगा। उन्होंने कहा कि ताकतवर होते हुए भी हिन्दू संस्कृति सहिष्णुता का परिचय देती है। डॉ. मनोज कुमार सिंह ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि इतिहास साक्ष्य पर आधारित है और बिन साक्ष्य की भी विषय पर वार्ता नहीं किया जा सकता। रितिक पांडेय ने वेबिनार का संचालन किया। इस मौके पर डॉ. राजीव श्रीवास्तव, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. अनु त्यागी, डॉ. आशुतोष सिंह, किशन जायसवाल, विनीत तिवारी, शशांक भारती, हेदायत फातिमा, संस्कार श्रीवास्तव, आँचल सिंह आदि मौजूद रहे।

### नवागत एसपी ने किया थाना का औचक निरीक्षण



**जफराबाद।** नवागन्तुक एसपी अजय पाल शर्मा ने शनिवार की शाम को जनपद में आने के बाद स्थानीय थाने का औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक थाने में पहुंचते ही हलचल मच गई। एसपी ने थाने में पहुंचकर थाने के सभी रजिस्टरों, अभिलेखों, मेस, थाना परिसर, बैरक, नई बनी आवासीय बिल्डिंग आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी को कानून व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिया साथ ही आगन्तुक रजिस्टर व महिला हेल्प डेस्क को सही रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही थाना क्षेत्र के सभी अराजक तत्वों को चिन्हित कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

### छात्राओं को आत्म सुरक्षा संबंधी दिया गया क्रियात्मक प्रशिक्षण



**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में महिला प्रकोष्ठ व अभिभावक प्राध्यापक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अभिभावक प्राध्यापक सम्मेलन एवं महिला आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। अभिभावक प्राध्यापक सम्मेलन का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें छात्राओं के अभिभावकों को महाविद्यालय से सम्बन्धित गतिविधियों में उन्नयन हेतु फीडबैक फार्म भरवाया गया। अभिभावक गणों महाविद्यालय में शिक्षण व शिक्षणेत्तर विभिन्न गतिविधियों के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका व गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आकांक्षा त्रिपाठी ने बताया कि छात्राओं के आत्म सुरक्षा हेतु वाराणसी की महिला आत्म सुरक्षा विशेषज्ञ व योग प्रशिक्षक कु. दुर्गनाशिनी उपाध्याय द्वारा छात्राओं को आत्म सुरक्षा सम्बन्धी क्रियात्मक प्रशिक्षण दिया गया। अन्य कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के समापन के अवसर पर सम्पूर्ण माह के अंतर्गत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता व समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर महाविद्यालय की डॉ. रीना सिंह, डॉ. विनोद कुमार मिश्र, डॉ. लक्ष्मी यादव, प्रकाशचंद्र गुप्त, बिनोद कुमार, ज्योत्सना जायसवाल, मो. आकिफ तौफक, अनुज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पीएचसी सोंधी पर मनाया गया विश्व कैंसर दिवस



**जनसंदेश न्यूज**

**खेतासराय।** विश्व कैंसर दिवस के मौके पर शनिवार को पीएचसी सोंधी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करते हुए इससे बचाव की जानकारी दी गई।

हर वर्ष चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। लोगों को इस बीमारी की पहचान, लक्षण और रोकथाम के बारे में जानकारी दी जाती है। डाक्टरों ने बताया कि एक नया तिल और मौजूदा तिल में परिवर्तन। कोई गले की खराश जो ठीक न होती हो। आवाज बैठना या लगातार खांसी आना। खाना निगलने के समय कठिनाई आना। असामान्य रक्तस्राव होना आदि कैंसर के लक्षण हैं। सुझाव दिया कि धूम्रपान का प्रयोग कदापि न करें। कम वसा वाला भोजन करें। सब्जी और फलों का उपयोग अधिक करें। इस बीमारी के शुरुआती लक्षण को पहचान कर कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को मात दिया जा सकता है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रमेश चंद्रा, डा. सुधाकर चौहान, राममिलन, सुधांशु यादव, राहुल यादव, अंकुर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को अवश्य सुनें

**बोले डीएम**

### समाधान दिवस का हुआ आयोजन, 79 में 9 का हुआ निस्तारण

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन काशीराम सामुदायिक भवन में किया गया। जिलाधिकारी ने गम्भीरता से फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण कि निर्देश दिये। इस दौरान भूमि विवाद, बिजली, राशन की शिकायतें प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी मामलों को निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी मामलों के निस्तारण करते समय दोनों पक्षों को अवश्य सुनें। भूमि और राजस्व के मामलों में पुलिस और राजस्व की टीम जाकर मौके पर निस्तारण करें। इस अवसर पर कुल 79 शिकायतें प्राप्त हुयी जिसमें से 9 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर नवागत पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा, उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



समाधान दिवस में वादों का निस्तारण करते जिलाधिकारी

### सम्पूर्ण समाधान का हुआ आयोजन98 में 15 प्रार्थना पत्रों का हुआ निस्तारण

**शाहगंज।** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें फरियादियों ने 98 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। मौके पर मात्र 15 का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग को सौंप दिया गया। सीआरओ ने सख्त लहजे में गुणवत्ता पूर्ण व समयबद्ध निस्तारण का निर्देश दिया। कहाकि शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी अंकित कुमार, न्यायिक एसडीएम शैलेन्द्र सिंह, तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह, नायब तहसीलदार अमित सिंह, नायब तहसीलदार संदीप गुप्ता समेत सर्किल के सभी थानाध्यक्ष व सभी विभागों के अधिकारी राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

**संक्षेप**

### निरीक्षण में अनुपस्थित मिले दस शिक्षकों का बीएसए ने रोका वेतन



**ज्ञानपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भदोही द्वारा शनिवार को प्रातः 9.5 बजे विकासखंड औराई स्थित कम्पोजिट विद्यालय बैरा खास का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान 2 सहायक अध्यापक दिनेश कुमार गुप्ता तथा अनिल कुमार अनुपस्थित पाए गए। जिनका वेतन भुगतान प्रतिबंधित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार विकासखंड अभोली में कम्पोजिट विद्यालय भांडा विद्यालय में कार्यरत 10 अध्यापकों के सापेक्ष मात्र एक अध्यापक उपस्थित पाए गए तथा अन्य अध्यापक अनुपस्थित पाए गए, अनुपस्थित समस्त अध्यापकों का वेतन भुगतान प्रतिबंधित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसी क्रम में विकास खंड औराई स्थित प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकपुर का भ्रमण किया गया। उक्त विद्यालय में समस्त अध्यापक अपने अपने कक्षा में बच्चों को अध्यापन कार्य कराया जा रहा था तथा बच्चों की उपस्थिति अच्छी पाई गई, जिसके लिए संबंधित प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक को प्रमाण पत्र अधिक उपस्थिति के लिए दिया गया। विद्यालय का परिवेश भी ठीक-ठाक पाया गया। मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत सब्जी एवं चावल बनाया जा रहा था जिसका अवलोकन बीएसए द्वारा किया गया।

# उपचार में देर करने पर चिकित्सक के विरुद्ध ग्रामीणों का प्रदर्शन

**लालानगर।** गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के माधोरामपुर गांव निवासी अभिषेक पाठक पुत्र ब्रह्दत्त पाठक उम्र 22 वर्ष को स्कूल जाते समय ककराही गांव निवासी आरोपियों ने पहले से ही घेराबंदी कर मारने की नियत से घेर लिया और जमकर पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे रामदत्त पाठक 40 वर्ष सत्यम पाठक 18 वर्ष तथा कृष्ण दत्त पाठक उम्र 30 वर्ष को भी मनबढ़ों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।

मामले की जानकारी होने पर ग्रामीणों के साथ जब घायल कोतवाली पहुंचे तो कोतवाल सदानंद सिंह ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने घायलों को घंटों बैठाये रखा। परिजनों ने इलाज के लिए जब चिकित्सक से काफी आरजू विनती की तो वह चेंबर से बाहर नहीं निकले तो मामले की जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव को दिया।



चिकित्सक के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण

जिला अध्यक्ष ने जब चिकित्सक को फोन पर फटकार लगाई तो चिकित्सक ने घायलों का इलाज शुरू किया। चिकित्सक के इस व्यवहार पर परिजनों सहित अस्पताल में आए अन्य मरीजों में चिकित्सक के कार्यशैली पर लोग आक्रोशित होकर विरोध प्रदर्शन किया।

उधर मामले को लेकर पूर्व प्रधान समाजसेवी सतीश पाठक ने जिलाधिकारी मांग किया है कि चिकित्सक के खिलाफ इलाज में देरी करने पर जांच कर कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से शिव विजय पाठक, शेषधर पाठक, राजकुमार पाठक, एस.पी. पाठक, मुन्ना पाठक, कृष्ण पाठक, प्रियेश पाठक आदि लोग रहे।

### पानी टंकी निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध न कराये जाने पर डीएम ने रोका वेतन

**ज्ञानपुर।** तहसील औराई में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत पानी टंकी निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने की समीक्षा की गयी। समीक्षा में ग्राम कठारी, उमापुर में भूमि उपलब्ध नहीं कराने के कारण डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए लेखपाल का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित करने का आदेश दिया गया। तहसीलदार औराई ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि डीएम के मौखिक आदेश के अनुपालन में लेखपाल रामकुमार का वेतन शासकीय कार्यों में शिथिलता व लापरवाही बरतने की दशा में अग्रिम आदेश तक बाधित किया गया है।

### एलईडी लाइट व हैण्डपम्प ठीक कराने की मांग

**लालानगर।** गोपीगंज नगर में कई वार्डो में महीनों से खराब हैंडपंप व एलईडी लाइट अभी तक किसी भी अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा ठीक नहीं कराया जा पा रहा है। नगर में सिर्फ सफाई के ढिंढोरे पीटे जा रहे हैं। कई वार्ड व कालोनी अंधेरे में व्याप्त है व हैंडपंप के पानी भी महीनों से सूखे पड़े हैं। लेकिन किसी भी अधिकारी व कर्मचारियों का ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा है। जिसको लेकर वार्ड 9 के सभासद संतोष ने जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की है।

### जन मानस की शिकायतों का निराकरण, प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : मंडलायुक्त



**भदोही।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील ज्ञानपुर में विंध्याचल मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी., अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, तहसील औराई में जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, उप जिलाधिकारी लालबाबू दुबे एवं तहसील भदोही में उप जिलाधिकारी डॉ कृपा शंकर पांडेय व अन्य अधिकारियों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर निस्तारण किया गया। उपस्थित अधिकारियों के समक्ष विभिन्न विभागों से सम्बन्धित तहसील ज्ञानपुर में कुल 22 फरियादियों के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसमें से मंडलायुक्त द्वारा 03 प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 34 प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। तहसील औराई में जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में तहसील औराई में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी लाल बाबू दुबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी व अन्य अधिकारियों द्वारा कुल 36 प्रार्थना पत्रों में 03 का निस्तारण तथा तहसील भदोही में उप जिलाधिकारी डॉ कृपा शंकर पांडेय द्वारा कुल 77प्रार्थना पत्रों में 08 का निस्तारण किया गया।

# चिकन शॉप में घुसी तेज रफ्तार कार, मुर्गा काट रहे दो घायल

**भदोही।** कोतवाली क्षेत्र के चौरी रोड पर विकास खंड कार्यालय के सामने स्थित चिकन शॉप में शाम के समय एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार घुस गई। जिसके चलते वहां पर मुर्गा काट रहे दो युवक घायल हो गए। जिसमें से एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को अपने हिरासत में ले लिया वहीं कार को भी पुलिस कब्जे में लिया था।

नगर के रामरायपुर का निवासी अन्नू अपने किसी दोस्त के कार को लेकर तेज रफ्तार से कहीं जा रहा था। कार जैसे ही उक्त स्थान पर पहुंची तो अनियंत्रित होकर सड़क से काफी दूर स्थित एक चिकन शॉप के अंदर घुस गई। जिसके चलते दुकान के बाहर मुर्गा काट रहे नगर के जल्लापुर मोहल्ला निवासी साहिल (24 वर्ष) व शाहरुख (21 वर्ष) पुत्र नन्हू को अपनी चपेट में ले लिया। साहिल को गंभीर चोटें आने की बात बताई जा रही है। जबकि शाहरुख को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। घटना के बाद वहां पर भारी भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में लोग घायल साहिल को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। वहीं चालक को पकड़कर बैठा लिया। घटना की जानकारी लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज प्रमोद राय ने चालक को हिरासत में ले लिया और कार को भी अपने कब्जे में लेकर कोतवाली भेज दी। संयोग अच्छा था कि जिस समय कार दुकान में घुसी उस समय वहां पर ग्राहक नहीं थे। नहीं तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।



जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एसपी - 78/2011-13।

# राज्यस्तरीय क्रिकेट में मथुरा को हराकर जौनपुर फाइनल में

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ में शनिवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच मल्हनी से समाजवादी पार्टी के विधायक की टीम जौनपुर बनाम मथुरा के बीच खेला गया, जौनपुर की टीम ने मथुरा को चार विकेट से पीटकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच में जौनपुर का मुकाबला आजाद स्पोर्ट्स क्लब भदोही के बीच होगा।

दूसरे फाइनल मैच में मथुरा के कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मथुरा की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों के मैच में सभी विकेट खोकर 128 रन बनाए, जिसमें मथुरा के बल्लेबाज अंकित ने आठ चौकों की मदद से शानदार अर्धशतक लगाया। माधव ने 28 रन बनाए, तरुण सिंह व अनिल सरोज ने ग्यारह ग्यारह रनों का योगदान किया। जौनपुर के गेंदबाज अमर चौधरी, दिव्य प्रकाश व रवि सिंह को तीन-तीन विकेट मिले कैप्टन दीनदयाल को एक सफलता मिली। 129 रनों के लक्ष्य का पीछा करने जवाब में खेलने उतरी जौनपुर की टीम बीसवें ओवर में छः विकेट की कीमत पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। जौनपुर के सलामी बल्लेबाज यादवेंद्र सिंह ने बिना आउट हुए पचास रनों की पारी खेली। अभय यादव ने 38 रन बनाए, संग्राम मलिक ने दस रनों का योगदान किया मथुरा के गेंदबाज रणधीर दुबे ने दो विकेट लिए, बलश्याम यादव, माधव व सुदर्शन सिंह को एक एक सफलता मिली। इस मौके पर समाजसेवी विनय चौरसिया, पूर्व चेयरमैन नन्दलाल गुप्ता, आशीष सिंह, गौरीशंकर मिश्रा, भानु मौर्या, समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।

**खेल कूद**

### आजाद स्पोर्ट्स क्लब भदोही व जौनपुर के बीच होगा फाइनल मुकाबला

# झटपट योजना के तहत तत्काल मिलेगा विद्युत कनेक्शन

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** पुलिस महानिदेशक सतर्कता उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड लखनऊ एसएन सावंत शनिवार को विद्युत विभाग द्वारा एक से 15 फरवरी के बीच चलाए जा रहे विद्युत 'उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा' का जायजा लेने के लिए जिले में पहुंचे। उन्होंने औराई तथा अन्य स्थानों पर विभाग के सब स्टेशन का निरीक्षण किया और इसके बारे में जानकारी ली। उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान डीजी को भदोही के कार्पेट सिटी सब स्टेशन पर भी आना था। लेकिन किन्हीं कारणों से वे वहां पर नहीं आ सकें और वाराणसी के लिए रवाना हो गए। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि इस समय केवाईसी पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें उपकेंद्रों पर तैनात संविदाकर्मियों व मीटर रीडरों को लगाया गया है। जो उपभोक्ताओं से केवाईसी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवाईसी के बाद उपभोक्ताओं को डिस्कनेक्शन की जानकारी मिलने के साथ ही साथ बिल भुगतान की सुविधा, शिकायतों का त्वरित निस्तारण, बिजली कटौती की जानकारी, विभागीय योजनाओं सहित लगने वाले कैंपों की जानकारी उपभोक्ताओं को सीधे प्राप्त हो सकेगी। एसी ने बताया कि जो व्यक्ति कनेक्शन नहीं लिए हैं और कटियामारी कर विद्युत का उपयोग कर रहे हैं। उनको विभाग द्वारा झटपट कनेक्शन दिया जाएगा। इसके साथ ही जिनके विरुद्ध समन शुल्क की कार्रवाई हुई है। अब उनको भी उपभोक्ता बनाया जाएगा। जबकि पहले यह व्यवस्था नहीं थी। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक मिर्जापुर परिक्षेत्र पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड जनार्दन यादव, एईआर जयकार पटेल, जेई मनोज कुमार सिंह, विजलेंस प्रभारी दीपक शुक्ला, विजलेंस थाना प्रभारी अजय कुमार ओझा, कार्पेट सिटी इंचार्ज रणजीत सिंह व विवेक सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



कार्पेट सिटी उपकेंद्र में मातहतों को जरूरी निर्देश देते अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार

**बोले एसी**

### उपभोक्ता अपना केवाईसी देकर प्राप्त करें विद्युत विभाग की जानकारी

# वाराणसी मंडल के उद्यमियों को औद्योगिक मंत्री नंदगोपाल 'नंदी' ने दिलाया भरोसा

# उद्योगों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध



## भरोसा है तभी तो दुनिया के उद्यमियों का कुंभ लखनऊ में : डॉ. दयालु



निवेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र (दयालु) ने कहा कि यूपी में उद्योग लगाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ और औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। नंदी ने भारत ही नहीं 16 देशों का दौरा किया। फलस्वरूप देश ही नहीं विदेशों के बड़े औद्योगिक घराने यूपी में उद्योग लगाने को एमओयू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कभी यूपी को हिकारत भरी निगाहों से देखा जाता था। लेकिन आज आशा भरी नजरों से देखा जा रहा है। यह सब पीएम मोदी और सीएम योगी की तपस्या का प्रतिफल है। इसी तपस्या के चलते मुम्बई जैसे बड़े महानगर के उद्यमियों ने अकेले यूपी में सात लाख करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया है। ब्रिटेन को पछाड़ कर हम आज दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन चुके हैं। भरोसा जगा है तभी तो दुनिया के उद्यमियों का कुंभ यूपी की राजधानी लखनऊ में होने जा रहा है। यकीन मानिए, यह इंवेस्टर्स समिट यूपी के उद्योग जगत में एक नया इतिहास रचेगा।



**निवेशक सम्मेलन**

वाराणसी। प्रदेश के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उद्योगों के विकास के लिए योगी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसमें किसी भी प्रकार की बाधा को आड़े नहीं आने दिया जाएगा। प्रदेश सरकार जहां पुराने उद्योगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। वहीं, नये उद्योग लगाने के लिए तमाम तरह की सुविधाएं और सब्सिडी दे रही है। नयी औद्योगिक नीति में तमाम ऐसे प्रावधान किये गये हैं, ताकि प्रदेश में नयी इकाई लगाने में निवेशकों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। वह इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (यूपीसीडा) एवं संयुक्त आयुक्त उद्योग कार्यालय वाराणसी के संयुक्त बैनर तले कमिश्नरी सभागार में शनिवार को आयोजित वाराणसी मंडल निवेशक सम्मेलन में मुख्य अतिथि थे।

**कहा, भ्रष्टाचार का समूल नाश करने के लिए चाहिए आप लोगों का साथ**

**लखनऊ में होने वाले इन्वेस्टर्स समिट में 25 लाख करोड़ के निवेश की उम्मीद**

कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि वर्तमान में देश और प्रदेश की तस्वीर बदल गयी है। पीएम मोदी के हाथों जहां देश सुरक्षित है तो सीएम योगी के हाथों प्रदेश। डबल इंजन की सरकार के चलते देश और प्रदेश का विकास तेजी से हो रहा है। सीएम योगी प्रदेश के अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। आप जानकर हैरानी होगी कि पश्चिम बंगाल में बड़े-बड़े कल-कारखाने होने के बावजूद वहां के उद्यमियों ने महज नौ हजार करोड़ रुपये के निवेश की रूचि दिखाई, लेकिन चंदौली जिले के उद्यमियों ने 11 हजार करोड़ से अधिक की। यह इस बात को दर्शाता है कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में उद्योग लगाना न सिर्फ आसान हुआ है, बल्कि सुरक्षित भी है। कैबिनेट मंत्री नंदी ने कहा कि लखनऊ में आयोजित इंवेस्टर्स समिट के लिए जब मैंने 16 देशों के 21 शहरों में रोड शो किया तो सभी जगह पीएम मोदी के नाम पर गजब का उत्साह देखने को मिला। पीएम मोदी ने जहां आतंकियों का खात्मा किया तो सीएम योगी ने अपराधियों, माफियाओं के समूल का नाश किया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब गुंडे, अपराधी और माफिया उद्यमियों को डराते थे। आज गुंडे, माफिया और अपराधी सीएम योगी के नाम से कांपते हैं और खुद ही जमानत तुड़वा कर जेल का रास्ता चुन रहे हैं। अपराधमुक्त होने के साथ ही सड़कों के संजाल और तमाम बुनियादी सुविधाओं के चलते उत्तर प्रदेश, उत्तम प्रदेश बन चुका है और अब सर्वोत्तम प्रदेश की राह पर अग्रसर है।

**मोदी-योगी के नेतृत्व में बदली देश और उत्तर प्रदेश की छवि, हो रहा विकास**

**16 देशों के 21 शहरों में रोड शो के दौरान पीएम मोदी के प्रति काफी उत्साह**

## डबल इंजन की सरकार ने बहुत कुछ बदला : सौरभ श्रीवास्तव



वाराणसी कैंट के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने मंडलीय निवेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने बहुत कुछ बदल दिया है। विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं। रोजगार के अवसर मिलने से युवाओं का पलायन थम गया है। कहा कि सामनेघाट-रामनगर के पुल को ही ले लीजिए। वर्ष 2002 में इसे बनाने का काम शुरू हुआ। तत्कालीन मुलायम सिंह यादव, मायावती और अखिलेश यादव के सरकार में भी यह पुल नहीं बना। लेकिन योगी के नेतृत्व में सरकार बनते ही महज आठ महीने में बनकर तैयार हुआ और लोगों के आवागमन के लिए चालू कर दिया गया। यह सब सरकार की नीयत और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बीते छह साल में उत्तर प्रदेश बदल गया है। एक सिपाही देश की रक्षा के लिए लड़ता है तो दूसरा सिपाही देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। सच्चे अर्थों में आप ही देश और प्रदेश के आर्थिक सिपाही है। पीएम मोदी और सीएम योगी ने प्रदेश में ऐसा माहौल तैयार किया है कि अब आप दिल खोलकर निवेश करें।

## नये उद्योग लगाने में नहीं आने दी जाएगी कोई समस्या : कौशल राज शर्मा



मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा कि बनारस मंडल में विदेश की कई कंपनियों ने निवेश प्रस्ताव पर समझौता किया है। उद्यमियों को नए उद्योग लगाने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। नये उद्योग लगाने के लिए जमीन की उपलब्धता पर काम चल रहा है। करीब एक हजार एकड़ जमीन विकसित करने की योजना है। पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाने के मार्ग प्रशस्त हो चुके हैं और उम्मीद है कि इंवेस्टर्स समिट के बाद प्रदेश ही नहीं वाराणसी मंडल में बड़े नये उद्योग स्थापित होंगे।

## जौनपुर में है 26 एकड़ जमीन, लगाएं उद्योग : मनीष वर्मा

जौनपुर के डीएम मनीष वर्मा ने कहा कि सथ रिया में 18 एकड़ और सिधवा में 8 एकड़ जमीन खाली है, जहां उद्यमी अपने उद्योग लगा सकते हैं। इतना ही नहीं, इस जिले में मानव संसाधन की कमी नहीं है। कल-कारखानों में काम करने के लिए काफी संख्या में मजदूर मिल सकते हैं। उन्होंने उद्यमियों से उद्योग लगाने का आह्वान किया।

## चंदौली से 11 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव : ईशा दुहन

चंदौली की डीएम ईशा दुहन ने कहा कि चंदौली में 300 एकड़ में पीपीपी मॉडल में उद्योग लगाने का खाका तैयार किया जा रहा है। वैसे तो चंदौली जिले का 80 प्रतिशत क्षेत्रफल कृषि योग्य भूमि है। लेकिन बड़े औद्योगिक क्षेत्र के रूप में रामनगर इसी जिले में आता है। यहां करीब 400 एकड़ में 200 औद्योगिक इकाईयां कार्यरत है। इंवेस्टर्स समिट के लिए चंदौली से 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव आया है।

## गाजीपुर में फूड प्रोसेसिंग उद्योग की अपार संभावनाएं : आर्यका अखौरी

गाजीपुर की डीएम आर्यका अखौरी ने कहा कि जिले में 2200 करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस जिले में फूड प्रोसेसिंग उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। पहले यह जिला अपराधियों और माफियाओं के चलते थर्राता था। लेकिन सीएम योगी ने माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर चलवा कर उनका समूल नाश कर दिया। अब यहां पर उद्योग लगाने के लिए उद्यमी रूचि दिखला रहे हैं।

## रामनगर में निष्प्रयोज्य 26 एकड़ जमीन पर बसाएं उद्योग : आरके चौधरी



मंडलीय निवेशक सम्मेलन में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए इंडिया इंडस्ट्री एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने कहा कि उद्योग लगाने में सबसे बड़ी बाधा भूमि की सीमित उपलब्धता है। जमीन की उपलब्धता न होने से वाराणसी मंडल में नये उद्योग नहीं लग पा रहे हैं। रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में गवर्नमेंट प्रेस की करीब 26 एकड़ भूमि खाली पड़ी है, जिसका उपयोग नई इकाइयों के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से निश्चित रूप से औद्योगिक विकास के अवसर बढ़े हैं और उद्यमियों में निवेश के लिए उत्साह है। देश में आर्थिक विकास की बात आती है तो यूपी का नाम सबसे पहले आता है। मुख्य अतिथि को सामने पाकर उन्होंने कहा कि 2014 से 2021 तक की प्रोत्साहन राशि को दिलाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि 1500-2000 करोड़ का राजस्व देने वाले रामनगर औद्योगिक क्षेत्र की तीन-चार किलोमीटर की सड़क का निर्माण न होने से उद्यमियों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। यदि यह सड़क बन जाए तो यकीन मानिए कम से कम 100 नयी यूनिट लग जाएगी। उन्होंने निवेश पोर्टल की जटिलताओं को दूर कर इसके सरलीकरण की मांग की।

## यूपी के उत्पाद को निर्यात के लिए मिले प्रोत्साहन : दीपक बजाज

निवेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए फूड प्रोसेसिंग कमेटी के चेयरमैन दीपक बजाज ने कहा कि उत्तर प्रदेश खाद्यान्न के मामले में काफी रिच है। गेहूं का उत्पादन 34 प्रतिशत कर यूपी देश में अव्वल है। यूपी बड़ा बाजार है, लेकिन यहां के उत्पाद को निर्यात के लिए प्रोत्साहन मिले तो तस्वीर बदल सकती है। जब तक हम अपने माल को विदेशों में नहीं बेचेंगे तो तब तक हमारी आर्थिक स्थिति नहीं सुधरेगी।

## भ्रष्टाचार पर सरकार का जीरो टॉलरेंस

कैबिनेट मंत्री नंदी ने कहा कि यूपी अब देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनने जा रहा है। यूपी के 75 जिलों में निवेशक सम्मेलन आयोजित किये गये या किये जा रहे हैं। लखनऊ में आयोजित इंवेस्टर्स समिट के लिए 10 लाख करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन सीएम योगी के नेतृत्व पर विश्वास का ही परिणाम है कि अब तक 21 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव आ चुका है। मुझे उम्मीद है कि बचे हुए दिन में यह आंकड़ा 25 लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि अच्छा काम करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। डर के जीने से अच्छा है आप सभी संघर्ष करें। इससे सुखद परिणाम सामने आएगा। उदाहरण दिया, एक उद्यमी ने मुझसे शिकायत की कि मेरी फैक्ट्री चल रही है और यूपीसीडा के जेई ने रिपोर्ट लगा दिया कि फैक्ट्री बंद है। मैंने जांच करवाई तो हकीकत सामने आई और मैंने तत्काल जेई को निलंबित कर दिया। विभागीय भ्रष्टाचार पर सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए उद्यमियों को भी आगे आकर शिकायत करनी चाहिए। उद्यमी निर्भय होकर काम करें और छोटी से छोटी बाधा पर भी मुखर हों।

## वाराणसी मंडल में 1.88 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव

मंडलीय निवेशक सम्मेलन में यह बात छनकर सामने आयी कि वाराणसी मंडल से 1.88 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव आया है। संयुक्त आयुक्त उद्योग उमेश कुमार सिंह बताया कि वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर व जौनपुर के 825 निवेशकों ने 1,52,310 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। जिससे पूर्वांचल में तकरीबन दो लाख लोगों के लिए रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे। निवेशक सम्मेलन में यूपीसीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, पीएनबी के सर्किट हेड राजेश कुमार सिंह, यूबीआई के एजीएम विनय शंकर सिंह, पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव, हार्टिकल्चर के डिप्टी डायरेक्टर जेके सिंह आदि ने संबोधित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, निवर्तमान महापौर मृदुला जायसवाल, जिलाधिकारी वाराणसी एस. राजलिंगम, यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष नाथ, अनुपम देवा, प्रेम मिश्रा, गोकुल शर्मा, दयाशंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

# रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर हजारों दीप मालाओं से जगमगाया रविदास पार्क

# सीर गोवर्धन में गुरु महिमा कीर्तन पर झूम रहे अनुयाई

**रविदास जयंती पर विशेष**





- संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धन मिनी पंजाब में हुई तब्दील
- जन्मस्थली के चार किलोमीटर दायरे में श्रद्धा और आस्था का दिख रहा सागर
- सीर गोवर्धन की सड़कों पर जात-पात का भेद मिटाकर निकले रैदासी

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव





**वाराणसी।** सीरगोवर्धन स्थित संत रविदास जन्मस्थली के लगभग चार किलोमीटर के दायरे में आस्था हिलोरे ले रही है, चारो तरफ गुरु महिमा के कीर्तन पर झूमते अनुयायी को देख इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि तीन दिनों तक सीर क्षेत्र मिनी पंजाब के रुप में तब्दील हो गया है। सीर क्षेत्र की सड़कों पर जातपात का भेदभाव मिटाकर एक साथ सड़कों पर निकले रैदासियों आस्था के समक्ष सभी नतमस्तक हैं। सीर स्थित गुरु के जन्म स्थली के चार किलोमीटर के दायरे में इस ओर से उस छोर तक श्रद्धा और आस्था का सागर सा लहरा रहा है। मन के हर भाव गुरु चरणों में धर दिया गया है, श्रद्धा भक्ति और आस्था के इस मेले में दोपहर होते होते इतनी भीड़ उमड़ पड़ी है कि सीर गोवर्धन की सड़कें अंड़स सी गई हैं। दूसरी ओर सेवा का पुण्य बटोरने का बेजोड़ भाव भी दिख रहा। पांच हजार से अधिक तो तय सेवादार लेकिन तमाम ऐसे भी हैं जो अघोषित रूप से सफाई, सुरक्षा, रसोई व लंगर की कमान संभाले हुए हैं। दिन भर भजन कीर्तन कर गुरु को भक्तों ने नमन किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में लंगर का दौर चला तो आस्थावानों को प्रसाद भी मंदिर परिसर में वितरित किया गया।

## जयंती एक दिन की, रोजगार सालभर का

सीर क्षेत्र में आयोजित जयंती समारोह में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के चलते इस क्षेत्र के लोगों को साल भर का रोजगार मिल जाता है। सप्ताह भर का यह उत्सव यहां के लोगों को मनमाना और मुंह मांगा किराया देता है। गांव के विकास चंगी ने बताया कि जिस कमरे का किराया दो से तीन हजार रुपये महीना होगा, जयंती पर एक दिन के चार-पांच हजार मिल जाते हैं। मंदिर के पास फोटोग्राफी की दुकान चलाने वाले अशोक बताते हैं कि जयंती के मद्देनजर इन दिनों में सैकड़ों परिवार अपना घर खाली रखते हैं क्योंकि हफ्ते भर में मोटी रकम मिल जाती है। जनरल मर्चेंट की दुकान चलाने वाले राजेश बताते हैं कि अब तो साल भर पंजाब, हरियाणा के साथ ही विदेश से भी भक्त आते रहते हैं। पहले मंदिर के आसपास दो-तीन दुकानें थी लेकिन अब दो दर्जन से ऊपर हो गई हैं। सामनेघाट के मिथिलेश तिवारी यहां कई साल से दर्जनों ट्रक जलावन लकड़ी की सप्लाई करते हैं। रमना, बनपुरवां और आसपास के लोग खेत से ही आलू, मटर, गोभी, गाजर की मंदिर को आपूर्ति करते हैं।

## दीपमाला से जगमगा उठा रविदास पार्क

समराचार पत्र विक्रेता समिति एवं जन उद्धार चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नगवां स्थित संत रविदास पार्क में भव्य दीपदान का आयोजन किया गया। हजारों दीपों की रोशनी से पूरा पार्क जगमगा उठा। समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पार्क में स्थापित संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मोमबत्ती व दीपक जलाकर दीपदान का आरंभ किया। इस दौरान सभी के मंगल कामना के लिए प्रार्थना की गई। इसके पश्चात देश-विदेश से आए हजारों भक्तों ने स्वयं अपने हाथों से दीपक व मोमबत्ती जलाकर पार्क के कोने-कोने को रोशन कर दिया। पार्क में भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने भजनों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के आयोजक सुरेन्द्र कुशवाहा समिति की ओर से यह 20वाँ वार्षिक उत्सव है, देश-विदेश से आये से भक्त संत के संदेश मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश दे रहें हैं। समता, प्रेम और भाई-चारा आदि वाणी पर दीपों को सजाकर उसमें बत्ती तेल एवं बत्ती दीपों में अपने हाथों से डाल रहे थे। कहा की यह दीपोत्सव जगत के कल्याण, संरक्षण एवं सुन्दरता को बल प्रदान करने वाला साबित होगा। इस दौरान रामप्रवेश मिश्रा, आनन्द कुशवाहा, गंगाराम, पूजा कुशवाहा, भरत मौर्या,परदेशी, पिंकी, संदीप जायसवाल, सौरभ वर्मा, कल्लू पटेल रहे।

## कहीं अटूट लंगर तो कहीं भजन

शनिवार को कहीं अटूट लंगर की पांत लगी रही तो कहीं भजनों की टोलियों के झांझ, मजीरे बजते रहे। लाल, नीली, पीली पगड़ी में पंजाब भी था और अपनी पारंपरिक वेशभूषा में राजस्थानी झलक भी। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश से लेकर कर्नाटक, महाराष्ट्र, जम्मू, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार की संस्कृतियों का मिलन शिविरों में एक साथ हो रहा था। सड़कों की पटरियों पर खिलौने भी सजाए गए और खेतों में झूले, चर्खियों पर बच्चों, युवाओं की मस्ती भी देखते बन रही थी। डेरा सच्चखंड बल्लां, जालंधर के गद्दीनशीन संत निरंजन दास ने पूरे मेला क्षेत्र का निरीक्षण करके तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान दोनों तरफ श्रद्धालु उनके दर्शन के लिए कतारबद्ध खड़े थे। संत की जन्मस्थली पर लघु भारत जैसा नजारा दिखा। यहां उत्तर से लेकर दक्षिण, पूरब, पश्चिम के साथ अमेरिका, जर्मनी, कनाडा, स्विट्जरलैंड, दुबई, आस्ट्रेलिया समेत कई देशों से एनआरआई श्रद्धालु आए हैं। अलग-अलग राज्यों के टेंट लगाए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं को ठहराया गया है। सुविधा और सुरक्षा के लिए सेवादारों की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच आदि के लिए भी शिविर लगाए गए हैं। सीर गोवर्धन स्थित संत रविदास की जन्मस्थली की निगहबानी ड्रोन कैमरे से हो रही है। पूरा मेलाक्षेत्र जय रविदास, जय गुरुदेव के जयकारे से गूंजता रहा।

## 24 घंटे नहीं बुझती चूल्हे की आग

गुरु के दर पर आने वाले लोगों के भोजन के लिए 24 घंटे चलने वाली रसोई को अब आधुनिक रुप में दिया गया है। पहले यहां आंटा गूथने और सब्जी काटने वाली मशीन श्रद्धालुओं के सहयोग से आई। 2016 में रोटी बनाने वाली मशीन आई तो 2019 में जयंती पर भक्तों ने गेहूं की पिसाई के लिए आधुनिक आटा चक्की लगाई जिससे प्रति दिन 100 क्विंटल गेंहू की पिसाई की जाती है। लकड़ी काटने के लिए मजदूर और सेवादार लगाने पड़ते थे जिसके लिए लकड़ी काटने वाली मशीन भी लग गयी। सबसे बड़ी समस्या इस रसोईयां में काम करने वाले पुरुष और महिला सेवादारों को धुएं से होती थी। जिसके लिए प्रबंधन ने तीन बड़ी चिमनी ईंट की पक्की जुड़ाई के लिए लगाया है और भट्ठी से निकलने वाले धुएं को गड्ढे के माध्यम से चिमनी से निकाल रहे है जिससे लोगों की आंख की समस्याएं हो जाती थी। पानी के लिए खुद की टंकी और बिजली के लिए 120 केवीए का बड़ा जेनरेटर लगाया गया है। हजारों लोगों के खाने के लिए बर्तन और रसोइयां के सभी बर्तन यहां उपलब्ध हैं।

फोटोः शंकर चतुर्वेदी

## हर टेंट में सुरक्षा के उपाय

सीरगोवर्धनपुर गांव में बने रिहायशी पंडालों की सुरक्षा का भी भरपूर ध्यान दिया गया है। हर टेंट में आग से सुरक्षा की दृष्टि से कनस्तर (टिन) में बालू भरकर रखे गए हैं। आग बुझाने के उपकरण व टेंट के पास फायर ब्रिगेड वाहनों का भी इंतजाम किया गया है। मोबाइल चार्ज करने के लिए कई स्थानों पर प्वाइंट बनाए गए हैं। हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु लंगर में सहयोग के साथ ही पंडालों में सुबह-शाम भजन- कीर्तन करने में तल्लीन हैं।

## दुकानों से पटा सीर क्षेत्र

सीरगोवर्धनपुर में माघ पूर्णिमा पर रविदास जयंती मनाने देश-विदेश से श्रद्धालु आ रहे हैं। एक सप्ताह तक चलने वाले इस मेले में श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में होती है, इस कारण मंदिर के आसपास दुकानें सजी हुई हैं, मेले में दुकान लगाने के लिए जगह की बुकिंग पहले से ही शुरू हो जाती है। कटरे में दुकानों और घरों में कमरों के पैसे मिलते ही हैं। दुकानों के साथ ही क्षेत्र में झूला चरखी सहित बच्चों के खिलौने वगैरह की दुकानें भी सज गयी हैं।

## दर्जनों प्रकार के फूलों से सजेगा सत्संग मंच

संत निरंजन दास के लिये बन रहे सत्संग मंच को दो दर्जन प्रकार के फूलों से सजाया जाएगा। जिसमें गुलाब, बेला, चमेली, गेंदा, कचनार सहित सुंगंधित फूलों से स्टेज सजाया जायेगा। स्टेज को सजाने संवारने के लिए पंजाब से ही सेवादार के रूप में लोग आये हैं। जो सुगंधित पुष्पों से सत्संग मंच को सजायेंगे, इसके साथ ही मंदिर व अन्य स्थानों की भी सजावट की जायेगी।

## स्पेशल ट्रेन पर 25 लाख का खर्च

जयंती पर हर साल बेगमपुरा से विशेष ट्रेन में गुरु संत निरंजन दास के साथ हजारों भक्त आते हैं। जयंती के बाद भक्तों को लेकर यही ट्रेन वापस जाती है। इसमें खाने-पीने की पूरी व्यवस्था मंदिर प्रबंधन करता है। तीन दिनों तक यार्ड में खड़ी रहने वाली इस ट्रेन पर लगभग 25 हजार का खर्चा आता है, गुरु चरणों में शीश नवाने की आस हर साल श्रद्धालुओं को इस स्थान तक खींच लाती है।